हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची • मंगलवार • 08.07.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 344 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

## एक नजर

### खदान हादसा : सीसीएल के चार अधिकारियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**रामगढ़ :** झारखंड के रामगढ़ जिले में खदान ढहने की घटना को लेकर सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के चार वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ पुलिस ने लापरवाही का मामला दर्ज किया है। यह कार्रवाई रामगढ़ के कुजू क्षेत्र में शनिवार तड़के एक बंद खदान के धंसने से हुई मौतों के सिलसिले में की गई है। रामगढ़ उपायुक्त फैज अहमद मुमताज ने बताया कि कुजू इलाके के महाप्रबंधक, परियोजना पदाधिकारी, करमा खदान के प्रबंधक और सुरक्षा अधिकारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। ये कार्रवाई मांडू के क्षेत्राधिकारी विमल कुमार सिंह की ओर से दी गई लिखित शिकायत के आधार पर हुई। बताया गया है कि महुआ टुंगरी क्षेत्र में अवैध खनन के दौरान एक बंद खदान का हिस्सा ढह गया था, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए थे। पुलिस ने कहा कि मामले की जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। सीसीएल की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से बदसलूकी में मनसे नेता के बेटे पर एफआईआर

**मुंबई :** महाराष्ट्र में चल रहे भाषा विवाद के बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) एक और विवाद में घिर गई है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक वीडियो में मनसे के राज्य उपाध्यक्ष जावेद शेख का बेटा राहिल शेख नशे की हालत में मराठी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और एक्ट्रेस राजश्री मोरे के साथ बदसलूकी करते हुए नजर आया। इस घटना को लेकर अंबोली पुलिस ने राहिल पर प्राथमिकी दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया है। वीडियो में राहिल अर्धनग्न अवस्था में कार में बैठा मराठी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से अभद्र भाषा में बात करते दिख रहा है। एक्ट्रेस राजश्री मोरे ने यह वीडियो खुद अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर साझा किया, जिसे बाद में शिवसेना नेता संजय निरुपम ने री-पोस्ट करते हुए मनसे पर तीखा हमला किया और कहा कि यह 'मराठी संस्कृति के स्वयंभू रक्षकों का असली चेहरा' है। भाषा विवाद से उपजा तनावइस विवाद की पृष्ठभूमि कुछ दिन पहले के उस वीडियो से जुड़ी है, जिसमें राजश्री मोरे ने कथित तौर पर कहा था, सिर पर बंदूक रखकर मराठी मत बुलवाओ... पहले मराठियों को मेहनत करना सिखाओ, फिर मराठी सिखाओ।

# डायन के शक में आदिवासी परिवार के पांच लोगों की जलाकर हत्या

## पुलिस ने तांत्रिक नकुल उरांव को हिरासत में लिया




एजेंसी

**पूर्णिया :** बिहार के पूर्णिया जिले में अंधविश्वास की बलिवेदी पर एक आदिवासी परिवार कुर्बान कर दिया गया। जिले के टेटमा गांव में रविवार की रात डायन होने के शक में एक आदिवासी परिवार के 5 लोगों की नृशंस हत्या कर दी गई। आरोप है कि हमलावरों ने हत्या के बाद शवों को जलाकर झाड़ियों में फेंक दिया ताकि कोई सुराग न बचे। घटना का खुलासा तब हुआ जब सोमवार सुबह परिवार का एकमात्र जीवित सदस्य, 16 वर्षीय किशोर सोनू कुमार, किसी तरह जान बचाकर बाहर निकला और स्थानीय पुलिस को फोन कर इसकी जानकारी दी। पुलिस तत्काल गांव पहुंची और घटनास्थल को कब्जे में लिया।

पीड़ित परिवार आदिवासी समुदाय से है, जो वर्षों से उसी गांव में रहता आया है। अब तक की पुलिस जांच के अनुसार, इस जघन्य हमले के पीछे गांव में फैले अंधविश्वास और हाल ही में एक बच्चे की मृत्यु को कारण बताया जा रहा है।

पूर्णिया के डीआईजी प्रमोद कुमार मंडल ने बताया कि प्रारंभिक जांच से स्पष्ट हुआ है कि यह हत्याकांड डायन के शक के कारण अंजाम दिया गया। टेटमा गांव में रहने वाले रामदेव उरांव के बच्चे की मौत तीन दिन पहले हो गई थी। इसके बाद गांव में यह अफवाह फैल गई कि मौत का कारण किसी ने जादू-टोना किया है, और शक की सुई सीधे पीड़ित परिवार की ओर घूम गई। इसी अंधविश्वास के चलते रविवार देर रात आरोपियों ने पूरे परिवार को निशाना बनाया।

पांचों को मारने के बाद उनके शवों को गांव से बाहर एक झाड़ी में ले जाकर जलाया गया। शव किस हद तक जल चुके हैं, यह फॉरेंसिक जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और बाकी की तलाश जारी है।

### बिहार में अपराधी सतर्क सीएम अचेत हैं : तेजस्वी

**पटना :** बिहार के पूर्णिया जिले के टेटगामा गांव में एक ही परिवार के पांच लोगों को डायन बताकर पीट-पीटकर जिंदा जलाने की घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। मृतकों में तीन महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं, जो सभी एक ही परिवार से थे। इस हृदयविदारक कांड के बाद राजनीतिक हलचल भी तेज हो गई है। घटना पर पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रशासन को कठघरे में खड़ा कर दिया है। तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा,'पूर्णिया में एक ही परिवार के 5 लोगों को जिंदा जलाकर मार दिया गया। डीके टैक्स के कारण बिहार में अराजकता चरम पर है। डीजीपी/सीएस बेबस हैं और कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है।' तेजस्वी ने आगे लिखा, 'परसों सीवान में 3 लोगों का नरसंहार हुआ, उससे पहले बक्सर और भोजपुर में भी इसी तरह की घटनाएं हुईं। अपराधी सतर्क हैं, और मुख्यमंत्री अचेत। भ्रष्ट भूंजा पार्टी मस्त है और पुलिस पस्त!' तेजस्वी यादव ने पहले भी कई बार 'डीके टैक्स' का जिक्र किया है, हालांकि उन्होंने साफ तौर पर यह नहीं बताया कि डीके से उनका संकेत किसकी ओर है। मगर माना जा रहा है कि उनका निशाना बिहार के प्रशासन की ओर है। उनके बयान में यह भी स्पष्ट था कि वह बिहार में अधिकारियों की जवाबदेही पर सवाल उठा रहे हैं। घटना की पृष्ठभूमि में यह बताया गया कि गांव के रामदेव उरांव के बेटे की तीन दिन पहले झाड़फूंक के दौरान मौत हो गई थी और दूसरे बेटे की तबीयत भी बिगड़ रही थी। गांववालों ने इसका दोष बाबूलाल उरांव के परिवार पर डायन होने के शक में मढ़ दिया।

## शिबू सोरेन की तबीयत पहले से बेहतर जेएमएम विधायकों से मिले सीएम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरायकेला-खरसावां, शचींद्र कुमार दाश-झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले के झामुमो नेताओं ने दिल्ली स्थित सर गंगाराम अस्पताल पहुंच कर पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायकों समेत नेताओं ने सीएम हेमन्त सोरेन से मुलाकात की और दिशोम गुरु के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सीएम हेमन्त सोरेन ने उन्हें बताया कि शिबू सोरेन की तबीयत अब पहले से काफी बेहतर है और वे धीरे-धीरे स्वस्थ हो रहे हैं।

खरसावां विधायक दशरथ गागराई, ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, सरायकेला जिला अध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो, समाजसेवी बासंती गागराई, झामुमो नेता गणेश माहली, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, स्नेहा महतो, राजू महतो सहित कई प्रमुख नेता दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मिले और गुरुजी के स्वास्थ्य की जानकारी ली।

### स्नाइपर सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई मुठभेड़ में मारे गये नक्सली की शिनाख्त

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के नेशनल पार्क एरिया में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच 4 जुलाई को हुई मुठभेड़ में एक नक्सली का शव बरामद हुआ था, जिसकी शिनाख्त नक्सलियों के स्नाइपर 8 लाख का इनामी बटालियन नंबर 1 की कंपनी नंबर 2 का डिप्टी कमांडर सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई है। सर्चिंग में मारे गये नक्सली के शव के साथ एक .303 रायफल तथा पांच जीवित राउंड, एके-47 का मैग्जीन व 59 जीवित राउंड, एक जोड़ी नक्सली वर्दी, कोडेक्स वायर, सेफ्टी फ्यूज, डेटोनेटर, नक्सली पिट्ठू, नक्सली साहित्य, रेडियो व अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री बरामद हुआ है। बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने सोमवार को बताया कि, जिले के नेशनल पार्क क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। जिस पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी दंतेवाड़ा, एसटीएफ, कोबरा 202, कोबरा 210 और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम को 4 जुलाई से सर्च ऑपरेशन पर भेजा गया था। ऑपरेशन के दौरान सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ होती रही। मृत नक्सली की पहचान 8 लाख का इनामी सोढ़ी कन्ना के रूप में हुई है, जो पीएलजीए बटालियन नंबर 1 की कंपनी नंबर 2 का डिप्टी कमांडर के रूप में टेकलगुड़ियम क्षेत्र में सक्रिय था।

## सारंडा के जंगलों से बरामद हुए 16 आईईडी माओवादियों की बड़ी साजिश नाकाम



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिम सिंहभूम :** जिले के सारंडा क्षेत्र में नक्सल विरोधी अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने सोमवार को माओवादियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) की विध्वंसक गतिविधियों की खुफिया सूचना के आधार पर चाईबासा पुलिस, सरायकेला-खरसावां पुलिस, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ (60वीं बटालियन) की संयुक्त टीम ने टोकलो थाना क्षेत्र के कोटसोना और लांजी के जंगली पहाड़ी इलाकों में सघन तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान सुरक्षा बलों ने 16 शक्तिशाली आईईडी बम बरामद किए, जिन्हें बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही निष्क्रिय कर दिया।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को छह जुलाई को खुफिया इनपुट मिला था कि माओवादी संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा सहित कई अन्य दस्ता के सदस्य सारंडा और कोल्हान क्षेत्र में सक्रिय हैं और सुरक्षा बलों को निशाना बनाने की तैयारी कर रहे हैं। इस सूचना के बाद टोकलो थाना और दलभंगा ओपी के सीमावर्ती जंगलों में संयुक्त सर्च ऑपरेशन चलाया गया।

अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को पहाड़ी इलाके में दो-दो किलोग्राम वजन के कुल 16 आईईडी बम छिपाए हुए मिले। माओवादियों ने इन विस्फोटकों को सुरक्षा बलों की आवाजाही को बाधित करने और उन्हें नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से लगाया था। बम निरोधक दस्ते की त्वरित कार्रवाई से सभी बमों को मौके पर ही सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया। पश्चिमी सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक ने कहा कि माओवादी गतिविधियों को रोकने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी परिस्थिति में क्षेत्र की शांति भंग नहीं होने दी जाएगी।

## मुहर्रम पर्व पर हुए विवाद को लेकर धारा 144 लागू, सांसद और विधायक को जाने से रोका



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** बेलतू गांव में चल रहे झंडा विवाद को लेकर सोमवार को उस समय नया मोड़ आ गया जब हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव के विधायक रोशन लाल चौधरी को सीकरी थाना पुलिस ने बेलतू गांव जाने से पहले ही रोक लिया। उन्हें थाने में डिटेन कर नजरबंद कर दिया। प्रशासन ने इसके पीछे धारा 144 का हवाला देते हुए क्षेत्र में प्रवेश पर रोक लगाई है। जानकारी के अनुसार, बेलतू गांव में दो समुदायों के बीच धार्मिक झंडा लगाने को लेकर तनाव की स्थिति बनी हुई है। बीते कुछ दिनों से विवाद गहराता जा रहा है, जिसे सुलझाने के लिए प्रशासन सक्रिय है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल सका है। जनप्रतिनिधियों को रोके जाने को लेकर स्थानीय लोगों में हैरानी है। सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल चौधरी दोनों ही संबंधित क्षेत्र के निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। इसके बावजूद उन्हें बेलतू गांव में जाने की अनुमति नहीं दी गई।

सांसद मनीष जायसवाल ने प्रशासनिक कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए कहा, कि हम क्षेत्र में शांति स्थापित करने के उद्देश्य से जा रहे थे। हमारा प्रयास था कि हम लोगों से संवाद स्थापित कर समाधान निकालें, लेकिन प्रशासन ने हमें रोककर लोकतांत्रिक मूल्यों को ठेस पहुंचाई है। जानकारी के अनुसार, हजारीबाग के केरेडारी थाना क्षेत्र के बेलतु गांव में एक पक्ष के लोगों ने हंगामा किया। पुराना पंचायत भवन के सामने धार्मिक जुलूस को रोक दिया। जुलूस शाम पांच बजे रानी तालाब कर्बला के लिए निकला था, जहां मेले का आयोजन होता है। लेकिन जुलूस बेलतु गांव में रुका हुआ है।

इसे लेकर बताया गया कि एक दिन पहले बेलतु बाजारटांड़ में झंडा लगाने को लेकर विवाद हुआ था। अब एक पक्ष का कहना है कि जब तक झंडा नहीं हटेगा, तब तक जुलूस को नहीं जाने दिया जायेगा।

### जुलूस के दौरान बड़ा हादसा, 15 लोग घायल

**हजारीबाग :** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तुरांव-पौता गांव में रविवार देर रात मुहर्रम जुलूस के दौरान बड़ा हादसा हो गया। इसमें करतब दिखाने के दौरान आग की चपेट में आकर 15 लोग झुलस गए। इनमें छह की हालत गंभीर बताई जा रही है। घायलों में महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। पुलिस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मुहर्रम जुलूस के दौरान आग का प्रदर्शन किया जा रहा था। इसी बीच डीजल डालते ही अचानक आग भड़क उठीं और वहां मौजूद कई लोग इसकी चपेट में आ गए। घटना इतनी अचानक हुई कि कोई कुछ समझ पाता, उससे पहले स्थिति अनियंत्रित हो गई।

## प्रधानमंत्री मोदी का ब्रिक्स में सख्त संदेश- 'आतंकवाद पर नीति नहीं, नैतिकता चाहिए'

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ब्रिक्स सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक शांति और सुरक्षा पर एक स्पष्ट और प्रभावशाली वक्तव्य देते हुए आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक रुख अपनाने की अपील की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि शांति और सुरक्षा केवल एक आदर्श नहीं, बल्कि साझा हितों और वैश्विक भविष्य की नींव है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जोर देकर कहा कि एक शांतिपूर्ण और सुरक्षित वातावरण में ही मानवता का सर्वांगीण विकास संभव है, और इस दिशा में ब्रिक्स देशों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी सदस्य देशों से साझा चुनौतियों से निपटने के लिए सामूहिक और एकजुट प्रयास करने का आह्वान किया। पीएम मोदी ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि 22 अप्रैल को हुआ हमला भारत की आत्मा और गरिमा पर सीधा प्रहार था। उन्होंने इसे केवल भारत नहीं, बल्कि पूरी मानवता पर आघात बताया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, न कि सुविधा। अगर हम यह देखेंगे कि हमला किस देश में हुआ, तो यह मानवता के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आतंकवादियों पर प्रतिबंध लगाने में कोई संकोच नहीं होना चाहिए और राजनीतिक या निजी स्वार्थ के लिए आतंकवाद पर चुप्पी कतई स्वीकार्य नहीं है।

प्रधानमंत्री ने गाजा में बिगड़ती मानवीय स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भारत का विश्वास है कि चाहे परिस्थितियां कितनी भी कठिन हों, शांति का मार्ग ही मानवता के लिए एकमात्र विकल्प है। उन्होंने भारत की गांधी और बुद्ध की परंपरा का हवाला देते हुए स्पष्ट किया कि युद्ध और हिंसा के लिए भारत में कोई स्थान नहीं है।




### ब्रिक्स देशों पर 10 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की ट्रंप की चेतावनी

**वाशिंगटन :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन देशों के लिए अतिरिक्त टैरिफ लगाने की चेतावनी दी है जो ब्रिक्स की किसी भी ऐसी नीति का समर्थन करते हैं जो अमेरिका विरोधी है। बकौल ट्रंप, ऐसे देशों पर 10 प्रतिशत का अतिरिक्त टैरिफ लगाया जाएगा। ट्रंप का यह बयान ब्रिक्स 2025 शिखर सम्मेलन में ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों की निंदा करने के बाद आया है। ब्रिक्स देशों की यह समिट ब्राजील में हुई, जिसमें भारत की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिस्सा लिया। भारत के अलावा ब्रिक्स में ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान, रूस, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं।

## सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर मनीष कश्यप जन सुराज पार्टी में हुए शामिल

एजेंसी

**पटना :** सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक अपनी मुखरता के लिए पहचान बना चुके चर्चित यूट्यूबर और पूर्व भाजपा नेता मनीष कश्यप ने अब प्रशांत किशोर की अगुवाई वाली जन सुराज पार्टी का दामन थाम लिया है। सोमवार को पटना के शेखपुरा हाउस में प्रशांत किशोर ने मनीष कश्यप को पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान मनीष कश्यप काफी भावुक नजर आए और कहा, मेरे पास शब्द नहीं है, कुछ नहीं बोल पा रहा हूं।

इस मौके पर प्रशांत किशोर ने मनीष कश्यप का स्वागत करते हुए कहा, मनीष बिहार का वो लड़का है, जो इसे बदलना चाहता है ताकि आने वाली पीढ़ियों को 'बिहारी' कहलाना अपमान न लगे। प्रशांत किशोर ने मंच से कहा कि मनीष किसी बड़े उद्योगपति का बेटा नहीं है, बल्कि उसने संघर्ष और मेहनत से अपनी पहचान बनाई है। उन्होंने जन सुराज में मनीष की भूमिका को अहम बताते हुए कहा कि वह बदलाव की आवाज हैं।



इस दौरान मनीष कश्यप ने भी अपने तीखे तेवरों के साथ जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा, हम भाजपा में 13 महीने थे, लेकिन बिहार की सच्चाई किसी से छिपी नहीं है। यहां लूट मची है। बिहार को सुरक्षित करने के लिए जन सुराज की सरकार बनाना जरूरी है। मनीष ने आगे कहा, 2025 का विधानसभा चुनाव बिहार के भाग्य का चुनाव है। प्रशांत किशोर को मौका दीजिए हम पूरे विश्वास से कह सकते हैं कि आने वाले 5 साल बिहार के युवाओं, किसानों और आम लोगों के होंगे।

एक नजर

## बोलेरो और ऑटो की टक्कर में ऑटो चालक की मौत



**ईटखोरी** : थाना क्षेत्र अन्तर्गत भद्रकाली कॉलेज के समीप सोमवार 2 बजे एक बोलेरो व ऑटो में हुई भीषण टक्कर जिसके बाद ऑटो में बैठे गंभीर रूप से घायल हो गए, ऑटो में दो लोग सवार थे । एक चालक और एक महिला जो धनखेरी निवासी हैं और दूसरा अम्बिया देवी नेरी करमा निवासी दोनों बुरी तरह से घायल हो गए उन्हे बोलेरो में सवार लोग घायल हुए हैं। दोनों का गाड़ी छतीग्रस्त हो गया, दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से ईटखोरी सामुदायिक अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सा प्रभारी सुमित कुमार जायसवाल के नेतृत्व में ईलाज कर बेहतर ईलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया है। जिसके बाद रास्ते में ऑटो चालक मारूफ खान ने दम तोड़ दिया।

## जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन बधाई के पात्र : निसार खान

**हजारीबाग** : जिला 15 सुत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्य व सर्वधर्म मानवता मंच के संस्थापक-सह-केन्द्रीय अध्यक्ष निसार खान ने जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अथक प्रयास से हजारीबाग शहर तथा छड़वा में त्याग और बलिदान का त्यौहार मुहर्रम आपसी एकता, शांति, साम्प्रदायिक सौहार्द व हर्षोल्लास के वातावरण में संपन्न कराए जाने पर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की सराहना करते हुए उनहे बधाई के पात्र बताया है। खान ने एक बयान जारी कर त्याग व बलिदान का त्यौहार मुहर्रम के सफल आयोजन पर अपना-अपना महत्वपूर्ण योगदान देने वालों में जिला शांति समिति के सदस्यगण सेन्ट्रल मुहर्रम कमिटी व छड़वा मुहर्रम कमिटी के पदाधिकारीगण तथा समाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं के प्रति भी हृदय से आभार व्यक्त किया है।

## टीपी 5 घाटी में कंटेनर पलटा वाहन क्षतिग्रस्त

**बड़कागांव** : हजारीबाग जाने मार्ग स्थित टीपी 5 घाटी के पास सोमवार कि अहले सुबह 2:00 बजे हजारीबाग की ओर से सामान लेकर बड़कागांव आ रहा कंटेनर पलट गया और वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वाहन चालक बाल बाल बच गया। पुलिस ने बताया कि कंटेनर में एनटीपीसी का सामान था बड़का गांव आ रहा था।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संगठन सचिव बने अब्दुल कुदुस



**कोडरमा** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पांडेय जो हम पर आशा और विश्वास जताते हुए दोबारा मुझे कोडरमा जिला संगठन सचिव बनाया गया। इसके लिए मैं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी और झारखंड मुक्ति मोर्चा के महासचिव विनोद कुमार पांडेय और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी नेताओं का तहे दिल से शुक्रिया अदा करता हूं मैं यह आशा और विश्वास दिलाता हूं कि पार्टी को आगे बढ़ाने के लिए हमेशा तत्पर खड़ा रहूंगा।

# सांसद और विधायक को पुलिस ने बेलतू जाने से रोका, थाने में नजरबंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग** :हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोशन लाल चौधरी को केरेडारी के बेलतू जाने के क्रम में सीकरी थाना की पुलिस व स्थानीय प्रशासन ने रोक लिया और उन्हें अपने थाने में डिटेल कर नजर बंद कर दिया है। पुलिस प्रशासन ने कहा की धारा 144 लागू है इसलिए आप बेलतू नहीं जा सकते। यह मामला बेलतू में दो समुदाय के बीच झंडा विवाद का है। इसके निपटारे में प्रशासन लगातार जुटी हुई है लेकिन अब तक सफल नहीं हुई है। आश्चर्य बात की है की धारा 144 में जनप्रतिनिधि पर भी स्थल पर जाने में रोक लगा दिया गया है। जबकि सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि हम भी इस मामले का निष्पादन चाहते हैं स्थल पर विवाद का निष्पादन हो इसलिए हम जाना चाह रहे थे। पिछले दो दिनों से इस मामले को लेकर ग्रामीणों में तनाव का माहौल है। बेलतू गांव , केरेडारी थाना क्षेत्र में है और यह इलाका हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र और बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में है। जिसके सांसद मनीष जायसवाल और विधायक रोशन लाल चौधरी हैं। इस हैसियत से दोनों वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधि हैं। ऐसे में उन्हें पुलिस के द्वारा डिटेन कर लिया जाना और नजर बंद किया जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बन गया है। सांसद मनीष जायसवाल ने प्रशासन से अपील करते हुए आग्रह किया कि हजारीबाग जिला प्रशासन यार सुनिश्चित करें कि बदले की भावना से कोई भी कार्यवाही ना हो, किसी की दुकान और मकान को ना तोड़ा जाए, जो झंडा हाल में वहां लगाया गया है उसे तत्काल हटाया जाय और शांतिप्रिया ढंग से इस मामले का निपटारा करें ताकि क्षेत्र में विधि-व्यवस्था कायम रह सके। सांसद मनीष जायसवाल के साथ विशेषरूप से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि सत्येंद्र नारायण सिंह, बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र की सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू, हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी, बड़कागांव विधायक के पीए अनूप सिंह भी साथ हैं।

## हाथियों के झुंड का कहर जारी, पंडरिया-कांडतरी में किसानों की फसलें बर्बाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : हाथियों की झुंड विगत कई दिनों से बड़कागांव प्रखंड में डेरा जमाए हुए है। इस दौरान हाथी खेतों में लगी मक्के की फसल को विशेष रूप से निशाना बना रहे हैं। जिसमें रविवार की रात को पंडरिया एवं कांडतरी गांव में किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है, तकरीबन 25 किसानों के फसल को खा गया व नष्ट कर दिया। इसके अलावा खेतों में तैयार हो रहे धान की बीचड़ा को बर्बाद कर दिया। जिसमें पंडरिया गांव के किसान बालेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, कारीनाथ महतो, अजय महतो, बालो महतो, महेन्द्र महतो, तालों महतो, अशोक महतो, फुलेश्वर महतो, प्रदीप ठाकुर, बिनोद महतो, राजेंद्र महतो, मिथलेश महतो, विकास महतो, टहलू महतो, भवानी महतो, के अलावा कांडतरी गांव में विनोद महतो, सिद्धेश्वर महतो, प्रकाश महतो लोचन महतो, गौतम कुमार व अन्य का फसल को बर्बाद एवं नंदकिशोर महतो के चिमनी भट्टा में स्टोर रूम, कार्तिक महतो के घर का दरवाजा को हाथियों ने तोड़ दिया। वही मितर महतो के सौर्य प्लेट को क्षतिग्रस्त कर दिया। पिछले 5 दिनों से बुढ़वा महादेव मंदिर के आधा किलोमीटर सीमाना के अंदर हाथियों का झुंड विचरण कर रहा है। 11 जून से सावन पड़ रहा है पूजा अर्चना जलाअभिषेक के लिए काफी भीड़ उमड़ेगी, जिसे लेकर श्रद्धालु काफी भयभीत एवं चिंतित हैं। वन विभाग से हाथियों को बाहर खदेड़ने की मांग की है हाथियों ने ग्रामीणों को भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसमें अब तक 58 मकान को क्षतिग्रस्त कर दिया एवं 268 किसानों के खेतों में लगी फसलों को पूर्ण रूप से बर्बाद कर दिया है। जंगलों के समीप रहने वाले गांव के ग्रामीण काफी भयभीत एवं दहशत में है।

## चौपारण में अवैध शराब का भंडाफोड़, बासु कोल्डड्रिंक से भारी मात्रा में शराब जब्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चौपारण** : चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश की कार्रवाई से तस्कारों के बीच हड़कंप मच गया है। चुस्त दुरुस्त और सक्रिय थाना प्रभारी चौपारण को लगातार अपराध मुक्त करने में लगे है। चतरा रोड स्थित अंग्रेजी शराब दुकान के बगल में संचालित बासु कोल्डड्रिंक नामक दुकान से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिलते ही बरही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में अंचलाधिकारी संजय कुमार यादव एवं थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के साथ एक विशेष टीम का गठन कर छापेमारी की गई। तलाशी के दौरान दुकान के एक बंद कमरे से 18 पेटी बियर किंग फिसर कंपनी 650 एमएल का प्रत्येक पेटी में 12 पीस, कुल-216 पीस एवं स्टर्लिंग रिजर्व बी-7 कंपनी का अंग्रेजी शराब 750 एमएल 7 पीस एवं 375 एमएल-15 पीस कुल 22 पीस, रॉयल स्टैग कंपनी का अंग्रेजी शराब 750 एमएल 03 पीस एव 375 एमएल 18 पीस कुल 21 पीस बरामद किया गया। पुलिस ने सभी अवैध शराब को मौके पर जब्त करते हुए चौपारण थाना कांड संख्या 199/25 को भारतीय दंड संहिता की धारा 272, 274, 275, 292, 317(5) तथा उत्पाद अधिनियम की धारा 47(ए) के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने मामले में संलिप्त शराब तस्करों की गिरफ्तारी हेतु छापामारी तेज कर दी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के अलावा रौशन कुमार बर्णवाल, दिव्य प्रकाश, सुबिन्द्र राम, बादल कुमार महतो, हवलदार इसाक अंसारी, आरक्षी विजय कुमार सिंह समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बच्चई पंचायत में 250 किसानों को मुफ्त उरद और मक्का बीज का किया गया वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण** : प्रखंड के बच्चई पंचायत भवन, ग्राम डुमरी में सोमवार को कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण आत्मा हजारीबाग के तत्वावधान में किसानों के बीच उरद और मक्का बीज का निःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में आईसीएआर के डॉ. कृष्णा प्रकाश, चौपारण सीएसी एफपीओ के निदेशक दीपक कुमार, सीईओ कैलाश साव की उपस्थिति रही। कार्यक्रम मुखिया बिरेन्द्र रजक तथा पंचायत समिति सदस्य सहदेव यादव के प्रयास से आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुल 250 किसानों को पारदर्शिता के साथ बीज वितरण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुखिया बिरेन्द्र रजक ने कहा कि हमारी पंचायत में पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य किया जा रहा है। पहले यह लाभ कुछ गिने-चुने लोगों तक ही सीमित था। लेकिन अब हर जरूरतमंद किसान तक इसका लाभ पहुँचाया जा रहा है। यह कार्यक्रम किसानों के हित में योजना के सफल कार्यान्वयन का एक उदाहरण है, जिससे क्षेत्र के कृषकों को सीधा लाभ मिल रहा है। कार्यक्रम में उपमुखिया संजय साव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गणेश भूइंया, अंगत यादव, किसुन साव, समाजसेवी नकुलदेव रजक, जगरनाथ साव, कृष्णा साव, भोला साव, गंगा यादव, किसान मित्र मिन्हाज मेहंदी, संतोष पाण्डेय, टिंकू कुमार, मनोज यादव, जीतेन्द्र रजक, लिलो साव, तोसीफ अंसारी, तसलीम अंसारी, जेएसपीएल से तृषा रानी, नीलम देवी, अंजू देवी, बबिता देवी, मीणा देवी समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## उपायुक्त ने सलगांवां पैक्स धान अधिप्राप्ति केंद्र का किया निरीक्षण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कटकमदाग** : उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने सोमवार को कटकमदाग प्रखंड अंतर्गत सलगांवां पैक्स धान अधिप्राप्ति केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र पर धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया, भंडारण, रिकॉर्ड संधारण समेत सभी पहलुओं की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के क्रम में कुछ त्रुटियाँ पाए जाने पर उपायुक्त ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी त्रुटियों को अविलंब सुधार किए जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि किसानों की सुविधा सर्वोपरि है और किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि धान अधिप्राप्ति कार्य तथा केंद्र पर जरूरी सुविधाएं जैसे वजन मशीन, माप-तौल व्यवस्था आदि की उपलब्धता रहे तथा किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुधीर कुमार सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# एनजीटी की रोक के बावजूद बालू माफियाओं का आतंक, हादसे में चालक घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड यूं तो इन दिनों काफी चचाओं पर है, क्योंकि बालू माफियां एनजीटी नियम का धज्जियां उड़ा रहें हैं। दो दिन पूर्व अवैध बालू मनी लांड्रिंग के मामले में बड़कागांव में ईडी का भी दबिश पड़ा। फिर भी बालू माफियां नहीं बाज आ रहें हैं। रविवार सुबह लगभग 3:00 बजे ब्लैकबेरी रेस्टोरेंट एवं भारत पेट्रोलियम पंप के समीप एक हाईवा( 027 6528 )बालू लदा आम के पेड़ से टक्कराकर पलट जाने से लगभग 4 घंटे तक ड्राइवर( नीतीश कुमार )अपनी स्ट्रिंग सीट पर ही फंसा रहा, कड़ी मशक्कत के बाद ड्राइवर को किसी तरह निकाल गया, ड्राइवर का एक पैर टूट गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हाईवा पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के भाई का है। पर्यावरण को देखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा 10 जून से लेकर 15 अक्टूबर तक सभी नदियों से बालू उठाव पर पाबंदी लगाई है तथा बड़कागांव प्रखंड में कोई भी बालू घाट नदी का टेंडर नही हुआ है। फिर भी बड़कागांव के नदियों से बालू उठाव जारी है। जिस पर स्थानीय पुलिस, अंचलाधिकारी, खनन विभाग के द्वारा किसी तरह का कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां तक की स्थानीय राजनीतिक पार्टी भी मौन है। बड़कागांव में एनडीए तथा यूपीए गठबंधन पार्टी का दबदबा है लेकिन भाजपा, कांग्रेस, आजसू, तथा झामुमो पार्टी का अवैध बालू पर चुप रहने पर स्थानीय लोगों का कहना है कि सभी पार्टी का अपना-अपना हिस्सेदारी सेट है। इसलिए किसी भी पार्टी का जनप्रतिनिधि चुने, उससे कोई फायदा नहीं है। क्योंकि समय बदला, जनप्रतिनिधि बदला, लेकिन अवैध बालू का खेल नहीं बदला। बालू के खेल में एक ही चलान से रातभर में तीन ट्रीप बालू धुलाई करते हैं जिससे सरकार को राजस्व का नुकसान हो रहा है। ऐसा नहीं है कि ये सब के खेल के बारे में स्थानीय पुलिस, अंचलाधिकारी व खनन विभाग को जानकारी नहीं है, लेकिन सभी विभाग के चुप रहने से क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है आखिर तीन-तीन विभाग एक ही साथ अवैध बालू के खिलाफ मौन रहना, बहुत सा सवालीय निशान उठ रहा है। खासकर के हजारीबाग डीएमओ पर सवाल उठ रहे हैं वहीं एक ग्रामीण ने नाम नहीं छापने पर कहा कि बड़कागांव प्रखंड में एक भी बालू घाट नदी का टेंडर नहीं हुआ है फिर भी स्थानीय स्टॉक यार्ड को किस बालू घाट नदी से बालू उठाव को लेकर चलान दिया जा रहा हैं। अगर जिस बालू घाट का चलान दिया जा रहा है,क्या वहां से बालू उठाव हो रहा है।

संक्षिप्त खबरें

## सेवई विद्यालय में रसोई सह भंडार गृह का मुखिया ने किया उद्घाटन



**चौपारण** : प्रखंड अंतर्गत बच्छई पंचायत के सेवई गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में नवनिर्मित रसोई सह भंडार गृह का उद्घाटन सोमवार को समारोहपूर्वक किया गया। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया बिरेन्द्र रजक, पंचायत समिति सदस्य सहदेव यादव, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गणेश भुइंया, सीताराम रविदास, कामेश्वर भुइंया, परमानंद पांडेय तथा विद्यालय परिवार के शिक्षक संतोष पांडेय और हेमलता कुमारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों और अभिभावकों की उपस्थिति में विद्यालय में चल रही शैक्षणिक व्यवस्था की भी समीक्षा की गई। मुखिया बिरेन्द्र रजक ने विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन का निरीक्षण करते हुए भोजन की गुणवत्ता, सफाई व्यवस्था एवं बच्चों को दिए जा रहे भोजन की मात्रा का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के लिए मध्यान्ह भोजन महत्वपूर्ण है, और यह संतोषजनक स्थिति में चल रही है, यह देखकर प्रसन्नता हुई। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि रसोई और भंडारण कक्ष के निर्माण से अब भोजन तैयार करने में सुविधा होगी और अनाज-सामग्री को सुरक्षित व स्वच्छ तरीके से रखा जा सकेगा। यह बच्चों के स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के शिक्षक संतोष पांडेय ने अतिथियों और उपस्थित ग्रामवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। ग्रामीणों ने विद्यालय के विकास कार्यों की सराहना करते हुए आगे और सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की।

## लोकहित अधिकार पार्टी के सैकड़ों समर्थक राजद में होंगे शामिल : कुंज बिहारी साव



**बड़कागांव** : लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड के पूर्व प्रधान महासचिव कुंज बिहारी साव ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू के नेतृत्व में हम हजारों लोग राजद में शामिल होंगे। राष्ट्रीय जनता दल झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष सह विधायक संजय सिंह यादव, झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सह विधायक संजय प्रसाद यादव और राजद बिहार के प्रधान महासचिव सह विधायक रणविजय साहू जी की उपस्थिति में शामिल होकर राजद की सदस्यता ग्रहण करेंगे। साव ने बताया कि झारखंड के सभी जिला से हमारे समर्थक राजद में शामिल होने के लिए राजद प्रदेश कार्यालय रांची आयेंगे। जिनका नेतृत्व अलग-अलग जिला के स्थानीय नेतागण करेंगे।

## बड़कागांव के वरिष्ठ नागरिक भूलन साव नहीं रहे, हार्ट अटैक से हुआ निधन



**बड़कागांव** : बड़कागांव मुख्य चौक काली मंदिर निवासी प्रखंड में चर्चित 75 वर्षीय भूलन साव नहीं रहे। उनके निधन से प्रबुद्ध जनों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया है। लोगों ने कहा की कितना भी कठिन परिस्थिति हो, भूलन साव हमेशा लोगों को हंसाने का काम करते थे । उनके निधन से बड़कागांव को काफी नुकसान हुआ है। पुत्र राजेश गुप्ता ने बताया कि हार्ट अटैक आया था इलाज के लिए ले जाने के दौरान रास्ते में निधन हो गया । मुखाग्नि बड़े पुत्र सरोज गुप्ता ने दिया। शोक व्यक्त करने वालों में केनरा बैंक प्रबंधक शशि कुमार बागे, श्मशान घाट सेवा समिति अध्यक्ष दिनेश सिन्हा, पंसस रितेश ठाकुर, सरोज सोनी, विष्णु रजक, रवि सिन्हा, मनोज गुप्ता, पप्पू गुप्ता, संजय खंडेलवाल, बिट्टू कुमार, प्रवीण कुमार ,दिलीप महतो, दामोदर मेहता ,सुरेंद्र दांगी , सुभाष सिंह, भुनेश्वर राणा, के अलावा अन्य कई प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

## दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर का तीसरा प्राणप्रतिष्ठा वर्षगांठ धूमधाम से संपन्न

**हजारीबाग** : दक्षिणेश्वरी महाकाली दस महाविद्या शक्तिपीठ (दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर ) के प्राणप्रतिष्ठा का तीसरा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अहले सुबह से ही वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा पाठ को लेकर श्रद्धालुओं का आवागमन जारी रहा जो संध्या आरती के उपरांत महाभोग वितरण तक जारी रहा। बताते चलें की दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर के तृतीय वर्षगांठ पर सुबह 9:00 बजे से पूजा अर्चना, 3:00 बजे से दीपदान , 4:00 से महिला समूह के द्वारा कीर्तन संध्या , 6:00 बजे श्मशान काली मंदिर पुजारी बिट्टू बाबा एवं काली मंदिर पुजारी शिवम पंडित के द्वारा महाआरती के उपरांत महाप्रसाद वितरण एवं रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि वर्ष 2022 में 6 जुलाई को काली मंदिर में मां काली की प्रतिमा के साथ साथ शिव परिवार, राम दरबार, दस महाविद्या, पंच मुखी हनुमान, बटुक भैरव, भगवान भास्कर, दुर्गा माता, नवग्रह समेत अन्य देवी देवताओं का मूर्ति स्थापित कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था। आयोजन को लेकर दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉ प्रभात कुमार प्रधान ने कहा दक्षिणी शिवपुरी काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर शिवपुरी सहित हजारीबाग के श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया मां काली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के तीसरे वर्षगांठ पर मुहल्ले के लोगों ने एक परिवार रूप में एकत्र होकर धूमधाम से वर्षगांठ मनाया। मौके पर डॉ प्रो प्रदीप कुमार प्रधान, मोहर दास, शंकर प्रसाद अम्बाष्टा। समाजसेवी प्रशांत कुमार प्रधान, दिवाकर कुमार , समाजसेवी निशांत कुमार प्रधान, सुधा प्रधान, सोनम प्रिया, मिताली रश्मि, लक्ष्मी देवी सहित शिवपुरी मुहल्ले के साथ साथ शहर के दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## पिपराडीह निवासी दिनेश प्रजापति लापता पत्नी ने थाने में दी शिकायत

**बड़कागांव** : बड़कागांव थाना क्षेत्र के पिपराडीह गांव निवासी संगीता देवी पति दिनेश प्रजापति ने बड़कागांव थाना में आवेदन देकर पति का गुम होने की शिकायत की है। दिए गए आवेदन में संगीता देवी ने कहा है कि 6 जुलाई 2025 को लगभग सुबह 6:00 बजे मेरे पति घर से बेलाबाध हरली खेत में धान देखने के नाम से निकले। इस दौरान मेरा भाई दीपक प्रजापति से 7:51 बजे सुबह में बात हुई। बात के दौरान उन्होंने विश्रामपुर स्थित शनिचर बाजार में होने की बात कही थी। लेकिन शाम तक वह घर नहीं लौटने के बाद जब उनके नंबर 7739 6922001 में संपर्क करने का प्रयास किए जाने लगा तो नंबर बंद पाया गया। सभी परिवार खोजबीन के लिए निकल गए। काफी खोजबीन करने पर कहीं कोई आता पता नहीं चल पाया। आवेदन में संगीता देवी ने पति को खोजबीन करने में मदद करने के अपील की है। उक्त मामले में दिनेश प्रजापति से कुमहरडीहा गांव का एक व्यक्ति द्वारा ऋण दिलाने के नाम पर एक लाख से अधिक पैसा लेने की बात सामने आ रही है जिन्हें बार-बार मांगे जाने पर दाल मेटल की जा रही थी।

# झारखंड में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, कृषि को भारी नुकसान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में भारी बारिश से 13 जिलों में लोग बेहाल हैं। इससे आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे खराब स्थिति राजधानी रांची की है, जहां भारी बारिश से निचले इलाकों में पानी जमा होने से यातायात सहित आम लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। कई लोगों के घर में पानी घुस गया है। इससे उनको रात काटना मुश्किल हो गया है। रांची के नदी - नाले और डैम सहित सभी जल स्त्रोत लबालब भरे हुए हैं। इसके अलावा राज्य में कई जगह पुल-पुलिया और डायवर्सन बह गए हैं। भारी बारिश के चलते कृषि कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं। खेतों में पानी जमा होने से किसान बिचड़े नहीं लगा पा रहे हैं और खेतों की जुताई भी नहीं कर पा रहे हैं। वहीं भारी बारिश से खेतों में लगी सब्जियों की खेती पूरी तरह से नष्ट हो गई हैं। इससे सब्जियों की कीमतों में भारी वृद्धि हो गई है। राज्य के जिन 14 जिलों में भारी बारिश से जन- जीवन प्रभावित हुआ है उनमें रांची में सबसे अधिक 253.2 के मुकाबले 648.3 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है।

वहीं अन्य 12 जिलों में पूर्वी सिंहभूम 296.7 की तुलना में 694.6, पश्चिमी सिंहभूम 252.2 के तुलना में 463.9, सिमडेगा में 300.3 की तुलना में 567.9, सरायकेला-खरसावां में 260 के मुकाबले 582.1, रामगढ में 247.3 के मुकाबले 566.1, पलामू में 165.3 के मुकाबले 345.4, लोहरदगा में 244.4 के मुकाबले 431.1, लातेहार में 230.7 592.6, खूंटी में 261.1 की तुलना में 464.7, गुमला में 257.9 की तुलना में 399.5, धनबाद में 269.8 की तुलना में 421.4, चतरा में 216 के मुकाबले 413.7 और बोकारो जिले में 217.2 के मुकाबले 342.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। इधर, सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से झमाझम बारिश हुई। बारिश से लोगों को रोजमर्रा के कामों में परेशानी हुई। बच्चों को भी स्कूल जाने में दिक्कत हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश लातेहार जिले के चंदवा में 90.2, मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 28.2, जमशेदपुर में 30, डालटेनगंज में 31.8, बोकारो में 31.1 और चाईबासा में तापमान 30.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## एक नजर

### करंट लगने से बिजली मिस्त्री की मौत



**रांची :** ओरमांझी में सोमवार को बिजली खंभा ठीक कर रहे मिस्त्री उमेश कुशवाहा की करंट लगने से मौत हो गई। इस घटना से इलाके में अफरा तफरी मच गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और मुआवजे की मांग की। पुलिस विभाग के अनुसार, बिजली मिस्त्री 11 हजार वोल्ट की लाइन में खराबी ठीक करने के लिए खंभे पर चढ़ा था। विभाग ने मरम्मत कार्य के लिए बिजली आपूर्ति को अस्थायी रूप से बंद किया था। लेकिन जैसे ही मिस्त्री खंभे पर चढ़ा, अचानक बिजली आपूर्ति फिर से बहाल कर दी गई, जिससे उसे करंट लगा और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग की लापरवाही के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और हंगामा किया। प्रदर्शनकारियों ने विभाग के अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और मृतक के परिजनों को मुआवजा देने की मांग की। थाना प्रभारी ने बताया कि करंट लगने से उमेश कुशवाहा बिजली मिस्त्री की मौत हुई है। पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

### समर्पण शाखा ने हूटूप गोशाला में की गौ सेवा



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच समर्पण शाखा की ओर से संस्था की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में हुटूप गौशाला, ओरमांझी में सोमवार को गौ सेवा की गई। शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने बताया इस गोशाला में ऐसी गायें है जो वृद्ध हो गई हैं, लेकिन वे दुध देने में असमर्थ हैं। ऐसे गौवंशों की सेवा की गई। इस अवसर पर गौशाला के गायों को 800 किलो हरी सब्जियां, रोटी और गुड़ खिलाकर गौ सेवा की गई। समर्पण शाखा और अग्रवाल युवा सभा के आपसी समन्वय से यह कार्य पूरा हुआ। इस कार्य को करने की लिए दानदाता विजय जैन का सहयोग मिला। शाखा की तरफ से उन्हें अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। अग्रवाल युवा सभा के अध्यक्ष को भी पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में समाज सेवक मुकेश काबरा की सराहनीय भूमिका रही। वहीं गौ सेवा प्रभारी निकिता जालान ने गौ सेवा की सारी तैयारियां कीं। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनिता सिंघानिया, सचिव शुभा अग्रवाल, कोमल झुनझुनवाल, कोमल पोद्दार सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।


### शपथ पत्र

मैं, अमन पाठक, पिता रवि शंकर पाठक, उम्र करीब 21 वर्ष, निवासी मकान सं0 65/ए, रोड नं0-ए1, हवाई नगर, पो० हटिया, थाना जगन्नाथपुर, जिला राँची, झारखण्ड, पिन कोड 834003, आधार सं0- 3966 4847 5334, शपथ पूर्वक एफिडेविट नंबर 22453 दिनांक -07-02-2025 को ब्यान करता हूँ कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त वर्णित स्थान का स्थाई निवासी हूँ।
2. यह कि मेरी माता का नाम उनके आधार पर Priti Pathak अंकित है।
3. यह कि मेरे शैक्षणिक प्रमाण पत्र पर कुछ त्रुटि के कारण मेरी माता का नाम Preeti Pathak अंकित हो गया है।
4. यह कि उपरोक्त दोनों नाम मेरी माता का ही है।
5 यह कि यह शपथ-पत्र मैं अपना पासपोर्ट बनवाने के लिए कर रहा हूँ।
6. यह कि मैं अपने शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहते हुए नेक इरादे के साथ उपरोक्त वर्णित घोषणा करता हूँ, भविष्य में किसी भी प्रकार की असत्यता ज्ञात होने पर इसका पूर्ण जवाबदेह वो जिम्मेवार मैं स्वयं रहूँगा।


## क्षतिग्रस्त हुए कोकर-रिम्स रोड के मरम्मत का कार्य आठ से होगा शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अतिवृष्टि से छतिग्रस्त हुये कोकर -रिम्स मार्ग की मरम्मत का कार्य मंगलवार से शुरू किया जायेगा। इस संबंध में पथ निर्माण विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने रांची के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया है। वहीं साधु मैदान के आगे मोड़ पर क्षतिग्रस्त मार्ग की मरम्मत अस्थाई तौर पर सोमवार को ही कर दी गयी है। इस संबंध में प्रधान सचिव ने कार्यपालक अभियंता सहित अन्य वरीय अभियंताओं के साथ बैठक की और तत्काल कोकर-रिम्स मार्ग की मरम्मत करने का निर्देश दिया। प्रधान सचिव के निर्देश पर पथ निर्माण विभाग के अभियंताओं ने सडक का मुआयना भी किया और वस्तुस्थिति से उनको अवगत कराया। प्रधान सचिव को बताया गया कि तिरिल बस्ती के पास जलजमाव के कारण सड़क क्षतिग्रस्त हो रही है। उस स्थान पर जलजमाव की समस्या का स्थाई हल निकालने की पहल की जा रही है। इसके लिए वहां ह्यूम पाइप लगाया जायेगा। ताकि, जल जमाव की स्थिति पैदा नहीं हो।सचिव को यह भी बताया गया कि रांची नगर निगम के अधिकारियों से भी नाले की सफाई के लिए बात हो गयी है। नाले की तलहटी से सफाई हो जाने पर पानी का बहाव रूकेगा नहीं। इससे जलजमाव भी नहीं होगा। मंगलवार से सड़क मरम्मति का कार्य शुरू करने के लिए साइट पर मेटेरियल गिरा दिया गया है। सड़क को पीसीसी के रूप में तब्दिल किया जायेगा। हालांकि बारिश होने से मरम्मति का कार्य प्रभावित हो सकता है। इसके अलावा मोराबादी से बोड़ेया रोड की भी मरम्मति का काम किया गया है।

## सरकार में टेंडर घोटाला चरम पर, गृह विभाग में बड़ा गिरोह सक्रिय : अजय साह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि जब देशभर में शासन व्यवस्था में सुधार और नवाचार हो रहे हैं, तब हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार के नए-नए तरीके ईजाद किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि टेंडर सेटिंग को लेकर बड़े पैमाने पर खेल हो रहा है। जहां एक मंत्री पहले से ही टेंडर कमीशन घोटाले में जेल में है, वहीं अब एक और टेंडर घोटाले का सामने आना चौंकाने वाला और हैरान करने वाला है। अजय ने आरोप लगाया कि पिछले पांच वर्षों से गृह विभाग में बड़े पैमाने पर टेंडर घोटाले हो रहे हैं और सरकार ने एक संगठित सिंडिकेट को पनपने का खुला मौका दिया है। उन्होंने बताया कि पहले से मिलीभगत रखने वाली कंपनियों को तकनीकी रूप से योग्य घोषित किया जाता है और फिर एक तयशुदा गिरोह को मनमाने दर पर ठेके दिए जाते हैं। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि टेंडर संख्या (जे.ई.एम/2022/इ/2317532) में 23 में से 20 कंपनियों को तकनीकी कारणों से बाहर कर दिया गया। अजय ने खुलासा किया कि जांच के दौरान यह सामने आया कि टेंडर (जीईएम/2022/इ/2498791) सहित कई मामलों में तीन ही कंपनियों को टेंडर दिए जा रहे हैं। कोलकाता की जे.सी. माइकल, पटना की अरिहंत कॉर्पोरेशन और दिल्ली की लाइफलाइन सिक्योरिटी। इन तीनों कंपनियों के डायरेक्टर या पार्टनर आपस में जुड़े हुए हैं। जेसी माइकल के डायरेक्टर चिराग जैन हैं, जो अरिहंत ट्रेडिंग के भी प्रोप्राइटर हैं। वहीं जितेंद्र कोचर जेसी माइकल और लाइफलाइन सिक्योरिटी दोनों के डायरेक्टर हैं। इससे स्पष्ट है कि गृह विभाग और ठेकेदारों के बीच एक गहरा गठजोड़ बना हुआ है और यह केवल गठजोड़ नहीं बल्कि आपराधिक आचरण का मामला है। अजय ने कहा कि गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के नियमों के अनुसार एक ही व्यक्ति दो अलग-अलग फर्म बनाकर टेंडर में हिस्सा नहीं ले सकता। यह स्पष्ट रूप से नियमों का उल्लंघन और एक अपराध है। हैरानी की बात यह है कि जो विभाग पूरे राज्य की निगरानी करता है, उसी में यह घोटाला हो रहा है और पकड़ में नहीं आ रहा।

## एचईसी कर्मियों को बिना संघर्ष नहीं मिलेगा वेतन देशव्यापी हड़ताल का करें समर्थन : लालदेव

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** हटिया कामगार यूनियन (एटक) के उपाध्यक्ष लालदेव सिंह ने एचईसी के सभी मजदूरों और स्थानीय यूनियनों से अपील की है कि वे आगामी नौ जुलाई को होने वाली देशव्यापी एकदिवसीय हड़ताल में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। तभी एचईसी कर्मियों को उनका हक मिलेगा। बगैर संघर्ष वेतन नहीं मिलनेवाला है। लालदेव सिंह सोमवार को एचईसी परिसर में बातचीत के दौरान बोल रहे थें। उन्होंने कहा कि यह हड़ताल केंद्रीय श्रमिक संगठनों के आह्वान पर हो रही है, लेकिन इसमें एचईसी के अलावा अन्य स्थानीय यूनियनें और उनके मजदूर भी भाग ले रहे हैं। लालदेव सिंह ने कहा कि एचईसी में पहले से ही श्रम कानूनों का पालन नहीं हो रहा है। और अब यदि मजदूर चुप रहे तो प्रबंधन पूरी तरह से श्रम कानूनों को खत्म कर देगा।

उन्होंने कहा कि मजदूर सोच रहे हैं कि एक दिन का वेतन कट जाएगा, लेकिन मौजूदा हालात ऐसे हैं कि पता नहीं कब और कितना वेतन मिलेगा या मिलेगा भी नहीं। उन्होंने निदेशक (कार्मिक) के साथ हुई पिछली बैठक का जिक्र करते हुए कहा कि जब उनसे बकाया वेतन और वेतन पर्ची के बारे में पूछा गया, तो प्रबंधन चुप रह गए। इससे साफ है कि प्रबंधन के वरिष्ठ अधिकारी भी अब हाईकोर्ट का सहारा ले रहे हैं क्योंकि उन्हें विश्वास नहीं रहा कि मजदूरों को बकाया वेतन मिलेगा। लालदेव सिंह ने कहा कि जब तक संघर्ष नहीं होगा, मजदूरों का हक नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि कभी-कभी वेतन कटवाकर भी लड़ाई लड़नी पड़ती है क्योंकि त्याग के बिना कुछ नहीं मिलता। सभी मजदूरों से अपील है कि देशभर के श्रमिकों के साथ कदम मिलाकर एचईसी में भी हड़ताल को सफल बनाएं।

## झारखंड शराब घोटाले मामले में कारोबारी विनय सिंह को मिली अग्रिम जमानत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड शराब घोटाले से जुड़े मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे के करीबी और रांची के प्रसिद्ध ऑटोमोबाइल कारोबारी विनय सिंह को एसीबी की विशेष अदालत से अग्रिम जमानत मिल गई है। गौरतलब है कि अदालत ने सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों, विनय सिंह और एसीबी की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। विनय सिंह की ओर से हाईकोर्ट के अधिवक्ता निलेश कुमार और अक्षय शर्मा ने बहस की थी। एसीबी ने शराब घोटाले में चल रही जांच के तहत विनय सिंह को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए तलब किया था, लेकिन वह जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए। इसके बाद एसीबी ने उनके खिलाफ वारंट भी हासिल कर लिया था। बता दें कि इससे पहले केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने भी छत्तीसगढ़ से जुड़े शराब घोटाले के मामले में पिछले साल विनय सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की थी। झारखंड शराब घोटाले में अब तक एसीबी द्वारा निलंबित आईएएस अधिकारी विनय चौबे, उत्पाद विभाग के संयुक्त आयुक्त सिंह समेत कई अधिकारियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## जनता दरबार में मंत्री ने 49 फरियादियों की सुनी समस्याएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की उपस्थिति में आयोजित जनता दरबार में वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को आम जनों की समस्याएं सुनी। कांग्रेस भवन में आयोजित जनता दरबार में आम जनों की समस्याओं को सुनने के क्रम में उपस्थित केशव महतो कमलेश ने कहा कि इस परिपाटी के आरंभ होने से जनता के बीच सकारात्मक संदेश जा रहा है। जनता समझ रही है कि सरकार समस्याओं को धरातल पर समाधान करने के लिए कार्रवाई कर रही है। वहीं जनता दरबार के बाद पत्रकारों से बात करते हुए वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि कई योजनाओं का पैसा केंद्र सरकार ने रोक रखा है। केंद्र की ओर से नकारात्मक सहयोग है और अंशदान नहीं दिया जा रहा है। इसके चलते वृद्धा पेंशन जैसी कई योजनाओं का लाभ लोगों को नहीं मिल रहा है। भाजपा लोगों के बीच दुष्प्रचार करती है कि झारखंड सरकार लोगों को पैसा नहीं दे रही है। सरकार कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं करेगी। जनता का काम समय पर अधिकारियों को करना होगा। उन्होंने कहा कि अधिकारी यदि संभव है तो काम करें नहीं तो जनता को बता दें कि यह कार्य नहीं हो सकता है। आम लोगों को बेवजह कार्यालय और अधिकारियों का चक्कर लगवाना बंद करना होगा। मंत्री ने कहा कि हम त्वरित परिणाम पर विश्वास करते हैं। पूर्ववर्ती सरकार की कार्यशैली और कार्य संस्कृति में अधिकारियों को बदलाव लाना होगा। हम जनता के लिए आए हैं। इसलिए अधिकारियों को लोगों का काम करना होगा, टालमटोल की नीति बदलनी होगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि जनता दरबार में कुल 49 मामले आये। इसमें बिजली विभाग, सड़क निर्माण, जमीन संबंधी, तालाब जीरणोद्धार-निर्माण, अबुआ आवास सहित कई शामिल हैं। समस्याओं को सुनने के क्रम में मंत्री ने सीधे अधिकारियों से समस्याओं के संदर्भ में बात की और समस्याओं का समाधान त्वरित एवं समय पर करने को कहा। इसी क्रम में भू अर्जन से संबंधित एक मामले में शिकायतकर्ता ने कहा कि एनएचआइ ने जमीन का अधिग्रहण किया था। जिस व्यक्ति की जमीन अधिग्रहित की गई थी उसने दो शादियां की थी, लेकिन दूसरी शादी को कानूनी मान्यता नहीं थी। वित्त मंत्री ने जिला भू -अर्जन पदाधिकारी को फोन कर मामले की जानकारी मांगी। इसपर भू -अर्जन पदाधिकारी ने मामले को अपने अधिकार क्षेत्र का न होने की जानकारी दी। किशोर ने कहा कि आपके द्वारा वस्तु स्थिति की जानकारी सीओ से मांगी जा सकती थी जो आपके अधिकार क्षेत्र में आता है, परंतु आपने ऐसा नहीं किया। यह मामला फरवरी 2024 का है। भू-अर्जन पदाधिकारी ने ऐसे किसी आवेदन के मिलने से इंकार कर दिया। वहीं शिकायतकर्ता ने भू-अर्जन पदाधिकारी कार्यालय को दिए गए आवेदन की प्रतिलिपि भी दिखाई। वित्त मंत्री ने तत्काल इस मामले की जानकारी भू राजस्व सचिव सचिव को दी भू राजस्व सचिव ने तत्काल इस मामले पर संज्ञान लेकर कार्रवाई की बात कही। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के विनय सिन्हा दीपू, शशि भूषण राय, अभिलाष साहू, राजन वर्मा, नरेंद्र लाल गोपी राजीव चौधरी सहित अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड पुलिस मुख्यालय में नवप्रोन्नत डीएसपी को बैच लगाकर किया गया सम्मानित



**रांची :** झारखंड पुलिस मुख्यालय के सभागार कक्ष में सोमवार को एक समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डीजीपी अनुराग गुप्ता ने हाल ही में प्रोन्नत हुए 23 डीएसपी को बैच लगाकर सम्मानित किया। जिन अधिकारियों को आज सम्मानित किया गया। इनमें कुमुद सिन्हा, ज्योत्सना, अजय कुमार, इजाजुल हसन सिद्दकी, सुशील कुमार, अजय कुमार साहू, राजकपूर, लीलेश्वर महतो, नरेन्द्र कुमार सिन्हा, राम अनूप महतो, सरोज कुमार सिंह, हरेन्द्र कुमार राय, बिनोद उरांव, अखिलेश प्रसाद मंडल, शंभू प्रसाद गुप्ता, सतीश कुमार, नवल किशोर प्रसाद, उज्ज्वल साह, अजय प्रसाद, सुरेश प्रसाद, शारदा रंजन प्रसाद सिंह, राजेश कुमार और राजीव कुमार वीर शामिल थे। उल्लेखनीय है कि गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के की ओर से 25 जून को 64 इंस्पेक्टर को डीएसपी के पद पर पदोन्नत किया गया है। इस अवसर पर एडीजी पुलिस मुख्यालय प्रिया दूबे, आईजी ए विजयालक्ष्मी, डॉ. एस माइकल राज सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### मारवाड़ी सम्मेलन के अधिवेशन में अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने संभाला पदभार



**रांची :** झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन का नवम प्रांतीय अधिवेशन सोमवार को धनबाद जिला के तत्वावधानमें गोविंदपुर स्थित राजविलास रिसॉर्ट में उत्साहपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। इस ऐतिहासिक अधिवेशन में रांची जिला से 60 सदस्यों सहित झारखंड राज्य के विभिन्न जिलों से 550 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री कैलाशपति तोदी ने नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल को शपथ दिलाते हुए पदभार ग्रहण कराया। अधिवेशन में रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन प्रतिनिधियों ने नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल को पुष्पगुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ाकर अभिनंदन किया। झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन ने भी रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन की ओर से किए जा रहे जनसेवा और व्यापक स्तर पर सदस्यता अभियान चलाने सम्मानित किया गया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष गोवर्धन प्रसाद गाड़ोदिया, उद्घाटनकर्ता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार केडिया, धनबाद के सांसद ढुल्लू महतो, निवर्तमान प्रांतीय अध्यक्ष बसंत कुमार मित्तल, ओम प्रकाश अग्रवाल, रवि शंकर शर्मा की उपस्थिति रही। कार्यक्रम अतिथियों का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। अधिवेशन में नई उमंग स्मारिका का विमोचन भी किया गया। स्मारिका के संपादक मंडली में अशोक कुमार नारसरिया, कमल कुमार केडिया और निर्मल बुधिया हैं। वहीं स्वागत संबोधन में नंद लाल अग्रवाल ने कहा यह आयोजन हमारे समाज की शक्ति, संस्कृति और समर्पण का प्रतीक है। नवनिर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि मारवाड़ी सम्मेलन को केवल सामाजिक संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक आंदोलन के रूप में स्थापित करना हमारी प्राथमिकता है। हमें परंपरा से आगे बढ़ते हुए आधुनिक चुनौतियों का सामना संगठित होकर करना होगा। युवा और मातृशक्ति हमारे दो मजबूत स्तंभ हैं, जिनकी भागीदारी को निरंतर बढ़ाना होगा। अधिवेशन का संचालन पूर्व प्रांतीय महामंत्री पवन शर्मा ने किया। इस अवसर पर-रांची के जिलाध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार, महामंत्री विनोद कुमार जैन, संजीव विजयवर्गीय, पवन पोद्दार, मनोज चौधरी, कमल कुमार केडिया, डॉ ओमप्रकाश प्रणव, अशोक कुमार नारसरिया, राजेंद्र केडिया, चंडी प्रसाद डालमिया, प्रमोद सारस्वत, संजय सर्राफ, विशाल पाड़िया, निर्मल बुधिया, अनिल कुमार अग्रवाल, कमलेश संचेती, कमल सिंघानिया, चंद्रशेखर अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### सोनाहातू और ओरमांझी की घटनाओं पर विजय शंकर नायक ने जताया शोक, मुआवजे की मांग

रांची : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक प्रत्याशी विजय शंकर नायक ने सोनाहातू और ओरमांझी में हुई दो दुखद घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आपदा विभाग के मंत्री डॉ. इरफान अंसारी और बिजली विभाग के मंत्री सह मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से पीड़ित परिवारों के लिए तत्काल मुआवजे और सहायता की मांग की है। नायक ने बताया कि सोनाहातू प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत अंतर्गत तेलवाडीह गांव में भारी बारिश के कारण एक कच्चा मकान ढह गया, जिसमें 9 वर्षीय बच्चे शिवा प्रमाणिक की मौके पर ही दर्दनाक मृत्यु हो गई। शिवा, जो मूल रूप से ईचागढ़ प्रखंड के लेपाटांड़ गांव का निवासी था, अपने मामा के घर तेलवाडीह में रह रहा था। इस हादसे ने परिवार को गहरे सदमे में डुबो दिया है। नायक ने आपदा विभाग से मृतक के परिवार को 10 लाख रुपये की अनुग्रह राशि और आवास सहायता प्रदान करने की मांग की है। वहीं, दूसरी घटना में ओरमांझी प्रखंड के आनंदी गांव में लाइनमैन उमेश महतो की 11,000 वोल्ट के बिजली तार को ठीक करने के दौरान बिजली विभाग की लापरवाही के कारण दुखद मृत्यु हो गई। नायक ने इस घटना पर गहरा रोष जताते हुए बिजली विभाग से पीड़ित परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा और परिवार के एक आश्रित को नौकरी देने की व्यवस्था करने की मांग की है।

### निर्मला का समर्थन करने वालों का आजसू ने जताया आभार



**रांची :** आजसू पार्टी ने रांची जिला परिषद अध्यक्ष और पार्टी महासचिव निर्मला भगत के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के निरस्त हो जाने पर उन्हें बधाई दी है और उनका समर्थन करने वाले सभी सांसदों, विधायकों, जिला परिषद सदस्यों और प्रखंड प्रमुखों का आभार जताया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने कहा है कि निर्मला भगत ने जिला परिषद अध्यक्ष के रूप में अपनी कार्यशैली और नीतियों से एक अलग पहचान बनाई है, जिसपर ज्यादातर सदस्यों ने अपना भरोसा जताया है। निर्मला भगत पार्टी की केंद्रीय महासचिव हैं और झारखंड आंदोलनकारी एवं सरना धर्म गुरु रहे वीरेंद्र भगत की पत्नी हैं। अविश्वास प्रस्ताव के मतदान में 65 मतदाताओं में से मात्र आठ लोग ही उपस्थित हुए। इससे कोरम पूरा नहीं हो पाया और प्रस्ताव निरस्त हो गया। वहीं पार्टी नेता प्रवीण प्रभाकर ने भी निर्मला भगत को बधाई दी है और कहा है कि जिला परिषद को भ्रष्टाचार का अखाड़ा बनाने को लालायित लोगों की हार हुई है। निमार्ला को बधाई देनेवालों में आजसू पार्टी के दीपक महतो, चिंटू मिश्रा, बनमाली मंडल, नईम अंसारी, परवाज खान, ज्ञान सिन्हा, कुमोद वर्मा, ज्योत्सना केरकेट्टा, राजाराम महतो, लाल प्रेम प्रकाशनाथ शाहदेव, अनिल महतो, संजय गोप, ओम वर्मा सहित अन्य शामिल हैं।

## एक नजर

### चिलोडीह में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत

**चंदवारा** : चंदवारा पश्चिमी पंचायत अंतर्गत चिलोडीह में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मुंशी साव पिता मेघु साव, उम्र लगभग पैंतालीस वर्ष अपने घर में पानी का मोटर से कुछ कार्य कर रहे थे। के जिससे अचानक बिजली का तार का झटका लगने से जमीन पर गिर गया जिससे वो पूरी तरह जख्मी हो गए। आनन फानन में उन्हें सदर अस्पताल कोडरमा लाया गया। जिसमें रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतक मुंशी साव अपने पीछे पत्नी एक पुत्र एवं तीन पुत्री को छोड़ गए। मौत की खबर मिलने से पूरे गांव में मातम छा गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया है।

### बोकारो में ट्रक और मारुति वैन की टक्कर, एक घायल

**बोकारो** : जिले के पिंडरा जोड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-23 पर रविवार को एक ट्रक और मारुति ओमिनी वैन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। हादसा तेलीडीह मोड़ के पास ऑर्चर्ड रेस्टोरेंट के समीप हुआ, जब वैन में सवार लोग तुपकाडीह से चिड़का धाम जा रहे थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, टक्कर के बाद ट्रक ने वैन को कुछ दूर तक घसीटा। हादसे में वैन में बैठे एक व्यक्ति को चोटें आई हैं, जबकि अन्य सवार बाल-बाल बच गए। घायल को तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घटना के बाद कुछ देर के लिए सड़क पर अफरा-तफरी मच गई, हालांकि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया। गौरतलब है कि हाल के दिनों में बोकारो-रामगढ़ एनएच-23 पर सड़क हादसों की संख्या बढ़ी है, जिससे स्थानीय लोग लगातार सड़क सुरक्षा को लेकर चिंता जता रहे हैं।

### जन्माष्टमी पूजा कमेटी का गठन कृष्ण कुमार बने अध्यक्ष



**बोकारो** : आगामी 16 अगस्त जन्माष्टमी पूजा कमटी चौधरी चरण सिंह मोड पूजा को लेकर एक बैठक की गई जिसमें सभी सदस्यों ने पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय शिव शंकर सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आगे पूजा कमेटी का गठन किया गया और पूजा करने का निर्णय लिया गया जिसमें सभी सदस्यों ने अपनी सहानुभूति देते हुए, कृष्ण कुमार को अध्यक्ष मानते हुए पूजा करने का निर्णय लिया गया।जिसमें अध्यक्ष- कृष्ण कुमार, उपाध्यक्ष मनोज कुमार उर्फ गुड्डू लाल, सचिन सूबेदार सिंह, उपसचिव विपुल कुमार यादव, कोषाध्यक्ष भारत सिंह, उपकोषाध्यक्ष एस एन सीह, संयोजक हीरालाल सिंह आदि सभी राजाराम सिंह, ए के विश्वास,सुरेंद्र सिंह, सुदामा यादव, रामदयाल यादव, सुजीत कुमार सिंह, बी प्रसाद के द्वारा कमेटी का गठन किया गया और पूजा करने का निर्णय लिया गया।

### बंगाल के जंगलों से भटककर आया हिरण कुएं में गिरने से हुई मौत

**बोकारो** : बंगाल के जंगलों से भटककर आया एक हिरण बोकारो जिले के चंदनकियारी प्रखंड के फुसरो गांव में एक पुराने कुएं में गिर गया। हिरण के गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उसे कुएं से बाहर निकाला। उस दौरान हिरण गंभीर रूप से घायल था, उसके सिर पर चोट आई थी और मुंह से खून निकल रहा था। ग्रामीणों ने प्राथमिक उपचार की कोशिश की, लेकिन वन विभाग की टीम समय पर नहीं पहुंच पाई। गंभीर रूप से घायल हिरण ने इलाज के अभाव में दम तोड़ दिया।

# माननीय राज्यपाल के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर डीसी- एसपी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : मंगलवार को माननीय राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार के नावाडीह स्थित बिनोद बिहारी महतो स्टेडियम में प्रस्तावित प्रतिभा सम्मान समारोह 2025 को लेकर सोमवार को उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक हरविन्दर सिंह ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। इस दौरान डीसी एसपी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उन्होंने माननीय राज्यपाल समेत अन्य अतिथियों के आगमन, मीडिया गैलरी, वाहन पार्किंग, स्टेज/पंडाल आदि को चिन्हित करते हुए



संबंधित पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। उपायुक्त ने क्रमवार सभी पदाधिकारियों को कार्यक्रम को आयोजित कर रहे आयोजक से समन्वय स्थापित करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने ससमय सभी तैयारियों को पूर्ण करने को कहा। वहीं,पुलिस अधीक्षक ने सुरक्षा विधि व्यवस्था को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बेरमो वी एन सिंह व अन्य पदाधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश दिया। मौके पर माननीय विधायक डुमरी जयराम कुमार महतो, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, नजारत उप समाहर्ता प्रभाष दत्ता, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो मुकेश मछुआ, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा श्री पीयूष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, संबंधित प्रखंड के बीडीओ, सीओ, थाना प्रभारी व अन्य उपस्थित थे।

## 24 वर्षीया विधि जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट बनीं



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया** : पानी टंकी रोड निवासी मनीष जैन एवं सीमा जैन की पुत्री विधि जैन ने अपने दूसरे प्रयास में चार्टर्ड अकाउंटेंसी की परीक्षा में शानदार सफलता दर्ज की है। विधि ने पांचवी तक की प्राथमिक शिक्षा महाराणा प्रताप चौक स्थित क्लोरोफिल स्कूल में पाई और पांचवीं से 12वीं तक ग्वालियर के प्रसिद्ध सिंधिया स्कूल में पढ़ाई की जहां की वह स्कूल टॉपर रही हैं। 2019 में कोलकाता यूनिवर्सिटी से बीकॉम की पढ़ाई पूरी की। क्लोरोफिल स्कूल की प्राचार्य कंचन अग्रवाल ने भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि हम विधि जैन की सफलता पर विशेष रूप से बहुत प्रसन्न हैं। विधि के पिता मनीष सेठी ने बिटिया की प्राथमिक शिक्षा की मजबूत बुनियाद बनाने के लिए क्लोरोफिल स्कूल का धन्यवाद करते हुए प्रसन्नता व्यक्त की है। विधि जैन संपूर्ण व्यक्तित्व की धनी है - खेल में स्विमिंग और बास्केटबॉल और संगीत में जाइलोफोन व सितार भी बजाती हैं। अर्नस्ट एंड यंग में इंटर्नशिप करने के बाद विधि जैन कॉर्पोरेट भारत के उद्योग जगत से जुड़ना चाहती हैं और भविष्य का विकसित भारत बनाने में योगदान देना चाहती है। विधि तीन भाई बहनों में सबसे छोटी है, सबसे बड़ी बहन रिद्धि और भाई शाश्वत दोनों बीटेक करने के बाद बतौर सॉफ्टवेयर डेवलपर कॉरपोरेट इंडिया को अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विधि जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष मानिकचंद सेठी की पौत्री है - मित्रों और परिचितों से मिलने वाली बधाई और शुभकामना संदेशों का तांता लगा है जिसमें सुरेश झांझरी, पिंकी जैन, मुकेश सेठी, राजकुमार अजमेरा, संजय पाटनी, किशोर जैन एवं अजय अग्रवाल ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सेवा कार्य से मिली मारवाड़ी मंच को राष्ट्रीय पहचान : श्रेया केडिया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया** : मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा की एक बैठक श्री अग्रसेन भवन में आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए मायुमं की मंडल वन सहायक मंत्री श्रेया केडिया ने कहा की सेवा कार्य से ही मारवाड़ी युवा मंच को राष्ट्र पहचान मिली। कोडरमा में प्रेरणा शाखा ने अद्वितीय कार्य किए हैं जिसकी जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। बीते 5 वर्षों में प्रेरणा शाखा ने कोडरमा जिले की नहीं प्रांत और राष्ट्र के कार्यक्रमों के अमूल सेवा के कार्यों को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। यही वजह है कि प्रेरणा शाखा को कई प्रांतीय और राष्ट्र पुरस्कारों से परिष्कृत किया गया है। प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में प्रेरणा शाखा ने कई



कार्य किए हैं। महिला सशक्तिकरण के तहत सेवा कार्यों को जोड़कर लोगों को एक नई राह दिया है। प्रेरणा शाखा की सदस्यों में सेवा भावना प्रबल होती है यही वजह है कि वह अपने नाम से नहीं बल्कि अपने काम से जाने जाती है। सचिव आकृति चौधरी ने गत माह की कार्यक्रमों की रिपोर्ट प्रस्तुत की शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने वाले छात्राओं को उड़ान - प्रतिभा का उत्साहवर्धन के कार्यक्रमों के माध्यम से सम्मानित किया गया, साथ ही साथ गिरिडीह में आयोजित पीएसटी कार्यशाला पर विशेषतः प्रकाश डाला गया। कोषाध्यक्ष नेहा बजाज द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। बैठक में जुलाई माह में जन सेवा के तहत पौधारोपण, गौहर,स्वास्थ्य शिविर जैसे कार्यक्रम आयोजित करने के साथ ही साथ सावन मिलन के तहत एक मेला आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में इस माह में आने वाले शाखा के पदाधिकारी और सदस्यों का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। बैठक का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

## लायंस क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने मनाया डॉक्टर्स डे, डॉक्टरों को किया सम्मानित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : लायंस क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी ने कल डॉक्टर्स डे का भव्य आयोजन किया, जिसमें क्लब के डॉक्टर सदस्यों और शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सा पेशेवरों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर लायंस क्लब के सदस्य, डॉक्टर, मान्यवर अतिथि और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम को कवर किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बोकारो के सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद थे। अध्यक्ष लायन माधवी सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए डॉक्टरों की समाज सेवा में भूमिका और उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लायंस क्लब, जो विश्व का सबसे बड़ा सेवा संगठन है, राज्य सरकार के डॉक्टरों के साथ मिलकर गरीब और जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करेगा। डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने क्लब की सराहना करते हुए कहा कि जहां भी जरूरत होगी, वे हरसंभव मदद और समर्थन प्रदान करेंगे। लायन मधुकर सिन्हा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉक्टरों को उनके समर्पण और सेवा के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन लायन डॉ. केके सिन्हा ने किया। इस अवसर पर माधवी सिंह, सुधा किरण, अजय केडिया, जसबीर सलूजा, विवेक रंजन, डॉ. केके सिन्हा, डॉ. कीर्ति वास, आरसी खन्ना, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ. एचके मिश्रा, मधुकर सिन्हा, तनवीर सिंह, एसके पांडे, भूषण गुलाटी, डॉ. सतीश, डॉ. रतन केजरीवाल समेत अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। यह आयोजन डॉक्टरों के प्रति सम्मान और समाज में उनकी भूमिका को उजागर करने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण कदम माना गया।

## मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया शाखा के अध्यक्ष राहुल, सचिव अंकित चुने गए

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया** : मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया शाखा की एक बैठक शिव वाटिका में आयोजित की गई । वर्तमान अध्यक्ष राज पच्चसिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन संयोजक अरबिंद चौधरी ने किया । सर्व प्रथम अध्यक्ष राज पच्चीसिया ने कहा कि मारवाड़ी युवा मंच समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और ये राष्ट्र का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है। बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ , गौ सेवा , स्वास्थ सेवा , अमृतधारा , नेकी की दीवार जैसे कार्यक्रम कर समाज के अंतिम पादान तक पहुच रहा है । बैठक में नई कमिटी का चुनाव हुआ सत्र 2025 - 27 के लिए नव निर्वाचित अध्यक्ष राहुल जैन, सचिव अंकित केड़िया, कोषाध्यक्ष राहुल चौधरी चुने गए । इस अवसर पर नव निर्वाचित अध्यक्ष राहुल जैन ने कहा कि सभी सदस्यों के सहयोग से शाखा के कार्यो को एवं प्रान्त और



राष्ट्र के कार्यक्रम को पटल पर पूरे जोश के साथ उतारा जाएगा। 15 जुलाई को प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाड़िया, उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल ,झारखंड प्रान्त संयोजक राज पच्चीसिया, मंडल वन की सहायक मंत्री श्रेया केड़िया व इनकी टीम के द्वारा शपथ दिलाई जाएगी । बैठक में इसी सप्ताह शेष पदाधिकारी का चुनाव भी किया जाएगा ।11 जुलाई को प्रथम गौ आहार गौशाला परिसर में आयोजित कर शुरूआत की जाएगी । बैठक में संयोजक अर्जुन संघई , पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा , रितेश दुग्गड़, आयुष पोद्दार, विकास जैन , आशीष केड़िया, चिंटू अग्रवाल, शिवेश पच्चीसिया, शुभम चौधरी, हर्षित सोमानी आदि सदस्य मौजूद थे ।

### पासवान एकता मंच का प्रतिभा सम्मान समारोह 13 जुलाई को

# सामाजिक स्तर पर सम्मान मिलने से शैक्षणिक स्तर पर बेहतर करने के लिए प्रेरणा मिलती है : सीडी प्रसाद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया** : पासवान एकता मंच की बैठक 7 जुलाई को पानी टंकी रोड स्थित कार्यालय में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष विजय पासवान ने किया,जबकि संचालन संगठन सचिव भुनेश्वर पासवान ने किया। बैठक में पासवान एकता मंच के द्वारा 13 जुलाई को झुमरीतिलैया में आयोजित होने वाली प्रतिभा सम्मान समारोह की तैयारी को लेकर समीक्षा की गई। पासवान एकता मंच के संरक्षक सीडी प्रसाद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि मैट्रिक-इंटर परीक्षा और विभिन्न परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले समाज के छात्र छात्राओं को सम्मान मिलने



से उनका हौसला बढ़ता है। समाज के होनहार छात्र को सामाजिक स्तर पर सम्मान मिलने से शैक्षणिक स्तर पर बेहतर करने के लिए प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने के लिए पासवान एकता मंच की पहल सकारात्मक कदम है। जिलाध्यक्ष विजय पासवान और महासचिव प्रेम पासवान ने संबोधित करते हुए कहा कि पासवान समाज के होनहार छात्रों का सम्मान बेहद जरूरी है, प्रतिस्पर्धा के दौर में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत करने से उनका आत्मविश्वास बढ़ता है।साथ ही व्यक्तिगत रूप से प्रतियोगिता परीक्षा में सफल होने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ाने में पासवान एकता मंच महवपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने बताया कि पासवान एकता मंच मैट्रिक-इंटर, स्नातक, स्नातकोत्तर के अलावे अन्य प्रोफेशनल कोर्स परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को सम्मानित करेगी। साथ ही पासवान समाज के वैसे छात्र छात्राओं को भी सम्मानित करेगी, जिन्होंने अपनी काबलियत के बदौलत सरकारी सेवा प्राप्त की है। 13 जुलाई को झुमरीतिलैया के अग्रसेन भवन गली में कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और अतिथियों का समय लिया जा रहा है। बैठक में उपाध्यक्ष अर्जुन पासवान, राजकुमार पासवान, भीम लाल पासवान, जिला कोषाध्यक्ष रंजीत पासवान, जिला सचिव कृष्णा पासवान, विजय पासवान,चंदवारा प्रखंड अध्यक्ष महेश पासवान, सचिव कुन्दन पासवान, कोषाध्यक्ष मुकेश पासवान, विजय पासवान शिक्षक, रवि पासवान,गुड्डु पासवान, आदि कई लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पंचायत ज्ञान केंद्र बने शिक्षा का केंद्र



**जयनगर** : प्रखंड के 12 पंचायतों में स्थापित पंचायत ज्ञान केंद्र अब ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं की शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी का प्रमुख साधन बन चुके हैं। जहाँ पहले छात्रों को महंगी किताबों और सुविधाओं के अभाव में शहरों की ओर रुख करना पड़ता था, वहीं अब अपने ही पंचायत में उपलब्ध यह आधुनिक लाइब्रेरी उनकी सबसे बड़ी ताकत बन रही है। हर पंचायत ज्ञान केंद्र में इंटरनेट-संयुक्त कंप्यूटर, आधुनिक पुस्तकालय, प्रतियोगी परीक्षा संबंधी सामग्री और शांत अध्ययन कक्ष की सुविधा दी गई है। छात्र-छात्राएं सुबह से लेकर शाम तक यहाँ आकर समर्पित रूप से पढ़ाई कर रहे हैं। यहाँ लड़कियों की सक्रिय भागीदारी विशेष रूप से देखने को मिल रही है, जिससे शिक्षा के क्षेत्र में लैंगिक समानता की दिशा में भी एक मजबूत संदेश जा रहा है। इन ज्ञान केंद्रों से निकलने वाली पढ़ने की लगन और मेहनत की आहट अब पूरे प्रखंड में सुनाई दे रही है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र केंद्र में उपलब्ध किताबों और डिजिटल संसाधनों से लाभान्वित हो रहे हैं। इसके साथ ही कंप्यूटर साक्षरता भी युवाओं में तेजी से बढ़ रही है। पंचायत ज्ञान केंद्रों ने न केवल शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाया है, बल्कि डिजिटल इंडिया अभियान को भी मजबूती दी है। अब गाँव के छात्र-छात्राएं कम्प्यूटर से कार्य करना सीख रहे हैं, ऑनलाइन फॉर्म भरना, ई-लर्निंग, और डिजिटल सामग्री से पढ़ाई करना जैसे कार्य सहज रूप से कर पा रहे हैं। स्थानीय युवाओं और छात्राओं की मांग पर हुई शुरूआत इन केंद्रों की स्थापना युवाओं की मांग और शिक्षा के प्रति उनकी गंभीरता को देखकर की गई थी, और अब ये केंद्र ग्रामीण शिक्षा में परिवर्तन का प्रतीक बन गए हैं।

### जनरल अस्पताल गोलंबर के पास स्कूटी सवार दुर्घटनाग्रस्त, शराब के नशे में था युवक

**बोकारो** : सोमवार को बोकारो के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र अंतर्गत बोकारो जनरल अस्पताल के गोलंबर के पास एक स्कूटी सवार युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के समय युवक नशे की हालत में था और अपनी स्कूटी (नंबर खल09 1854) को तेज गति से चला रहा था। स्थानीय लोगों के अनुसार, स्कूटी अचानक फिसल गई, जिससे युवक सड़क पर गिर पड़ा और उसके सिर, चेहरे एवं पैर में चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद ड्यूटी पर तैनात ट्रैफिक पुलिस कर्मी ने घायल युवक को उठाकर इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। पुलिस के अनुसार, युवक की हालत ऐसी थी कि वह अपना नाम और पता भी ठीक से नहीं बता पा रहा था। बाद में उसने अपना नाम शिवनाथ उरांव और पता थानाटांड़ बताया। युवक ने यह भी बताया कि वह अपनी बहन के घर जा रहा था और रास्ते में स्कूटी फिसल गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवक की स्कूटी को जब्त कर लिया। जांच के दौरान स्कूटी की डिक्की से शराब की बोतल और सिगरेट का पैकेट भी बरामद हुआ। ट्रैफिक पुलिस ने युवक के परिजनों को सूचना दे दी है। फिलहाल युवक का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### कल भारत बंद को राजद का समर्थन बोकारो में सफल बनाने का संकल्प

बोकारो : केंद्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई, बुधवार को देशव्यापी हड़ताल का आह्वान श्रमिक संगठनों और संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा किया गया है, जिसे राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने भी अपना समर्थन दिया है। बोकारो जिला राजद अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव ने घोषणा की है कि जिले की सभी जिला कमिटी, प्रदेश पदाधिकारी और प्रकोष्ठ के नेता-कार्यकर्ता इस बंदी में सक्रिय भागीदारी करेंगे और इसे सफल बनाएंगे। राजद समेत महागठबंधन के अन्य घटक दलों ने भी बंद को समर्थन देने का ऐलान किया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा लाए गए नए श्रम कानून मजदूरों के अधिकारों को कमजोर करते हैं और उनके शोषण का रास्ता खोलते हैं, जिसके विरोध में यह हड़ताल जरूरी है। बोकारो सहित झारखंड और बिहार के कई जिलों में ट्रेड यूनियनों और विपक्षी दलों ने बंद को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई है। राजद ने आम जनता, मजदूरों, दुकानदारों और वाहन मालिकों से अपील की है कि वे 9 जुलाई को बंद में सहयोग करें और मजदूर हितों की रक्षा के लिए एकजुट हों।

### सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला पोस्ट, आरोपी के खिलाफ केस दर्ज



**बोकारो** : जिले के माराफारी थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया पर धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला पोस्ट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त सौरव कुमार चौधरी (पिता- सुरेंद्र चौधरी, पता- बीएसएल झोपड़ी कॉलोनी, माराफारी) ने अपनी फेसबुक आईडी 'निशाद राज' से भगवान शिव और पार्वती को विकृत रूप में दशार्ते हुए आपत्तिजनक टिप्पणी पोस्ट की। पोस्ट में लिखा गया था—देखो टेढ़ा शिव और चिमकांडी पार्वती अंध भक्तों का भगवान ऐसे भी थे क्या—जिससे क्षेत्र में धार्मिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका जताई गई। मामले की जांच के लिए एसआई कुणाल किशोर मौर्य को निर्देशित किया गया था। सनहा सत्यापन के बाद सूचना सही पाई गई और पाया गया कि उक्त पोस्ट से विभिन्न समुदायों के बीच शत्रुता, घृणा और दुश्मनी फैलाने की कोशिश की गई है, जिससे शांति भंग होने की संभावना है। पुलिस ने इसे संज्ञेय अपराध मानते हुए अभियुक्त के खिलाफ माराफारी थाना कांड संख्या 57/2025, दिनांक 06 .07 .2025, धारा 196(1)/299 बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की है। मामले की जांच थाना प्रभारी मोहम्मद आजाद खां द्वारा की जा रही है।

### भाजपा हरला मंडल सेक्टर 8 कार्यालय में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई

**बोकारो** : भाजपा हरला मंडल सेक्टर 8 के कार्यालय में रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्री विनय किशोर ने की। इस अवसर पर डॉ. मुखर्जी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित किए गए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर उनकी जयंती मनाई गई। मंडल अध्यक्ष विनय किशोर ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान और राष्ट्रभक्ति को सादर नमन है। उन्होंने 'एक देश, एक संविधान, एक प्रधान' के सिद्धांत पर अपने प्राणों का बलिदान दिया। जम्मू-कश्मीर की एकता और भारत की अखंडता उन्हीं के संकल्पों की देन है। उन्होंने कार्यकताओं से डॉ. मुखर्जी के आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

## एक नजर

### बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बोकारो :** मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में वर्ष 2025 के मई माह के लिए बोकारो स्टील प्लांट के बेस्ट एम्प्लोयी ऑफ द मंथ अवॉर्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कुल आठ (08) कर्मचारियों को उनके कार्य में विशिष्ट योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। इस समारोह में अधिशासी निदेशक सी आर महापात्रा, अधिशासी निदेशक सुश्री राजश्री बनर्जी, मुख्य महाप्रबंधक अंजनी कुमार शरन के साथ संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित वरीय अधिकारी तथा पुरस्कार प्राप्त करने वाले कार्मिक तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित थे।

# दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, बच्चों को स्कूल बैग एवं प्री-स्कूल किट का हुआ वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा :** जिला प्रशासन कोडरमा और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड एवं यूनिसेफ के सीएसआर योजना के तहत दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, स्कूल बैग, एजुकेशनल डेस्क तथा प्री-स्कूल किट वितरण कार्यक्रम का आयोजन बिरसा सांस्कृतिक भवन में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार सह सांसद कोडरमा, अन्नपूर्णा देवी शामिल हुईं। उनके साथ उपायुक्त ऋतुराज, जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव, उप विकास आयुक्त रवि जैन एवं अन्य अतिथि उपस्थित थे। दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्वागत भाषण में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की ने समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। इसके पश्चात मंत्री एवं अन्य अतिथियों द्वारा दिव्यांगजनों के बीच बैटरी चालित ट्राइसाइकिल सहित विभिन्न सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्री-स्कूल किट तथा आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को स्कूल बैग और एजुकेशनल डेस्क प्रदान किए गए। अपने संबोधन में मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र सरकार की प्राथमिकता है, ताकि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पहले 1000 दिन बच्चों के मानसिक विकास के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं और इनका समुचित विकास देश के भविष्य को संवारता है। उपायुक्त ऋतुराज ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों के जीर्णोद्धार और बच्चों के समुचित पोषण हेतु पोषण वाटिका पर विशेष जोर दिया जा रहा है। प्रोजेक्ट किलकारी के माध्यम से समावेशी शिक्षा प्रदान की जा रही है। जिला परिषद् अध्यक्ष रामधन यादव ने भी अपने संबोधन में सरकार की योजनाओं का लाभ लेने की अपील की और स्वास्थ्य एवं शिक्षा क्षेत्र में जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त रवि जैन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक कुमारी तिर्की, यूनिसेफ के प्रतिनिधि, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## उच्च शिक्षा के लिए अपने आपको गाईड बनाने की जरूरत है : सुदेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** झारखंड कुरमी महासभा रांची के द्वारा ज्योतिष महतो के नेतृत्व में 11 वी रांची जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह जे डी नेशनल बी एड कॉलेज अंगड़ा में आयोजित किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के पूर्व विधायक सह केंद्रीय केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो विशिष्ट अतिथि पूर्व सांसद राम टहल चौधरी कुरमी महासभा के प्रदेश अध्यक्षकुमेश्वर महतो लम्बोदर महतो बारोज किशोर गांधी कारीनाथ महतो रणधीर चौधरी के द्वारा सामूहिक दीप दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया गया संचालन गोभारधन महतो और जगरनाथ महतो ने किया कार्यक्रम में सभी आए हुए सफल छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया`वक्ताओं ने बारी बारी से शिक्षा पर ध्यान आकृष्ट कराते हुए आए हुए सभी छात्र छात्राओं को शिक्षा को किस तरह से ग्रहण कर सके ओर कैसे समाज में शिक्षा के प्रति कैसे लोगों को जागरूक करें इन सभी विषयों पर लोगों ने प्रकाश डालो और विशेष रूप से सभी सफल छात्र छात्राओं को आजसू पार्टी के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने कहा कि शिक्षा के बैगर हम किसी भी सरकारी हो या गैर सरकारी संस्थान पर स्थान प्राप्त नहीं कर सकते आगे कहा कि बच्चो को जिस फिल्ड पर जाना चाहते उन्हें अनुमति देना चाहिए और छात्र-छात्राओं को सफल होने के लिएअपने आप में एक अच्छा गाइड बनने की जरूरत है तभी हम उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कोई दिक्कत नहीं होगा वहीं पूर्व विधायक लम्बोदर महतो ने भी छात्र छात्राओं को नसीहत दी की जब तक हम उस मंजिल तक ना पहुंचे चलते रहे एक दिन अवश्य सफलता प्राप्त होगी पूर्व संसद राम टहल ने भी छात्र छात्राओं को उज्वल भविष्य की कामना किए।

### महिला रसोइया के साथ दुष्कर्म करने वाला कोचिंग संचालक गिरफ्तार

**चंदवारा :** प्रखंड के तिलैया डैम ओपी क्षेत्र अंतर्गत डिवाइन एकेडमी के संचालक पर वहां काम करने वाली महिला रसोईया ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस बाबत हजारीबाग की रहने वाली उक्त महिला ने तिलैया डैम ओपी में आवेदन देकर उक्त एकेडमी के संचालक पर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए आवेदन में महिला ने डिवाइन एकेडमी के संचालक रंजीत प्रसाद पर शारीरिक संबंध बनाने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। महिला ने बताया कि वह उक्त कोचिंग में अपने दो बच्चों के साथ रहती थीं और बतौर रसोईया कार्य करती थीं। पीड़िता के अनुसार 5 जुलाई की शाम बच्चों को खाना खिलाने के पश्चात वह बच्चों की कमरे में जा रही थी कि इसी बीच रंजीत कुमार ने दरवाजा बंद कर दिया और उनके साथ जबरन शाररिक संबंध बनाने की कोशिश की।

## ओरमांझी प्रखंड में विधायक ने विभागवार विधायक प्रतिनिधियों की नियुक्ति की



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा :** खिजरी विधायक सह कांग्रेस विधायक दल के उप नेता राजेश कच्छप ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ओरमांझी प्रखण्ड में सुचारू रूप से कार्य संचालन, आम जनों के समस्या के समाधान एवं विकास कार्यों का धरातल में प्रभावी रूप से संचालन हेतु विधानसभा क्षेत्र के ओरमांझी प्रखण्ड में विभिन्न विभाग में अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। जिसमें शिक्षा विभाग से गोपाल उरांव, खाद्य आपूर्ति विभाग से सफिउल्हा अंसारी, स्वास्थ्य विभाग से नीलाम्बर खरवार, महिला एवं बाल विकास विभाग उमा देवी, खनन विभाग से मुबारक अंसारी, कल्याण विभाग से प्रदीप मुण्डा, उर्जा विभाग से सोहराई बेदिया एवं खेल कूद एवं युवा कार्य विभाग से सूरज पठान को बनाया गया। सभी विधायक प्रतिनिधि सरकारी एवं गैर सरकारी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित करते हुए विकास कार्यों को धरातल पर उतारा में सहयोग करेंगे तथा आम जनों का समस्याओं का समाधान करने में सहयोग करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाइक में सवार होकर दलमा पहाड़ी में बसे कोंकादासा पहुंचे सीओ



**पटमदा :** बोड़ाम प्रखंड के बोटा पंचायत के कोंकादासा गांव में सोमवार को बोड़ाम अंचलाधिकारी रंजीत रंजन ने अपने राजस्व कर्मचारी और चौकीदार के साथ बाइक की सवारी कर वहां पहुंचे।गांव पहुंचने के बाद ग्रामीणों के साथ मिलकर ग्रामीणों से पूछताछ करते हुए मूलभूत समस्याओं के विषय में जानकारी प्राप्त की। वही लगातार हो रही भारी बारिश में क्षति ग्रस्त हुए घरों का जायजा लिया। वही कई अन्य समस्याओं की जानकारी भी ली।उन्होंने ग्रामीणों के साथ कई बिंदुओं पर काफी लंबे समय तक चर्चा की। ग्रामीणों से उन्होंने सरकार के द्वारा दी जाने वाली योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचने की भी जानकारी ली। ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर संबंधित पदाधिकारी को जानकारी दे।

### हेसल में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर जमीन की अवैध बिक्री का खुलासा

**अनगड़ा :** हेसल मौजा नया टोली में एक मामला सामने आया फर्जी दस्तावेज दिखा कर जमीन की खरीद बिक्री बता दें कि कि विजय ठाकुर पिता अनरजी ठाकुर स्थाई पता हेसल थाना अनगडा रांची वर्तमान पता हाथी न ग र उदर गिरी उसमाम का निवासी है जिसका पैतृक जमीन जिसका खाता नंबर 159 प्लॉट नम्बर 429 ,430 कुल रकबा एक एकड़ जमीन और खाता नंबर 169 प्लॉट नम्बर 442 पार्ट जमा रकबा 50 डिसमिल मध्ये रकबा 5 डिसमिल को भरत प्रामाणिक पिता भिखु प्रामाणिक द्वारा जितेंद्र महतो को फर्जी दस्तावेज दिखा बिक्री कर दिया जिसका डीड संख्या 1539 है जो कि 13 फरवरी 2025 को बिक्री किया गया है खाता संख्या 169 प्लॉट संख्या 429 पार्ट जमा रकबा 50 डिसमिल मध्य रकबा 6 डिसमिल 90 डिसमिल भरत प्रामाणिक पिता स्व भिखू प्रामाणिक द्वारा प्रकाश महतो को फर्जी रूप में बिक्री किया गया जिसका डीड संख्या 4827 है जिससे दिनांक 10 मई 2025 को बिक्री किया गया बिक्री किया गया जमीन पर धारा 144 लागू था उसके वाजुद उक्त जमीन का गैर कानूनी रूप में बेचा गया।

### संत माईकल + 2 स्कूल, मुरी में पौधारोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**सिल्ली :** मुरी संत माईकल +2 स्कूल, मुरी में आज एक महत्वपूर्ण वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें छात्रों, शिक्षकों एवं स्कूल के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना और उन्हें अधिक से अधिक पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करना था। छात्रों एवं शिक्षको ने मिलकर विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए इस अभियान में आम , अमरूद, पीपल, बरगद, जामुन, निम, इत्यादि देशी एवं मौसमी पेड़ों का चयन किया गया। छात्रों ने उत्साहपूर्वक पौधों को लगाया और उनकी देखभाल करने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक श्री राकेश कुमार ने छात्रों को संबोधित किया और पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पेड़ लगाना चाहिए और उसकी देखभाल करनी चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य श्री सी. एल. प्रजापति ने बताया कि ये वृक्षा रोपण अभियान छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव रहा। इस अभियान के माध्यम से छात्रों ने न केवल पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझा बल्कि एक दूसरे के साथ मिलकर काम करने और समुदाय के लिए कुछ करने की भावना भी विकसित की। इस कार्यकम में संयुक्त सिंह देव, डॉली महतो , आस्था कुमारी, वि वेंकट राव, किशोर कुमार, अजय चिक बराईक, प्रीति लता मुंडू, प्रीति नंदा, वंदना कुमारी आदि शिक्षकगण उपस्थित थे।

## लगातार हो रही बारिश से ग्रामीण का घर ढहा,पीड़ित परिवार से मिले मंडल अध्यक्ष



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिल्ली :** सिल्ली पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार भारी बारिश के कारण सिल्ली प्रखंड के विभिन्न गांवों में ग्रामीणों का घर ढहता जा रहा है। इसी क्रम में कोका लगाम निवासी ठाकुर लोहार का भी घर पूरी तरह से ढह गया है जिससे उनके परिवार के सामने एक बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। परिवार के लोगों को रहने के लिए बहुत सारी समस्याएं उत्पन्न हो गई है। इधर जिन आम जनों का घर ढह गया है उनको वर्तमान सरकार द्वारा किसी प्रकार का सहयोग नहीं किया जा रहा है। भाजपा सिल्ली मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक एवं पतराहातू मंडल अध्यक्ष भागीरथ महतो ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव के समय आम जनों से बड़े-बड़े वादा करने वाले राजनेता अभी के मुश्किलों में साथ नहीं दे रहे हैं जिससे आम जनमानस काफी परेशान हैं।

### लगातार हो रही बारिश को लेकर बोकारो जिला प्रशासन सतर्क

बोकारो : जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं सक्रिय है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने जलजमाव एवं उससे उत्पन्न संभावित समस्याओं को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। उपायुक्त ने चास नगर निगम के अपर नगर आयुक्त, फुसरो नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, चास और बेरमो के अनुमंडल पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचलाधिकारी को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जल निकासी व्यवस्था की नियमित निगरानी करें और किसी भी प्रकार की जलजमाव की स्थिति से त्वरित निपटने के लिए तैयार रहें।

### इंटरमीडिएट को खत्म करने के फैसले के खिलाफ संघर्ष तेज

## जमशेदपुर में मानव श्रृंखला व नुक्कड़ सभा आज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** राज्य सरकार द्वारा डिग्री कॉलेजों से इंटरमीडिएट 11वीं, 12वीं की पढ़ाई समाप्त करने के निर्णय के खिलाफ इंटरमीडिएट बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों का विरोध लगातार तेज होता जा रहा है। सोमवार को समिति द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई, जिसमें सरकार के इस निर्णय को छात्र विरोधी और बिना योजना वाला बताया गया। प्रेस वार्ता में समिति के प्रतिनिधियों ने कहा कि यदि यह फैसला लागू हुआ, तो हजारों गरीब छात्रों के समक्ष उच्च शिक्षा के दरवाजे बंद हो जाएंगे, क्योंकि वे निजी स्कूल या कॉलेज की महंगी शिक्षा वहन नहीं कर सकते।

**8 जुलाई को प्रस्तावित राज्यभवन मार्च स्थगित, जमशेदपुर में होगा विरोध प्रदर्शन**

प्रेस वार्ता में समिति ने जानकारी दी कि 8 जुलाई को प्रस्तावित राज्यभवन मार्च को स्थगित कर दिया गया है, क्योंकि प्राप्त सूचना के अनुसार उस दिन माननीय राज्यपाल रांची में उपस्थित नहीं रहेंगे। अब 8 जुलाई को जमशेदपुर में नुक्कड़ सभा एवं मानव श्रृंखला के माध्यम से विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।

**बिना ढांचागत तैयारी, छात्रों को संकट में डाला गया: शुभम झा**

प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए समिति के छात्र प्रतिनिधि शुभम कुमार झा ने कहा कि सरकार ने बिना सोचे-समझे और बिना किसी समुचित ढांचागत तैयारी के यह फैसला लिया है, जिससे पूरे राज्य के हजारों छात्रों का भविष्य संकट में आ गया है। उन्होंने कहा कि महाविद्यालयों में इंटर की कक्षाएं बंद हैं, छात्र असमंजस में हैं और शिक्षा विभाग की निष्क्रियता छात्रों की उम्मीदों पर पानी फेर रही है। शुभम झा ने यह भी कहा कि एनईपी 2020 के नाम पर छात्रों को शिक्षा से वंचित करने का प्रयास हो रहा है, लेकिन छात्र अब अपने अधिकारों के लिए सजग हैं और सड़क पर उतर चुके हैं।

**राज्यभर के छात्रों से आंदोलन में शामिल होने की अपील**

संघर्ष समिति ने राज्य के तमाम छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों से आंदोलन में शामिल होने की अपील की है। उनका कहना है कि यदि अब भी आवाज नहीं उठाई गई, तो सरकारी कॉलेजों में कम फीस में मिलने वाली इंटर की पढ़ाई हमेशा के लिए समाप्त हो जाएगी। प्रेस वार्ता में संघर्ष समिति के अमन सिंह, शुभम झा, सबिता सोरेन, रिया, दीपनीता, आदित्य समेत विभिन्न महाविद्यालयों से छात्र प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### फल दुकानदार की बकुलिया नदी में डूबने से हुई मौत

**चतरा :** जिले के चौक स्थित फल के दुकानदार की बकुलिया नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया है। इस घटना से पत्थलगडा में शोक की लहर है। घटना की सूचना मिलने ही काफी संख्या में लोग प्रखंड कार्यालय के आगे दिवंगत के घर पहुंचे व शोक जताया। थाना प्रभारी राकेश कुमार शव को कब्जे को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि प्रकाश अग्रवाल उर्फ बौल दा पिछले चार दशक से पत्थलगडा चौक में गुमटी लगाकर फल बेचते थे।

**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, चतरा।**
**(कल्याण शाखा)**
**नव निर्मित अनुमण्डल कार्यालय परिसर, चतरा–825401 (झारखण्ड)**
**Email id-dwo.chatra66@gmail.com**

ई–कल्याण पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजना से संबंधित आवश्यक सूचना
आम सूचना

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | प्रारम्भ होने की तिथि | निर्धारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | संबंधित शैक्षणिक संस्थान के INO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की तिथि | 01.07.2025 | 15.07.2025 |
| 2 | DNO द्वारा छात्र/छात्राओं के आवेदन का सत्यापन की समय सीमा | 01.07.2025 | 15.07.2025 |

जिला कल्याण पदाधिकारी,
चतरा ।

PR.NO.356651 Welfare(25-26):D

## सरला बिरला विश्वविद्यालय में 5 दिवसीय एफडीपी का शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**अनगड़ा :** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आज ग्रीन एनर्जी टेक्नोलॉजिस फॉर अ सस्टेनेबल एनवायरमेंट विषय पर एक फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरूआत हुई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सतत ऊर्जा प्रणालियों के प्रति जागरूकता और क्षमतावर्धन को प्रोत्साहित करना है। यह एफडीपी मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग और सिविल एवं एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा, आईक्यूएसी और इंस्टीटूशन इनोवेशन काउंसिल (क्क्ळ) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम 7 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस अवसर पर एसबीयू के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन ने ऊर्जा और सततता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए अकादमिक समुदाय को वैश्विक हरित परिवर्तन में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। माननीय महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने बदलती जलवायु नीतियों की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए प्रतिभागियों से राष्ट्रीय सततता प्राथमिकताओं के अनुरूप अनुसंधान को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। प्रो. पंकज कुमार गोस्वामी, डीन, फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड कंप्यूटर साइंस, ने भविष्य के नवाचार, आर्थिक विकास और पर्यावरणीय संरक्षण में ऊर्जा की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने शिक्षकों और शोधकताओं से हरित ऊर्जा प्रौद्योगिकियों को अपनाने और समाज के दीर्घकालिक हित में पहल करने का आग्रह किया। एफडीपी के संयोजकों में शामिल डॉ. सागर सारंगी ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। धन्यवाद प्रस्ताव डॉ. वी.एन.एल. दुर्गा ने प्रस्तुत किया, जिसमें उन्होंने गणमान्य व्यक्तियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों और आयोजन समिति की सराहना की। उद्घाटन सत्र के दौरान आयोजन समिति के सदस्य भी उपस्थित रहे। पहले दिन देश के प्रमुख शोधकताओं द्वारा विशेषज्ञ वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. संतोष कुमार साहू, एसोसिएट प्रोफेसर, आईआईटी मद्रास ने भारत के विनिर्माण क्षेत्र में कार्बन मूल्य निर्धारणह्व विषय पर व्याख्यान दिया। डॉ. बसुदेव प्रधान, असिस्टेंट प्रोफेसर, केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड ने सतत पर्यावरण के लिए सौर फोटोवोल्टेक प्रौद्योगिकीह्व विषय पर चर्चा की, जिसमें उन्होंने ऊर्जा मांगों को स्थायी रूप से पूरा करने में सौर नवाचारों की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस एफडीपी में पूरे देश से लगभग 200 प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया।

**पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, राँची**

–: आवश्यक सूचना :–

दिनांक–**10.07.2025** को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक का आयोजन होटल रेडिसन ब्लू, राँची में निर्धारित है। जिसमें माननीय गृह मंत्री महोदय, भारत सरकार, अन्य राज्य के माननीय मुख्यमंत्री एवं कई गणमान्य भी0आई0पी0 शामिल होंगे। उक्त के मद्देनजर राँची शहर के यातायात व्यवस्थाओं में बदलाव किया जाता है।

- दिनांक–10.07.2025 को **सुबह 06:00 बजे से रात्रि 10:00 बजे तक** बड़ी मालवाहक वाहन का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- दिनांक 10.07.2025 को **सुबह 08:00 बजे से सुबह 11:00 बजे तक** तथा **शाम 4:00 बजे से रात्रि 07:00 बजे तक** छोटी मालवाहक वाहनों का शहर में प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- दिनांक 10.07.2025 को **सुबह 08:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक एवं दोपहर 02:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक** बिरसा चौक से सुजाता चौक तक ऑटो का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।
- दिनांक 10.07.2025 को **बिग बाजार चौक, राँची से कडरू ब्रिज के नीचे चौक तक** (उक्त कार्यक्रम में भाग लेने वाले वाहनों को छोड़कर) **सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश एवं परिचालन वर्जित रहेगा।**
- दिनांक 10.07.2025 को कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी वरीय पदाधिकारियों के वाहन की पार्किंग होटल रेडिसन ब्लू स्थित लोअर बेसमेंट पार्किंग में होगी।
- दिनांक 10.07.2025 को जिला स्तर के सभी पदाधिकारी (वरीय पदाधिकारी को छोड़कर) अपना वाहन का पार्किंग रॉची क्लब, रॉची पार्किंग एरिया में करेंगे।
- दिनांक 10.07.2025 को जिला स्तर के सभी वरीय पदाधिकारी अपना वाहन फिरायालाल के मैदान में पार्किंग करेगें।
- आवश्यकतानुसार अन्य मार्गों को अल्प समय के लिए **Divert** और **Stop** किया जा सकता है।

पुलिस अधीक्षक यातायात,
राँची

PR 356692 Police(25-26).D

# अखिलेश को बड़ा झटका देने की तैयारी में ब्राह्मण समाज

आजमगढ़, उत्तर प्रदेश का एक ऐसा जिला जो समाजवादी पार्टी (सपा) का गढ़ माना जाता है, 3 जुलाई 2025 को एक बार फिर सुर्खियों में था। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने नए आवास और पार्टी कार्यालय, जिसे उन्होंने पीडीए भवन नाम दिया, का उद्घाटन और गृह प्रवेश किया। यह भवन अनवरगंज में 72 बिस्वा जमीन पर बना है, जिसमें अखिलेश का निजी निवास, पार्टी कार्यालय, और समर्थकों के लिए एक बड़ा हॉल शामिल है। लेकिन इस भव्य आयोजन के बीच एक सवाल ने सबका ध्यान खींचा  अखिलेश ने गृह प्रवेश की पूजा के लिए काशी के ब्राह्मण विद्वानों को आमंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) समुदाय के किसी विद्वान को क्यों नहीं बुलाया? यह सवाल न केवल सियासी गलियारों में, बल्कि सोशल मीडिया और स्थानीय जनता के बीच भी चर्चा का विषय बन गया। बात ब्राह्मण समाज की नाराजगी की कि जाये तो ब्राह्मण सभा ने सपा कार्यालय और आवास के गृह प्रवेश के लिये गये ब्राह्मणों को अपने समाज से निकाल दिया है। ब्राह्मणों की यह नाराजगी सपा को 2027 के चुनाव में भारी पड़ सकती है, यूपी में करीब 10 प्रतिशत ब्राह्मण हैं। आजमगढ़ में समाजवादी पार्टी का यह नया कार्यालय 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। अखिलेश ने इसे पीडीए भवन नाम देकर अपनी रणनीति को स्पष्ट कर दिया। पीडीए, यानी पिछड़ा, दलित, और अल्पसंख्यक  सपा की राजनीतिक रणनीति का आधार रहा है, जिसने 2024 के लोकसभा चुनावों में पार्टी को 37 सीटें दिलाकर उत्तर प्रदेश में बीजेपी के विजय रथ को रोकने में मदद की। अखिलेश ने उद्घाटन समारोह में कहा, पीडीए की एकता ही हमें 2027 में सत्ता दिलाएगी। इस भवन को न केवल एक कार्यालय, बल्कि एक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी देखा जा रहा है, जहां युवाओं को समाजवादी विचारधारा से जोड़ा जाएगा। लेकिन इस आयोजन की चमक उस समय फीकी पड़ गई, जब यह खबर आई कि अखिलेश ने गृह प्रवेश की पूजा के लिए काशी के ब्राह्मण विद्वानों को बुलाने की इच्छा जताई थी, लेकिन वे नहीं आए। सूत्रों के अनुसार, काशी के पंडितों ने इटावा में हाल ही में हुए एक विवाद, जिसे 'इटावा कथावाचक कांड' कहा जा रहा है, के कारण नाराजगी जताते हुए पूजा कराने से मना कर दिया। इस कांड में अखिलेश के कुछ बयानों को ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ माना गया था, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर दान-दक्षिणा और पूजा-पाठ की परंपराओं पर सवाल उठाए थे। अखिलेश ने अंततः स्थानीय पंडितों से पूजा करवाई, और कुछ स्त्रोतों के अनुसार, पुजारी चंदन कुशवाहा ने इस कार्य को संपन्न किया। लेकिन सवाल यह उठता है कि पीडीए भवन के उद्घाटन जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर, जब अखिलेश अपनी पीडीए रणनीति को और मजबूत करने की बात कर रहे थे, तब उन्होंने पीडीए समुदाय के किसी विद्वान को पूजा के लिए क्यों नहीं चुना? यह सवाल न केवल उनके विरोधियों, बल्कि उनके समर्थकों के बीच भी चर्चा का विषय बन गया। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने इसे अखिलेश की रणनीति में विरोधाभास बताया। एक यूजर ने लिखा, भवन का नाम तो रख दिया, लेकिन पूजा ब्राह्मणों से ही करवानी है। क्या पीडीए में कोई विद्वान नहीं था? एक अन्य यूजर ने तंज कसते हुए कहा, अखिलेश जी को कोई पीडीए का पंडित नहीं मिला क्या? कथनी और करनी में अंतर साफ दिखता है। इन टिप्पणियों ने सपा के पीडीए फामूर्ले पर सवाल उठाए, जिसे अखिलेश ने हाल के वर्षों में अपनी पार्टी की छवि को यादव-मुस्लिम से हटाकर व्यापक बनाने के लिए अपनाया था। आजमगढ़ में पूजा के लिए ब्राह्मण विद्वानों को बुलाने की कोशिश को भी इसी रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। अखिलेश शायद यह संदेश देना चाहते थे कि उनकी पार्टी सभी समुदायों को साथ लेकर चल रही है।

## सूडोकु नवताल- 7484

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7483 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# ब्रिक्स में भारत का बढ़ता वर्चस्व संतुलित दुनिया का आधार

**ललित गर्ग**

ब्राजील के रियो डी जनेरियो में रविवार को हुए 17वें ब्रिक्स सम्मेलन में सदस्य देशों ने 31 पेज और 126 पॉइंट वाला एक जॉइंट घोषणा पत्र जारी किया। इसमें पहलगाम आतंकी हमले और ईरान पर इजराइली हमले की निंदा की गई। इससे पहले 1 जुलाई को भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया की मेंबरशिप वाले क्वाड ग्रुप के विदेश मंत्रियों की बैठक में भी पहलगाम हमले की निंदा की गई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस समिट में पहलगाम की आतंकी घटना पर कठोर शब्दों में कहा कि पहलगाम आतंकी हमला सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरी इंसानियत पर चोट है। आतंकवाद की निंदा हमारा सिद्धांत होना चाहिए, सुविधा नहीं। मोदी ने शांति एवं सुरक्षा सत्र में कहा कि पहलगाम में हुआ 'कायरतापूर्ण' आतंकवादी हमला भारत की 'आत्मा, पहचान और गरिमा' पर सीधा हमला है। इसके साथ ही उन्होंने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस समिट में महत्वपूर्ण मुद्रा में दिखाई दिये। उन्होंने एक बार फिर इसके विस्तार की बात की और सदस्य देशों से भी आग्रहपूर्ण ढंग से दबाव बनाया कि कि ब्रिक्स को विस्तार होना चाहिए। ब्रिक्स यानी बी से ब्राजील, आर से रूस, आई से इंडिया (भारत), सी से चीन और एस से दक्षिण अफ्रीका- ये दुनिया की पांच सबसे तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था वाले देशों का एक समूह है। ब्रिक्स एक ऐसा बहुपक्षीय मंच है, जो उभरती अर्थव्यवस्थाओं के बीच सहयोग, वैश्विक विकास और सामूहिक सुरक्षा की भावना को बल देता है। ब्रिक्स समिट काफी सफल एवं निर्णायक रहा है।

ब्रिक्स सम्मेलन में आतंकवाद, विशेषकर कश्मीर में फैले इस्लामी आतंकवाद को लेकर चर्चा ने इस मंच को वैश्विक राजनीति की दिशा तय करने वाले संगठनों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा कर दिया है। इसमें भारत की भूमिका, विशेषकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की निर्णायक भूमिका रही है। इन शक्तिसम्पन्न पांचों देशों का वैश्विक मामलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव है और दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। चीन इसे अपने हित के लिए इस्तेमाल करना चाहता है, जबकि भारत इसे सही मायनों में लोकतांत्रिक संगठन बनाना चाहता है। भारत चाहता है कि ब्रिक्स समूह मिलकर दुनिया में शांति, सह-जीवन, अहिंसा, लोकतांत्रिक मूल्य, समानता एवं सह-अस्तित्व पर बल देते हुए दुनिया को युद्ध, आतंक एवं हिंसामुक्त बनाया जाये। ब्रिक्स देशों के इस सम्मेलन में एक विशेष बिंदु जो उभरकर सामने आया वह था-अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद का बदलता स्वरूप और इसके कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में प्रभाव। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट रूप से यह रेखांकित किया कि आतंकवाद अब किसी एक राष्ट्र की समस्या नहीं रह गई है, बल्कि यह एक वैश्विक संकट बन चुका है। उन्होंने कश्मीर में हो रहे आतंकवादी हमलों, पाकिस्तान समर्थित गतिविधियों और भारत की सीमाओं पर हो रही हिंसक



घटनाओं को उदाहरण के रूप में सामने रखा। मोदी ने ब्रिक्स मंच से यह भी स्पष्ट किया कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन जब आतंक का राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल होता है, तो वह मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा बन जाता है।

भारत ने लंबे समय से कॉम्प्रेहेंसिव कॉन्वेंशन ऑन इन्टरनेशनल टेररिजम्स (सीसीआईटी) की पैरवी की है। इस बार ब्रिक्स मंच पर मोदी ने इस प्रस्ताव को फिर से प्रमुखता से उठाया और एक साझा परिभाषा व वैश्विक नीति की मांग की ताकि आतंकवादियों को सुरक्षा और राजनीतिक सहारा न मिल सके। प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी सुझाव दिया कि ब्रिक्स को एक साझा आतंकवाद निरोधी तंत्र बनाना चाहिए, जो सूचनाओं का आदान-प्रदान, निगरानी तंत्र और आतंक के वित्तपोषण को रोकने में सहयोग करे। भारत ने इस बार पाकिस्तान का नाम लिए बिना यह सिद्ध किया कि कश्मीर में आतंकवाद एक स्थानीय असंतोष नहीं, बल्कि बाहरी प्रायोजित आतंक है। ब्रिक्स देशों, विशेषकर रूस और ब्राजील ने इस बात को स्वीकारा कि कश्मीर में फैले आतंकवाद पर चिंता जायज है और उन्होंने भारत के दृष्टिकोण का समर्थन किया। यह कूटनीतिक जीत प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व कौशल को रेखांकित करती है। उन्होंने न केवल भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा की, बल्कि वैश्विक आतंकवाद के विरुद्ध एक नैतिक और व्यावहारिक आधार भी प्रस्तुत किया।

भारत 2026 में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करने जा रहा है। यह भारत के लिए भविष्य को गढ़ने का एक सुनहरा अवसर है। भारत अब न केवल आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देगा, बल्कि यह भी सुनिश्चित करेगा कि ब्रिक्स एक न्यायसंगत, सुरक्षित और आतंकवादमुक्त विश्व के निर्माण की दिशा में कार्य करे। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भारत की भूमिका न केवल आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक स्वरूप में दिखाई दी, बल्कि यह भी स्पष्ट हुआ कि भारत अब एक वैश्विक नेतृत्वकर्ता राष्ट्र के रूप में उभर चुका है। नरेंद्र मोदी ने जिस सूझबूझ, तर्कशक्ति और साहस के साथ कश्मीर मुद्दे को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया, वह भारत की कूटनीति के नए युग की शुरूआत है। आगामी वर्ष में जब भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता करेगा, तब यह विश्वास किया जा सकता है कि न केवल भारत, बल्कि समूचा विश्व भारत की नीति, नैतिक दृष्टि और नेतृत्व क्षमता का सम्मान करेगा। इस मंच से भारत केवल आर्थिक विकास नहीं, बल्कि मानवता, शांति और न्याय की नई इबारत लिखेगा।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नई विश्व व्यवस्था की मांग उठाई उन्होंने कहा कि आज दुनिया को एक बहुध्रुवीय और समावेशी व्यवस्था की जरूरत है। इसकी शुरूआत वैश्विक संस्थाओं में बदलाव से करनी होगी। मोदी ने कहा, बीसवीं सदी में बनाई गई वैश्विक संस्थाएं इक्कीसवीं सदी की चुनौतियों से निपटने में नाकाम हैं। एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता के दौर में तकनीक हर हफ्ते अपडेट होती है, लेकिन एक वैश्विक संस्थान 80 सालों में एक बार भी अपडेट नहीं होती। बीसवीं सदी के टाइपराइटर इक्कीसवीं सदी के सॉफ्टवेयर को नहीं चला सकते। प्रधानमंत्री ने कहा, ग्लोबल साउथ के देश अक्सर डबल स्टैंडर्ड का शिकार रहे हैं। चाहे विकास हो, संसाधनों की बात हो, या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की, ग्लोबल साउथ को कभी प्राथमिकता नहीं दी गई है। इनके बिना, वैश्विक संस्थाएं ऐसे मोबाइल की तरह हैं, जिसमें सिम कार्ड तो है लेकिन नेटवर्क नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, वैश्विक अर्थव्यवस्था में जिन देशों का योगदान ज्यादा है, उन्हें फैसले लेने का हक नहीं है। यह सिर्फ प्रतिनिधित्व का नहीं, बल्कि विश्वसनीयता और प्रभावशीलता का भी सवाल है।

भारत का मानना था कि समान सोच वाले देशों को साथ लेकर चला जा सकता है। आनेवाले समय में ब्रिक्स दुनिया की आधी जनसंख्या का प्रतिनिधित्व करने लगेगा। निश्चित ही ब्रिक्स की ताकत से एक वैश्विक संतुलन स्थापित हो रहा है और अमेरिका एवं पश्चिमी देशों के अहंकार एवं दुनिया पर शासन करने की मंशा पर पानी फिरा है। हमारा भविष्य सितारों पर नहीं, जमीन पर निर्भर है, वह हमारा दिलों में छिपा हुआ है, दूसरे शब्दों में कहें तो हमारा कल्याण अन्तरिक्ष की उड़ानों, युद्ध, आतंक एवं शस्त्रों में नहीं, पृथ्वी पर आपसी सहयोग, शांति, सह-जीवन एवं सद्भावना में निहित है। वसुधैव कुटुम्बकम का मंत्र इसलिये सारी दुनिया को भा रहा है। इसलिये बदलती हुई दुनिया में, बदलते हुए राजनैतिक हालात में सारे देश एक साथ जुड़ना चाहते हैं। ब्रिक्स का संगठन ऐसा सपना है जिसे भारत रत्न स्व. प्रणव मुखर्जी ने भारत के विदेश मन्त्री के तौर पर 2006 में देखा था। प्रणव दा बदलते विश्व शक्ति क्रम में उदीयमान आर्थिक शक्तियों की समुचित व जायज सहभागिता के प्रबल समर्थक थे और पुराने पड़ते राष्ट्रसंघ के आधारभूत ढांचे में रचनात्मक बदलाव भी चाहते थे। इसके साथ ही वह बहुध्रुवीय विश्व के भी जबर्दस्त पक्षधर थे जिससे विश्व का सकल विकास न्यायसंगत एवं लोकतांत्रिक तरीके से हो सके। अब नरेन्द्र मोदी ने इसमें सराहनीय भूमिका निभाई है। उनके दूरगामी एवं सूझबूझ भरे सुझावों का ब्रिक्स देशों ने लोहा माना है। ब्रिक्स संगठन में भारत का वर्चस्व चीन की तुलना में बढ़ा है जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शिता एवं कूटनीति का परिणाम है।

# वामपंथी उग्रवाद के खिलाफ मोदी सरकार का विकास मॉडल और प्रतिवाद रणनीति

**पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**

वामपंथी उग्रवाद का हिस्सा शहरी नक्सली, एक ऐसा मुहावरा जिसने हाल के वर्षों में लोकप्रियता हासिल की है, शहरी क्षेत्रों में ऐसे व्यक्तियों और संगठनों को संदर्भित करता है जो माओवादी उग्रवाद के साथ सहानुभूति रखते हैं, उसका समर्थन करते हैं या सक्रिय रूप से सहायता करते हैं। शहरी नक्सली भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा हैं और शत्रुतापूर्ण देशों में उनके कई समर्थक हैं, जिनके साथ हम कई वर्षों से छद्म युद्ध लड़ रहे हैं। ये शहरी नक्सली स्थानीय विरोध को खरीदने की चाहत रखने वाले वैश्विक व्यापारिक दिग्गजों की तरह भारत के खिलाफ अपने हमले को आगे बढ़ाने के लिए प्रमुख माध्यम हैं। ये शहरी समर्थक छद्म बुद्धिमान, अच्छे वक्ता होते हैं और खुद को सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद या मानवाधिकार अधिवक्ता बताते हैं, लेकिन उनका असली लक्ष्य युवा, भोले-भाले दिमागों को भर्ती करके और माओवादी प्रचार करके देश को अस्थिर करना है। एनआईए के अध्ययन के अनुसार, कई फ्रंटल संगठन और छात्र विंग इस भर्ती प्रयास का नेतृत्व कर रहे हैं। ये संगठन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्रों की आदर्शवादिता और कमजोरी का फायदा उठाते हैं। वे सामाजिक न्याय के पैरोकार बनकर छात्रों को कट्टरपंथी मान्यताओं से भर देते हैं, उन्हें सरकार का विरोध करने और हिंसक, विद्रोही जीवनशैली अपनाने के लिए मजबूर करते हैं। इस जहरीली मानसिकता या विचारधारा के परिणामस्वरूप हम एक समाज और राष्ट्र के रूप में बहुत पीड़ित हैं।

हालांकि, हाल के वर्षों में भारत की बहुआयामी वामपंथी उग्रवाद विरोधी नीति, जो सुरक्षा प्रवर्तन, समावेशी विकास और सामुदायिक भागीदारी को जोड़ती है, एक बड़ी सफलता रही है। आंदोलन धीरे-धीरे कम हो गया है, हिंसा में काफी कमी आई है और कई वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों को राष्ट्रीय मुख्यधारा में फिर से शामिल किया जा रहा है। भारत सरकार 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। वामपंथी उग्रवाद का छत्तीसगढ़, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र और पूर्वोत्तर राज्यों जैसे राज्यों के कुछ इलाकों पर प्रभाव पड़ा है।

दशकों से उग्रवाद से संबंधित रक्तपात ने पूर्वोत्तर में जीवन को दबा दिया था। पिछले 11 वर्षों में सरकार ने महत्वपूर्ण उग्रवादी संगठनों के साथ 12 शांति संधियों पर बातचीत की है और 10,000 से अधिक विद्रोहियों ने अपने हथियार डाल दिए। मुख्यधारा के जीवन में प्रवेश किया है। बोडो शांति समझौता और ब्रू-रियांग पुनर्वास संधि जैसे ऐतिहासिक समझौतों ने न केवल शांति बहाल की, बल्कि इस क्षेत्र को मुख्यधारा में फिर से शामिल करने के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की। हाल ही में त्रिपुरा में एनएलएफटी और एटीटीएफ के साथ 2024 के समझौते ने 35 साल की लड़ाई को समाप्त कर दिया। इन ऐतिहासिक पहलों ने न केवल शांति में सुधार किया है, बल्कि स्थानीय समुदायों में विश्वास भी बढ़ाया है। इस शांति-केंद्रित दृष्टिकोण के स्पष्ट परिणाम के रूप में सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम को पूरे पूर्वोत्तर में कम कर दिया गया है। 2014 और 2024 के बीच, हिंसक घटनाओं में 70 प्रतिशत की कमी आई है।

नरेन्द्र मोदी की सरकार ने नीतिगत सुधारों को भी लागू किया। 2015 में लुक ईस्ट से एक्ट ईस्ट नीति में परिवर्तन ने पूर्वोत्तर को एक सुदूर सीमा से दक्षिण-पूर्व एशिया के एक महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार में बदल दिया। कलादान मल्टीमॉडल ट्रांजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट और बांग्लादेश के साथ अगरतला-अखौरा रेल लिंक जैसी प्रमुख पहलें व्यापार और गतिशीलता बढ़ाने के लिए सीमा पार कनेक्शन बना रही हैं। क्षेत्र का सांस्कृतिक पुनरुत्थान भी उतना ही महत्वपूर्ण रहा है। पहले नजरअंदाज किए गए पूर्वोत्तर भारत के समृद्ध सांस्कृतिक अतीत की अब राष्ट्रीय और विश्वव्यापी स्तर पर सराहना हो रही है। नॉर्थ ईस्ट जोन कल्चरल सेंटर जैसे सांस्कृतिक केंद्रों की स्थापना ने नगालैंड के हॉर्नबिल और मणिपुर के संगाई जैसे क्षेत्रीय त्योहारों को बढ़ावा दिया है। यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में चोराइदेओ के मोइदाम के शिलालेख ने क्षेत्र के सांस्कृतिक गौरव को बढ़ा दिया है। मुगा सिल्क, जोहा चावल, तेजपुर लीची, काजी नेमू और बोका चौल जैसे स्थानीय उत्पादों ने जीआई लेबल प्राप्त किए हैं, जिससे उनकी दृश्यता और आर्थिक मूल्य बढ़ गया है। इस पुनर्जीवित सांस्कृतिक पहचान और उन्नत बुनियादी ढांचे के परिणामस्वरूप पर्यटन फल-फूल रहा है। अकेले 2023 में इस क्षेत्र में लगभग 1.20 करोड़ घरेलू पर्यटक और 2.21 लाख विदेशी आगंतुक थे। पूर्वोत्तर भारत में कृषि, जो पहले अपने प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के बावजूद कम प्रदर्शन से सीमित थी, एक शानदार बदलाव के दौर से गुजर रही है। उत्तर पूर्वी क्षेत्र के लिए मिशन ऑर्गेनिक वैल्यू चेन डेवलपमेंट जैसे विशिष्ट प्रयासों से 1.89 लाख से अधिक किसानों को सीधे लाभ हुआ है, जिसने 1.73 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र को जैविक खेती में बदल दिया है। इन किसानों को और सशक्त बनाने के लिए "10,000 एफपीओ के गठन और संवर्धन₹ पहल के हिस्से के रूप में 205 किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) स्थापित किए गए हैं, जो क्षेत्र के 15,500 किसानों को कवर करते हैं। ये एफपीओ सामूहिक सौदेबाजी की शक्ति को मजबूत करते हैं, प्रसंस्करण कौशल में सुधार करते हैं और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच को व्यापक बनाते हैं।

भारत सरकार सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की खामियों को दूर करने के लिए विशेष केंद्रीय सहायता (एससीए) नामक एक विशेष योजना के अंतर्गत क्रमशः सबसे अधिक प्रभावित जिलों और चिंता के जिलों को 30 करोड़ और 10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान करती है। इसके अलावा, विभिन्न जिलों के लिए उनकी जरूरतों के आधार पर अनूठी पहल प्रदान की जाती है। वामपंथी उग्रवाद की हिंसक घटनाएं, जो 2010 में 1936 के शिखर पर थीं, 2024 में 374 तक गिर गई हैं, जो 81 प्रतिशत की गिरावट को दशार्ता है। इसी तरह कुल मौतों की संख्या भी इस दौरान 85 प्रतिशत कम हुई है, जो 2010 में 1005 से 2024 में 150 हो गई है। भारत सरकार ने वामपंथी उग्रवाद के संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। पहला, नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्रों में कानून का शासन स्थापित करना और सभी अवैध हिंसक कृत्यों को समाप्त करना। दूसरा, लंबे समय तक नक्सली आंदोलन के परिणामस्वरूप विकास से वंचित क्षेत्रों में नुकसान की शीघ्र भरपाई करना। वामपंथी उग्रवाद के खतरे से समग्र रूप से निपटने के लिए, वामपंथी उग्रवाद के लिए एक राष्ट्रीय नीति और कार्य योजना को 2015 में मंजूरी दी गई थी। इसमें एक बहुआयामी रणनीति की परिकल्पना की गई है जिसमें सुरक्षा उपाय, विकास पहल, स्थानीय लोगों के अधिकारों और पात्रता की रक्षा आदि शामिल हैं।

कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में 48 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान और 61 कौशल विकास केंद्र स्थापित किए गए हैं। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित जिलों में 178 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय चालू किए गए हैं। कौशल विकास योजना का विस्तार सभी 48 जिलों में किया गया।

# बदलने लगे पाकिस्तान के सुर, उठने लगी हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंपने की मांग

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

आतंकवाद को संरक्षण देने में जिस देश का दुनिया भर में नाम बदनाम हो, यदि वह भारत के गुनहगार आतंकियों को भारत को सौंपना स्वीकार कर ले और इस तरह की मांग जनता एवं राजनेताओं के बीच से आने लगे तो समझ लिया जाए कि पाकिस्तान की हालत लगातार बद से बदतर होती जा रही है। सोचनेवाली बात यह है कि अब जब मानसून का दौर चल रहा है, नदियां उफान पर हैं, तब पाकिस्तान में पानी का संकट गहराता दिख रहा है। ऐसे में जब तेज गर्मी का मौसम होगा, तब क्या हालात यहां पैदा होंगे इसका आज सहज अंदाजा ही लगाया जा सकता है।

वस्तुतः 22 अप्रैल को जम्मू एवं कश्मीर के पहलगाम में लश्कर से जुड़े आतंकवादियों द्वारा किए गए आतंकी हमले के बाद भारत ने पड़ोसी देश में आतंकी शिविरों को निशाना बनाकर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इसके बाद ब्रह्मोस की मार से घायल पाकिस्तान को आखिर में 10 मई को भारत के साथ शांति 'समझौता' करने के लिए विवश होना पड़ा था। वहीं, भारत की ओर से पाकिस्तान पर जो प्रतिबंध लगाए गए, वह अब भी निरंतर हैं। ऐसे में पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने पाकिस्तान की ओर से विश्वास बहाली के उपाय के रूप में 'जांच के दायरे में आए व्यक्तियों' को भारत को प्रत्यर्पित करने में कोई आपत्ति नहीं होने की बात कही है, वह बहुत ही गौर करने लायक है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल का कहना है कि लश्कर-ए-तैयबा प्रमुख हाफिज सईद और जैश-ए-मोहम्मद प्रमुख मसूद अजहर को संभावित समझौते और सद्भावनापूर्ण रुख के तहत भारत को प्रत्यर्पित करने के बारे में विचार किया जा सकता है। पाकिस्तान हाफिज और मसूद अजहर को भारत को सौंपने के लिए तैयार है, लेकिन जरूरी यह है कि इसके लिए नई दिल्ली का पूरा सहयोग मिले। यहां बिलावल यह दावा करते हुए भी दिखे कि पाकिस्तान के साथ एक व्यापक वार्ता के हिस्से के रूप में, जहां आतंकवाद उन मुद्दों में से एक है जिन पर हम चर्चा करते हैं, मुझे यकीन है कि पाकिस्तान इनमें से किसी भी चीज का विरोध नहीं करेगा। राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण (नैक्टा) के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को पाकिस्तान ने प्रतिबंधित कर रखा है, जबकि 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य षड्यंत्रकारी हाफिज सईद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए 33 साल की सजा काट रहा है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित अजहर को भी नैक्टा ने प्रतिबंधित कर रखा है। पर इन दोनों आतंकियों के बारे में यहां हकीकत क्या है, वह किसी से आज छिपा हुआ नहीं है।

कहना होगा कि भारत के सबसे वांछित आतंकवादियों में से एक अजहर का नाम भारत में कई बड़े हमलों से जुड़ा है, जिसमें 2001 का संसद हमला, 26/11 का मुंबई हमला, 2016 का पठानकोट एयरबेस हमला और 2019 का पुलवामा आत्मघाती हमला शामिल है। इसके अलावा भी अन्य कई हमलों में उसका एवं उसके संगठन का नाम सामने आया है, यही कारण रहा कि उसे 2019 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित किया गया था। इसके बाद भी पाकिस्तान का इस आतंकवादी पर नर्म रुख लगातार देखने को मिला है।

दूसरी ओर भारत का रुख पहले दिन से स्पष्ट है, इसलिए ही पाकिस्तान से उसके संबंध तभी से तनावपूर्ण बने हुए हैं, भारत यह मांग कर रहा है कि सभी आतंकियों पर कठोर कार्रवाई करने के साथ वह उन सभी को भारत कि लिए प्रत्यार्पित करे। इतना होने के बाद भी भारत ने बीच-बीच में हर संभव प्रयास किया कि पाकिस्तान के साथ पड़ोसी धर्म निभाया जाए, वह एक बड़े भाई की भूमिका में भी नजर आया। संबंध सुधारने के लिए हर संभव प्रयास किए गए, यहां तक कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले कार्यकाल के शुरूआती सालों में पाकिस्तान के साथ अच्छे रिश्ते बनाने की कोशिश करते हुए 25 दिसंबर, 2015 को ही अचानक पाकिस्तान पहुंचने में संकोच नहीं किया, उस दिन वे तत्कालीन प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पोती की निकाह में भी शामिल हुए थे। उन्होंने नवाज शरीफ को अफगानिस्तानी स्टाइल का गुलाबी साफा भी तोहफे में दिया था, जिसे शरीफ पहने हुए भी नजर आए थे। कूटनीति की मेज पर शंति बहाली के प्रयास किए गए, पर हर बार पाकिस्तानी आतंकियों ने भारत के विश्वास को तोड़ा। जिसके बाद भारत सरकार का यह स्पष्ट मत बना है कि वह पाकिस्तान के साथ आगे की कोई भी चर्चा केवल आतंकवाद और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर ही करेगा। भारत ने आज पाकिस्तानियों का वीजा रद्द करने के साथ ही अटारी-वाघा सीमा क्रॉसिंग बंद करना, आयात-निर्यात को पूरी तरह से रोकना, अपना हवाई क्षेत्र बंद करने जैसे कई प्रतिबंध आतंकवाद के विरोध में भारत ने पाकिस्तान पर लागू किए हैं।

ऐसे में स्वभाविक है कि पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल जो आज कह रहे हैं, वह बहुत अहम हो जाता है, क्योंकि इस बात को अभी एक माह भी नहीं हुआ है, जब उन्होंने भारत के खिलाफ जमकर जहर उगला था। बिलावल भारत को चेतावनी दे रहे थे कि अगर पाकिस्तान का पानी रोकने की कोशिश की गई तो देश के लिए युद्ध ही एकमात्र विकल्प रह जाएगा। यहां तक कि बिलावल के नेतृत्व में एक उच्चस्तरीय पाकिस्तानी संसदीय प्रतिनिधिमंडल भारत के साथ संघर्ष करने की बात कहने के बाद अपने देश का पक्ष रखने के लिए वाशिंगटन, न्यूयॉर्क और लंदन पहुंचा था। यह प्रतिनिधिमंडल अमेरिका में भारी बेइज्जती के बाद यूरोपीय यूनियन के नेताओं को बरगलाने के लिए ब्रसेल्स भी पहुंचा।

## दैनिक पंचांग

**8 जुलाई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 06.01 बजे से |
| चंद्र | वृश्चिक में | सिंह | 08.17 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.29 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.40 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | वृश्चिक | 14.55 ब.से |
| शुक्र | वृष में | धनु | 17.11 बजे से |
| शनि | मीन में | मकर | 19.16 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कुंभ | 21.02 बजे से |
| केतु | सिंह में | मीन | 22.35 बजे से |
| राहुकाल | 3.00 से 4.30 बजे तक | मेष | 00.06 बजे से |
| | | वृष | 01.46 बजे से |
| | | मिथुन | 03.44 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 189 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** आषाढ़ **पक्ष** शुक्ल **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 00.39 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** ज्येष्ठा 03.15 बजे रात्र को समाप्त। **योग** शुक्ल(शुक्र) 22.17 बजे को समाप्त। **करण** कौलव 11.58 बजे तदनन्तर तैतिल 00.39 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 12.6 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 28' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872399 **जूलियन दिन** 2460864.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** मोहर्रम **तारीख** 12 **विशेष** प्रदोष व्रत, जयापार्वती व्रत प्रारंभ।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### सर्पदंश से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत

**कोडरमा :** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अन्तर्ग वार्ड नं 26 निवासी एक वृद्ध की रविवार रात सर्पदंश से मौत हो गई है। मृतक की पहचान शिवशंकर साव उर्फ लीटो साव उम्र लगभग 70 वर्ष पिता स्व. गिरधारी साव के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए मृतक के पुत्र बबलू साव ने बताया कि उनका एक भाई महतोआरा-गझण्डी रोड में एक होटल संचालित करता है। बीती रात पिता जी भी होटल पर गए हुए थे। इसी बीच बारिश आ गई और वे होटल में रखे प्लास्टिक के बोरे हो हटाने लगे। इसी दौरान बोरे के नीचे छिपे के जहरीले सांप ने उनकी उंगली में काट लिया। जिससे उनका हाथ पूरा नीला पड़ने लगा। जिसके पश्चात उन्हें आनन-फानन में सदर अस्पताल कोडरमा ले जाया गया। जहां ईलाज के पश्चात उनकी बिगड़ती हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हजारीबाग रेफर कर दिया। जहां ईलाज के क्रम में उनकी मौत हो गई। बताते चलें कि बरसात के शुरू होते ही जिले में सर्पदंश का खतरा बढ़ना शुरू हो गया है।

### खूंटी में लोडेड देसी पिस्टल के साथ अपराधी गिरफ्तार

**खूंटी :** पुलिस ने शहर के बाजार टांड़ में रविवार की छापेमारी कर एक अपराधी को खदेड़कर पकड़ लिया, जबकि अन्य दो अपराधकर्मी अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। पकड़े गए आरोपित की तलाशी लेने पर उसके पास से एक लोडेड देसी पिस्टल (मैगजीन सहित) और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गिरफ्तार आरोपित मुरहू के इट्ठे गांव निवासी सागर मुंडा के विरुद्ध खूंटी थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो ने सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। एसपी ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि शहर के बाजारटांड़ में तीन संदिग्ध लड़के शराब पी रहे हैं और लोगों को हथियार का भय दिखाकर रंगदारी मांग रहे हैं। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए खूंटी थाना प्रभारी मोहन कुमार के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम ने त्वरित कार्रवाई करते छापेमारी की, तो पुलिस टीम को देखते ही तीनों लड़के वहां से भागने लगे। इस पर पुलिस टीम ने एक आरोपित को खदेड़कर धर दबोचा, जबकि अन्य दो आरोपित भागने में सफल रहे।

### युवक ने प्रेमिका की शादी तुड़वाने के लिए मंगेतर को भेजी अश्लील तस्वीरें

**रामगढ़ :** जिले के एक सनकी युवक ने प्रेमिका की शादी तुड़वाने के लिए उसके मंगेतर को अश्लील तस्वीरें भेज दी। इस घटना के बाद सोमवार को जिस घर में शहनाई बजने वाली थी, वहां मातम पसर गया। पीड़िता हाथों में मेहंदी लगाए रामगढ़ एसपी कार्यालय पहुंची और न्याय की गुहार लगाई। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि पश्चिम बंगाल की पुरुलिया जिला की रहने वाली है। वह रजरप्पा थाना क्षेत्र में में अपने मामा के घर में रहती थी। यहां चितरपुर शिवालय मंदिर केवट टोला निवासी प्रमोद प्रजापति से उसकी मुलाकात हुई। पीड़िता की ओर से दिए गए आवेदन में कहा गया है कि प्रमोद ने उसे शादी का प्रलोभन दिया था। प्रलोभन देकर उसने उसका नाजायज फायदा उठाया और अश्लील तस्वीरें खींच ली। जब पीड़िता ने उसपर शादी का दबाव बनाया तो वह आनाकानी करने लगा। इसके बाद उन दोनों के बीच के संबंध खत्म हो गए। इधर पीड़िता के पिता ने दुलमी प्रखंड में दीपक से पीड़िता की शादी तय कर दी। शादी 7 जुलाई को होने वाली थी।

# सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की उपायुक्त ने की समीक्षा, समय पर पेंशन भुगतान का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ फैज अक अहमद मुमताज ने अपने कार्यालय कक्ष में जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की। बैठक के दौरान सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा शंकर प्रसाद के द्वारा उपायुक्त को रामगढ़ जिले में केंद्र एवं राज्य प्रायोजित पेंशन योजनाओं के तहत लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी दी गई। इस दौरान सहायक निरीक्षक सामाजिक सुरक्षा द्वारा बताया गया कि केंद्र प्रायोजित पेंशन योजनाओं में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विधवा पेंशन योजना, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के तहत 25890 लाभुकों को मार्च 2025 तक पेंशन प्रदान कर दिया गया है। आवंटन के अभाव के कारण लाभुकों को अप्रैल से जुलाई का भुगतान नहीं किया जा सका है। इस संबंध में उपायुक्त ने विभाग से समन्वय करते हुए लाभुकों को ससमय पेंशन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। राज्य प्रायोजित पेंशन योजना के तहत सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा के द्वारा उपायुक्त को जानकारी दी गई की सर्वजन पेंशन योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री राज्य वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री आदिम जनजाति पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री राज्य एचआईवी एड्स पीड़ित व्यक्तियों के लिए पेंशन योजना, स्वामी विवेकानंद निशक्त स्वावलंबन प्रोत्साहन योजना एवं मुख्यमंत्री ट्रांसजेंडर पेंशन योजना के तहत स्कूल 94752 लाभुकों को जुलाई 2025 तक का पेंशन उपलब्ध करा दिया गया है वहीं मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 131423 लाभुकों को मई 2025 तक का सम्मान राशि उपलब्ध करा दिया गया है। जिस पर उपायुक्त ने ससमय लाभुकों को सम्मान राशि उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

# एसबीआई से पैसे निकासी के दौरान महिला से 50 हजार की ठगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा :** कोडरमा जिले के तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से पैसे निकासी के लिए गई एक महिला से 50 हजार रुपए की ठगी कर लिए जाने का एक मामला प्रकाश में आया है। घटना की जानकारी देते हुए झुमरीतिलैया के अड्डी बंगला रोड निवाई पीड़िता गुड़िया देवी ने बताया कि उनके पति कैंसर पीड़ित हैं। जिनके ईलाज के लिए पैसे निकासी हेतु वे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के झुमरीतिलैया शाखा पहुंची। जहां उन्होंने अपने 6 लाख रुपए की एक फिक्सड डिपाजिट से पैसे निकासी हेतु चेक भरने लगी। महिला ने चेक भरने में दो बार गलती कर दी। इसी बीच बैंक में पहले से मौजूद एक युवक उनके पास आया और चेक भरने में उनकी मदद करने लगा। जिसके पश्चात उसने उक्त महिला से चेक लेकर पैसे निकासी करते हुए उन्हें 6 लाख रुपए (सभी 5 सौ के नोट) लाकर दिए। इधर ठग ने महिला से 50 हजार रुपए के खुल्ले (छोटे नोट) कराने की बात कहकर वह वहां से चला गया। करीब दो घंटे बीत जाने के बाद भी जब वह युवक वहां नहीं पहुंचा तो वे बैंक कर्मियों से उसके बारे में पूछताछ करने लगी। जिसके बाद उन्हें पता चला कि उक्त युवक उनसे पैसे की ठगी कर फरार हो गया है। महिला ने बताया कि उस युवक न केवल इनकी बल्कि बैंक में मौजूद अन्य कई लोगों की भी मदद कर रहा था। इधर कैश काउंटर पर बैठे बैंक कर्मी ने बताया कि उक्त महिला द्वारा चेक भरने में दो बार गलती हो गई थी। इसके पश्चात जिस प्रकार से वह युवक महिला की मदद कर रहा था, उससे ऐसा बिल्कुल भी प्रतीत नहीं हुआ कि वह युवक महिला के साथ नहीं आया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही तिलैया थाना प्रभारी विनय कुमार मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए।

# सरकारी नीतियों के खिलाफ बैंक यूनियनों का बिगुल, कल देशभर में बैंक बंद रहेंगे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** 9 जुलाई 2025 को देशभर के बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है। यह हड़ताल ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाईज एसोसिएशन, ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन और बैंक एम्प्लाईज फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त आह्वान पर आयोजित की जा रही है। इस हड़ताल का उद्देश्य केंद्र सरकार की जनविरोधी और श्रमविरोधी नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज कराना है। इसके साथ ही यह हड़ताल केंद्रीय श्रमिक संगठनों की प्रमुख मांगों के समर्थन में की जा रही है। बैंक यूनियनों की प्रमुख मांगों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण पर रोक, बैंकों में पर्याप्त भर्तियों की सुनिश्चितता, आउटसोर्सिंग को बंद करने, कॉरपोरेट बकायेदारों से ऋण की तत्काल वसूली, ग्राहकों के लिए सेवा शुल्क में कमी, श्रम संहिताओं को लागू न करने, पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) की बहाली, ट्रेड यूनियन अधिकारों में हस्तक्षेप पर रोक और बैंक कर्मियों की लंबित मांगों का शीघ्र समाधान शामिल है। यूनियन नेताओं का कहना है कि यह आंदोलन केवल बैंक कर्मियों के लिए नहीं, बल्कि आम ग्राहकों के अधिकारों की भी रक्षा करने के उद्देश्य से है। यूनियनों ने कहा है कि सरकार को बैंकों के निजीकरण की बजाय सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को मजबूत करने की दिशा में काम करना चाहिए। इसके अलावा, लंबे समय से लंबित प्रमोशन, भत्ते और सेवा शर्तों से जुड़े मुद्दों का भी समाधान सरकार को करना चाहिए। हड़ताल के कारण देशभर में नकद जमा-निकासी, चेक क्लियरिंग, ऋण सेवाएं और अन्य बैंकिंग कार्य प्रभावित हो सकते हैं। यूनियनों ने आम लोगों से सहयोग की अपील की है और आग्रह किया है कि वे आवश्यक बैंकिंग कार्य 9 जुलाई से पहले निपटा लें, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# सड़क पर जलजमाव से परेशान ग्रामीणों ने बीडीओ को सौंपा हस्ताक्षरित आवेदन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**मरकच्चो :** मरकच्चो प्रखण्ड मुख्यालय मरकच्चो स्थित मध्य पंचायत के हृदय स्थल बंधन चौक से पष्चिम मुहल्ला मुख्य मार्ग पर हल्की बर्षा होने से युक्त सड़क पर एक सौ फीट में एक से डेढ़ फीट जल जमाव हो जाता है जिससे लोगो को आने जाने में काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मरकच्चो को एक हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर समस्याओं से अवगत कराया है। साथ ही साथ जल निकासी के लिए की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर युक्त सड़क को 100 फीट तक ढलाई कर ऊंचा कर दिया जाय तो समस्या से निजात मिल सकता है। ग्रामीणों के द्वारा दिये गए आवेदन में अशोक कुमार सिंह,चंद्रिका सिंह, कपिलदेव सिंह, विनय सिंह, अहिल्या देवी, वंदना कुमारी, प्रीति कुमारी ,सुधा देवी, सुप्रिया कुमारी, प्रमीला देवी, सोनी देवी, निशा देवी, गायत्री देवी, मोसोमात अहिल्या, पम्मी कुमारी, शांति देवी, सुनीता देवी विमला देवी किरण देवी, ममता देवी समेत कई लोगों के हस्ताक्षर हैं।

# विश्व ब्राह्मण संघ और विप्र फाउंडेशन ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रामगढ़ :** विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन रामगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी, प्रतिभा सम्मान समारोह होटल मनोहर रेसीडेंसी के हॉल में झंडा चौक रामगढ़ दिनांक 07 जुलाई 2025 दिन सोमवार को 10 वा एवं 12 वा क्लास के बच्चों को सम्मानित किया गया। प्रतिभा समान समारोह का आयोजन कर सभी बच्चों को बुलाया गया, इस कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी के चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन पाठक तथा जिलाध्यक्ष अशोक पांडेय द्वारा दीप प्रज्वलन तथा पुष्पांजलि के साथ किया गया। उसके उपरांत मुख्य अतिथि को अंग वस्त्र एवं बुके देकर स्वागत किया गया( इस कार्यक्रम में रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए लगभग एक दर्जन बच्चों को सम्मानित किया गया, तनिसा शर्मा, पिता किशोर शर्मा 97 प्रतिशत,दिव्या ओझा पिता विजय ओझा 96 प्रतिशत, आयुष ओझा 92. प्रतिशत पिता संजय ओझा, श्रृष्टि पाठक पिता दीपक पाठक, देवाशीष गोस्वामी पिता गौतम गोस्वामी 90.20 प्रतिशत, आलिया मिश्रा 95 प्रतिशत,भागवत झा 96.20 प्रतिशत इन सभी बच्चों के बीच मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र देकर सात में सभी को मिठाई खिला कर मुँह मीठा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप कुमार शर्मा, नवीन पाठक, अशोक पांडेय, अरुण बनर्जी, गोकुल शर्मा, विजय प्रताप ओझा, अनुज तिवारी, शशि कांत दूबे, मुना मिश्रा, बबलू दुबे, श्रीकांत मिश्रा, अनिल त्रिपाठी बरकाकाना को पतरातू क्षेत्र का जिला महासचिव एवं विजय ओझा को गोला जिला महासचिव बनाये गये( मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा शिक्षा से ही समाज उद्यान एवं श्रेष्ठ अंक लाने वाले ही समाज का भविष्य तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की ।

# ओपी जिंदल विद्यालय में वन महोत्सव सप्ताह संपन्न, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पतरातु :** ओ.पी. जिंदल विद्यालय में प्रकृति की पुकार पर छात्रों की संगीतमय, सृजनशील और संकल्पबद्ध प्रतिक्रिया सहित शिक्षा के साथ संवेदना का सुंदर समन्वय स्थापित करते हुए 01 जुलाई से 07 जुलाई 2025 तक, विद्यालय में आयोजित वन महोत्सव सप्ताह महज एक शैक्षणिक गतिविधि नहीं, बल्कि एक जीवंत अभियान बन गया। हर दिन विद्यार्थियों ने अपने मन, मस्तिष्क और कल्पना की ऊँचाइयों से प्रकृति की पुकार को स्वर, रंग, अभिनय और विचारों के माध्यम से समाज के समक्ष प्रस्तुत किया। प्रातः वंदना सभा में जब बच्चे मंच पर आए, तो वहाँ कोई पाठ्यपुस्तक नहीं, बल्कि धरती की वेदना, पेड़ों की पीड़ा और हवा की बेचैनी उनके शब्दों में छलक उठी। पोस्टर-बैनर प्रदर्शनी, स्वरचित कविताएँ, नाटक, पर्यावरण गीत, और भावप्रधान भाषणों के माध्यम से छात्रों ने न सिर्फ जानकारी दी, बल्कि हृदयों को झकझोर देने वाला संदेश दिया। वृक्ष नहीं होंगे, तो भविष्य की साँसें सूख जाएँगी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने स्तर पर वनों के महत्व, जलवायु संकट, प्लास्टिक प्रदूषण, हरित ऊर्जा और सतत विकास लक्ष्यों पर ऐसी प्रस्तुतियाँ दीं,जो एक गंभीर पर्यावरणीय विमर्श को जन्म देती हैं। 7 जुलाई 2025, सप्ताह का अंतिम दिन –लेकिन एक नए जीवन का प्रथम चरण। विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। छात्रों ने पौधों को रोपते समय उन्हें केवल मिट्टी में नहीं लगाया, बल्कि उन्हें अपने भविष्य की जड़ों में रोपा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पाण्डेय ने अपने भावनात्मक और प्रेरणादायी संदेश में कहा जब हम एक पौधा लगाते हैं, तब हम एक उम्मीद बोते हैं – अपने बच्चों के स्वच्छ साँस लेने की, हरियाली से घिरे भविष्य की। विद्यालय शिक्षा का मंदिर है, और यह उसका धर्म है कि वह समाज को संवेदनशील, जागरूक और प्रकृति के प्रति उत्तरदायी नागरिक दे और ओपी जिंदल विद्यालय अपने इस दायित्व का निर्वाह पूरी तत्परता के साथ कर रहा है। छात्रों ने इस पूरे सप्ताह को केवल एक स्कूली गतिविधि न मानते हुए, इसे धरती के साथ संवाद की तरह लिया। विद्यार्थियों ने स्लोगन और नारे और ईको-फ्रेंडली पोस्टर प्रस्तुत कर लोगों को जोड़ने की पहल की।

## संक्षिप्त खबरें

### भुरकुंडा कोयलांचल में शांतिपूर्वक माहौल में मना मुहर्रम पर्व



**भुरकुंडा :** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुहर्रम के अवसर पर मुस्लिम समुदाय की ओर से रविवार को पारंपरिक तरीके से मातमी जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर आकर्षक ताजिया के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में लोगो ने पारंपरिक लाठी, तलवार सहित अन्य हथियारों के साथ हैरत अंगेज करतब भी दिखाएं। जुलूस में लोग या अली या हुसैन के नारे लगा रहे थें। इस दौरान मुस्लिम धमार्लंबियों द्वारा जगह-जगह अस्त्र-शस्त्र करतब दिखाया गया। साथ ही तकबीर नारे रिशालत की गगनचुंबी नारे भी लगाए गए। सभी अखाडे.भुरकुंडा थाना चौक में जमा हुए। इस दौरान अखाड़ों के खिलाडियों ने हैरतअंगेज खेल का प्रदर्शन किया। जुलूस बिरसा चौक, मस्जिद कॉलोनी, भुरकुंडा बाजार, थाना चौक, हॉस्पीटल कॉलोनी होते हुए वापस थाना चौक पहुंचा। कोयलांचल के भुरकुंडा, सौन्दा डी, उपर धौडा सहित अन्य जगहों से मुहर्रम का जुलूस निकाला गया। इधर बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित गांधी नगर में शांतिपूर्वक माहौल में भाईचारगी के साथ मुहर्रम का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर आकर्षक ताजिया के साथ भव्य जुलूस निकाला गया। जुलूस में जुलूस में पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष मनोज राम, इमरोज खान, मो. सब्बीर, मेराज अंसारी, सहित सैंकड़ों मुस्लिम धर्मावावलंबी शामिल हुए। विधि-व्यवस्था बनाए रखने में भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार गुप्ता, एसआई अविनाश कुमार, कुणाल कुमार, भदानीगनर ओपी प्रभारी ब्रह्मव्रत कुमार, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार सहित सशस्त्र बल जुटे थे।

### अपने हक की लड़ाई को लेकर कल हड़ताल पर रहेंगे सेल बोकारो के मजदूर : संयुक्त मोर्चा



**बोकारो :** सोमवार को ट्रेड यूनियन संयुक्त मोर्चा, बोकारो के तत्वावधान में इडी वर्कस बिल्डिंग पर सैकड़ों की संख्या में मजदूर जूलूस बनाकर नारा लगाते हुए पहुंचे और मांगों के समर्थन में जोरदार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर के गोराई ने किया। प्रदर्शन के बाद आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीटू के महामंत्री बी डी प्रसाद ने कहा कि प्लांट के सभी विभागों के सैकड़ों मजदूर भारी बारिश के बीच सभा में पहुंचकर यह साबित किया है कि हम जिंदा कौम है और अपने हक अधिकार को हासिल करने के लिए लड़ना जानते हैं। उन्होंने कहा कि कोयला के मजदूर आंदोलन के बल पर न केवल सम्मानजनक वेतन समझौता करवाते हैं बल्कि साल में 86000 तक बोनस भी हासिल करते हैं। सेल में पिछले चार साल से एमओयू साइन होने के बावजूद भी वेतन समझौता आधा अधुरा है। प्रबंधन ढिठाई पर उतर चुका है जबकि इन्हीं मजदूरों की बदौलत प्रत्येक साल हजारों करोड़ का मुनाफा कमा रही है। लेकिन इसका कमाया हुआ 39 महीने के बेसिक डीए का एरियर देना नहीं चाहती है,ऐसा एनजेसीएस के इतिहास में पहली बार देख रहे हैं। ग्रेच्युटी पर बीस लाख पर एकतरफा सीलिंग लगा दिया गया है। आंदोलन करने पर दूसरे प्लांट में स्थानांतर कर दिया जाता है। स्थायी कामों के लिए मेन पावर का घोर अभाव है लेकिन उसके स्थान पर अकुशल कामगारों को लगा दिया गया है जिससे एक तरफ प्लांट का उत्पादन प्रभावित होता है वहीं दूसरी तरफ अनसेफ वर्क कंडीशन भी बना रहता है। सभा को संबोधित करते हुए एटक के महामंत्री रामाश्रय प्रसाद सिंह ने कहा कि यहां के ठेका मजदूर तो दोयम दर्जे का नागरिक बना दिया गया है। जोब की कोई गारंटी नहीं है। न्यूनतम मजदूरी मांगने पर बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है। इसलिए हमने मांग किया है कि ठेकेदार बदले लेकिन मजदूर वही रहेगा की नीति लागू करो।साठ साल की नौकरी की गारंटी करो। मेडिकल और बच्चों की शिक्षा की सुविधा सेल प्रबंधन को देना होगा। उन्होंने आगे कहा कि हमने यह माग किया है कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार हाइर पेंशन इपीएस 95 लागू करो। यहां के विस्थापित अप्रेंटिसशिप किए हुए नौजवानों और मृत कर्मचारियों के आश्रितों को प्राथमिकता के आधार पर नियोजित किया जाय। देशव्यापी 17 सूत्री मांगों के साथ उपरोक्त सवालों को लेकर बोकारो के नियमित और ठेका मजदूर एक साथ 9 जूलाई की हड़ताल को सफल बनाने का आज संकल्प दुहराते हैं। आज की सभा को इंटक के दीपक मिश्रा व एआईयूटीयूसी के सुभाष प्रमाणिक ने भी संबोधित किया। कल भी हड़ताल के पूर्वसंध्या पर शाम 5 बजे मेन गेट पास सेक्शन पर विशाल सभा होगी।

### डीपीएस में माता-पिता एवं अभिभावकों हेतु ओरिएंटेशन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बोकारो :** विद्यालय के दृष्टिकोण और मूल्यों को साझा करना, माता-पिता की चिंताओं को संबोधित करना, एक अभिभावकों और शिक्षकों के बीच मजबूत साझेदारी का निर्माण करना, नए तथा पुराने विद्यार्थियों के लिए एक सहज परिवेश सुनिश्चित करने हेतु अभिभावकों के लिए अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बाल-केंद्रित शिक्षाशास्त्र, समग्र विकास, मूल्य-आधारित शिक्षा, सह-पाठयक्रम गतिविधियाँ, संसाधन उपलब्धता इत्यादि विषयों पर विस्तार से जानकारी दीं। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सलोनी प्रिया थीं। जिन्होंने माता-पिता को अपने बच्चे के दृष्टिकोण से दुनिया को देखने, उनकी भावनाओं और प्रेरणाओं को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करती दिखी। स्वस्थ वृद्धि और विकास के लिए एक सकारात्मक और सहायक घरेलू माहौल के महत्व पर जोर दी। उन्होंने माता-पिता को प्रत्येक बच्चे के अद्वितीय व्यक्तित्व की सराहना करने और उसके अनुसार अपने पालन-पोषण के दृष्टिकोण को ढालने की सलाह देते हुए कहा कि जहाँ बच्चे अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने में सहज महसूस करें, वहाँ रिश्तों को बेहतर बनाने और साझा अनुभव बनाने के लिए परिवार के साथ समय बिताने की सलाह दी। अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करती हुई यह दशार्ती है कि कैसे छोटे-छोटे इशारे भी बच्चे को मूल्यवान और प्यार महसूस करा सकते हैं। इन युक्तियों को शामिल करके, माता-पिता अपने और अपने बच्चों के लिए अधिक सकारात्मक और संतुष्टिदायक पालन-पोषण अनुभव बना सकते हैं।विदित हो कि सलोनी प्रिया एक प्रसिद्ध परामर्श मनोवैज्ञानिक हैं जिन्हें 20 वर्षों से शिक्षा प्रबंधन, मानव विकास और प्रशिक्षण, छात्र और शिक्षक सशक्तिकरण, अभिभावक मार्गदर्शन और व्यापक परामर्श के क्षेत्र में काम कर रही हैं। शैक्षणिक संस्थानों में पेरेंटिंग प्लेटफॉर्म बनाने वाली अग्रणी लोगों में से एक हैं, जिन्होंने स्कूलों में पारंपरिक अभिभावक-शिक्षक संचार को बदलने के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य किया है। माता-पिता के लिए कार्यशालाएँ और संवादात्मक सत्र आयोजित किए जिनमें बच्चे के साथ संचार, बच्चे में आत्मसम्मान का निर्माण, बच्चे को अनुशासित करने की तकनीक, भाई-बहन की प्रतिद्वंद्विता को संभालना, मूल्य शिक्षण, किशोरावस्था को संभालना, किशोरों का तनाव, जीवन कौशल सिखाना आदि। माता-पिता और बच्चों के संबंधों के गहन अवलोकन के साथ-साथ व्यक्तिगत किस्से साझा कर कार्यक्रम को अत्यधिक प्रभावी, मनोरंजक और जानकारीपूर्ण और लोगों के लिए आँखें खोलने वाला बना है।

## एक नजर

### दो अलग-अलग आपसी मारपीट में दो घायल, एक रेफर




**राजमहल:** थाना क्षेत्र अंतर्गत मुर्गी टोला गांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मुर्गी टोला निवासी मनारूल शेख 43 वर्ष का पड़ोसी के साथ घर का गंदा कूड़ा फेंकने को लेकर हुए विवाद में कहा सुनी होते-होते बात मारपीट तक पहुंच गया। परिजनों की मदद से इलाज के लिए घायल को अनुमंडल अस्पताल लाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरी ओर बीती रात मोहर्रम जुलूस में किसी बात को लेकर कहा सुनी में हुई मारपीट में शहर के कासिम बाजार निवासी इमरान शेख घायल हो गया। जिसे परिजनों की मदद से इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों के द्वारा इलाज किया गया। ड्यूटी में मौजूद डॉक्टर कुमार सौरभ के द्वारा बताया गया कि दोनों घटना की सूचना संबंधित थाना पुलिस को दे दी गई थी।

### गंगा का रौद्र रूप 24 घंटे में 6 सेमी बढ़ा जलस्तर

**साहिबगंज:** जिले में गंगा का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है, जिससे दियारा क्षेत्र और निचले इलाकों में रहने वाले लोगों में बाढ़ का खतरा फिर से मंडराने लगा है। केंद्रीय जल आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार गंगा का जलस्तर प्रतिदिन औसतन 6 सेमी की दर से बढ़ रहा है। 1 जून को जहां गंगा का जलस्तर 23 .45 मीटर था, वहीं 2 जून को यह बढ़कर 23 .51 मीटर, 3 जून को 23 .57 मीटर और 4 जून को 23 .63 मीटर दर्ज किया गया।

हालांकि फिलहाल जलस्तर खतरे के निशान से काफी नीचे है, फिर भी लगातार हो रही वृद्धि ने लोगों की चिंताएं बढ़ा दी हैं। ज्ञात हो कि गंगा में खतरे का निशान 27 .25 मीटर और चेतावनी रेखा 26 .25 मीटर निर्धारित है। ऐसे में यदि यही प्रवृत्ति बनी रही, तो आने वाले दिनों में प्रशासन और आमजन दोनों को अलर्ट रहने की जरूरत होगी। वही स्थानीय प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी सतर्कता बरत रहे हैं। दियारा क्षेत्र में रहने वाले कई परिवारों ने अभी से ऊंचाई वाले स्थानों पर सामान शिफ्ट करना शुरू कर दिया है।

# आगामी बोर्ड परीक्षा में अव्वल परिणाम लाने की हो तैयारी, शिक्षकों का होगा मूल्यांकन : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** ज़िले के समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सभी सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, राज +2 विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के सभी प्रधानाध्यापक एवं शिक्षकों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने सभी सीएम स्कूल के शिक्षकों को निर्देश दिया कि बोर्ड परीक्षा 2026 में शत प्रतिशत रिजल्ट हेतु अभी से ही तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया गया। अगले माह से शिक्षकों से विषयवार बच्चों की उपलब्धि के आधार पर समीक्षा की जाएगी। बच्चों के लिए दो घंटे का विशेष कक्षा की व्यवस्था की जा रही है जिसमें बच्चे की विषय से संबंधित जटिल समस्याओं को क्लियर किया जाएगा। सीएम स्कूल एसओई क्लास का परख बुकलेट तैयार किया जा रहा है सभी बच्चों को बुकलेट उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही सभी बच्चों को जूता उपलब्ध कराने का प्रस्ताव दिया गया। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले के बेस्ट शिक्षक का लिस्ट तैयार करें ताकि सीएम स्कूल एसओई में दिया जा सके। बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी अनीता पुरती एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी पीयूष कुमार समेत अन्य उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**पाकुड़ :** ज़िले के उपायुक्त मनीष कुमार द्वारा बैंक कॉलोनी स्थित जिला स्टेडियम में जिला स्तरीय सुब्रतो कप फुटबॉल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में पाकुड़ जिले के सभी प्रखंडों की अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग की विजेता टीमें हिस्सा ले रही हैं। उद्घाटन समारोह की शुरूआत उपायुक्त द्वारा फुटबॉल को किक मारकर की गई। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधीक्षक, एडीपीओ, एपीओ व बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया । उन्होंने कहा कि सुब्रतो कप एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है । उन्होने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने का संदेश देते हुए कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा है, लेकिन सच्ची जीत टीम भावना, अनुशासन और समर्पण में होती है।

## आनंद मार्ग ने किया पौधारोपण और बीज बॉल का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल और प्रीवेंशन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्स एंड प्लांट्स जमशेदपुर की ओर से छोटा गदरा देहात क्षेत्र में 100 पौधे और 200 बीज बॉल का वितरण किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में बच्चों और ग्रामीणों को बीज बॉल बनाने की विधि और इसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में सुनील आनंद ने कहा कि 1980 के बाद से धरती का तापमान औसतन एक डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। इसका मुख्य कारण कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य ग्रीन हाउस गैसों का बढ़ता उत्सर्जन, जंगलों की कटाई और पर्यावरण के साथ छेड़छाड़ है। ब्रिटिश मौसम वैज्ञानिकों ने चेताया है कि अगले पांच साल पिछले 10 वर्षों की तुलना में अधिक गर्म रहेंगे, जिससे खेती-किसानी पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और पैदावार में तीन से सात प्रतिशत तक की कमी आ सकती है। सुनील आनंद ने बताया कि संस्था का लक्ष्य हर महीने कम से कम 2000 पौधे वितरित करना है ताकि आने वाले वर्षों में हरियाली बढ़े और धरती के तापमान को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने कहा कि एक लाख बीज बॉल से कम से कम 10 हजार पौधों का उगना निश्चित है।

## हिल साइट में हुई रेल दुर्घटना की जांच में पहुंची टीम, रेल कर्मियों को लगाई फटकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरहरवा :** बीते दिनों बरहरवा रेक लोडिंग यार्ड बिंदुधाम हिल साइट में हुई भीषण रेल दुर्घटना में रेलवे को करोड़ो का नुकसान हुआ है,साथ ही स्थानीय ग्रामीणों को की भी जिंदगी बाल बाल बची है, आखिर इस दुर्घटना का जिम्मेवार कौन है,किसकी लापरवाही के कारण इस भीषण दुर्घटना का सामना रेलवे को करना इतना महंगा पड़ा ये एक बड़ा सवाल है जिसका जवाब भी तक पूरी तरह से साफ नहीं हो पाया है। घटनास्थल पर मालदह डीआरएम दुर्घटना के दूसरे दिन पहुँच कर मामले की छानबीन और राहत कार्य तत्काल शुरू कर दिए थे लेकिन जानकारी के अनुसार सोमवार को कोलकाता रेलवे महाप्रबंधक (जीएम) के निर्देश पर कोलकाता,जमालपुर व मालदह से चार सदस्यीय जाँच टीम व एडीआरएम सहित बरहरवा रेलवे रेक लोडिंग हिल साइट व बिंदुधाम दुर्घटनास्थल पर दल बल के साथ पहुँच कर एक एक बिंदुओं की बारीकी से जाँच की जिस दौरान अधिकारियों ने बरहरवा गुड्स कलर्क (जीएसएस) टुनटुन प्रसाद को उनके गैर जिम्मेदाराना हरकत के लिये जमकर फटकार लगाई। अधिकारियों ने लोडिंग प्रकिया,घटना के दिन लोडिंग के दौरान कौन कौन रेलकर्मी मौजूद थे रेलवे के नियमो के अनुसार अनुपालन क्यों नहीं किया गया,बोगियों की सुरक्षा के लिए क्या क्या कार्य किये गए थे,ब्रेकिंग सिस्टम,चैन ब्लॉकिंग की क्या पोजीशन थी, सहित विभिन्न सवाल किए जिसका संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। वही बरहरवा एसएस से रेक लोडिंग साइडिंग के नियमित निरीक्षण को लेकर भी कड़े लहजे में सवाल जवाब किये, तत्पश्चात गुड्स कलर्क टुनटुन प्रसाद से लोडिंग के लिए इंडेन लगवाने, लोडिंग करने वालों की पूरी जानकारी व आवश्यक दस्तावेज की माँग की परन्तु गुड्स कलर्क द्वारा संतोष जनक जवाब नहीं मिल पाई और गुड्स कलर्क ने कार्यालय में कागजात दिखाने की बात कही,हालांकि मामले की जाँच व छानबीन अभी जारी है।

## मुहर्रम जुलूस में ऑपरेशन सिंदूर और ब्रह्मोस मिसाइल की झांकी बनी आकर्षण का केंद्र

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिम सिंहभूम :** पश्चिम सिंहभूम जिला में रविवार की देर रात मोहर्रम के अवसर पर चाईबासा में परंपरागत और ऐतिहासिक जुलूस भारी बारिश के बावजूद बड़ी धूमधाम से निकाला गया। बारिश में भी बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी ने उनकी आस्था और समर्पण को दशार्या। जुलूस गरीब बस्ती, बड़कंदाज टोली आदि से निकलकर बड़ी बाजार, शहीद पार्क पहुंचा और खेल प्रदर्शन के बाद पाक कर्बला में संपन्न हुआ। जुलूस में ऑपरेशन सिंदूर और ब्रह्मोस मिसाइल की झांकी विशेष आकर्षण रही। अल्लाह हू अकबर के नारों से माहौल गूंज उठा। युवाओं, बुजुर्गों और बच्चों ने पारंपरिक तासा डंका और ताजियों के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन मुस्तैद रहा। एसडीओ संदीप अनुराग टोपनो, एसडीपीओ बहामन टुटी और अंचल अधिकारी उपेंद्र कुमार स्वयं मौके पर उपस्थित रहे। चाईबासा पुलिस बल चप्पे-चप्पे पर तैनात था, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सेंट्रल मोहर्रम कमेटी ने संदेश दिया कि मोहर्रम त्याग, इंसानियत और भाईचारे की मिसाल है। नगरवासियों ने भी प्रशासन की व्यवस्था की सराहना की। शांतिपूर्ण आयोजन ने एक बार फिर चाईबासा को गंगा-जमुनी

## धोखाधड़ी को लेकर राधानगर थाना में एक व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर थाना क्षेत्र से एक धोखाधड़ी का मामला सामने आया है, जहाँ एक ईंट भट्ठा मालिक से मजदूरों की आपूर्ति के नाम पर ढाई लाख रुपये ठग लिए गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने न तो मजदूर उपलब्ध कराए और न ही पैसे लौटाए, बल्कि अब जान से मारने की धमकी दे रहा है। मामले को लेकर राधानगर थाना क्षेत्र के उत्तर पियारपुर निवासी जियाउर रहमान ने राधानगर थाना में लिखित आवेदन देकर बताया है कि उन्होंने अपने ईंट भट्ठे के लिए मजदूर उपलब्ध कराने हेतु मो. कुर्बान अंसारी (पिता- रैजुल अंसारी, ग्राम छोटा मदनशाही, थाना जिरवाबाड़ी) से संपर्क किया था। उन्होंने लगभग एक वर्ष पूर्व,22 जुलाई 2024 को 2,00,000 रुपये (दो लाख रुपये) और फिर 04 अक्टूबर 2024 को 50,000 रुपये (पचास हजार रुपये) मो. कुर्बान अंसारी को दिए थे। यह कुल 2,50,000 रुपये (ढाई लाख रुपये) की राशि 20 जोड़ी पथरिया मजदूर उपलब्ध कराने के एवज में दी गई थी। दोनों के बीच यह एग्रीमेंट भी हुआ था कि यदि मजदूर नहीं दिए जाते हैं तो पैसा वापस कर दिया जाएगा।आरोप है कि महीनों बीत जाने के बाद भी मो. कुर्बान अंसारी ने न तो मजदूर उपलब्ध कराए और न ही उनके पैसे वापस किए। जब जियाउर रहमान ने अपनी रकम वापस मांगी, तो मो. कुर्बान अंसारी उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे और पैसे वापस न लौटाने की बात कहने लगे।

# मूकबधिर विद्यालय में पढ़ने वाली छात्रा की संदिग्ध मौत परिजनों ने विद्यालय प्रबंधन पर लगाए गंभीर आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत धोबी झरना स्थित मूक बधिर विद्यालय के कक्षा 3 में पढने वाली किशोरी छात्रा जिया मालतो पिता देवा मालतो का अचानक रविवार दोपहर 2 बजे तबियत बिगड़ने पर उसे विद्यालय की सिस्टर अंकिता लकड़ा, अंबिका लुगुन एवं एक अन्य सिस्टर की मदद से बेहतर इलाज हेतु निजी अस्पताल ले जाया गया था जहां चिकित्सक के मौजूद नहीं रहने पर वहां से उसे बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया गया। जहां सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. कुलदीप कुमार गुप्ता ने जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया। उधर इस घटना के बाद मूक बधिर विद्यालय की सिस्टर ने किशोरी छात्रा के परिजनों को उसके तबियत ज्यादा बिगड़ने की जानकारी दी थी जिसके बाद परिजन देर शाम तक आनन फानन में विद्यालय पहुंचे। वही विद्यालय पहुंचने के बाद जब परिजनों ने देखा तो पाया कि उसकी बेटी की मौत हो गई है जहां परिजनों ने इस मामले में स्थानीय थाना क्षेत्र की पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस की टीम ने मृतक किशोरी छात्रा के शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम कराने के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था। उधर सोमवार को मृतक किशोरी छात्रा के पिता एवं अन्य परिजनों ने सदर अस्पताल में बताया कि मूक बधिर विद्यालय की सिस्टर ने मृतक किशोरी छात्रा की उम्र और उसके घर का पता सदर अस्पताल में गलत लिखा दिया है जबकि उसकी बेटी पिछले दो सालों से यही रहकर पढ़ाई कर रही थी। आगे उन्होंने कहा कि जब उनकी बेटी की तबीयत दो दिन पहले ही खराब हुई थी तो परिजनों को किन कारणों से विद्यालय प्रबंधन ने इसकी जानकारी देनी उचित क्यों नहीं समझी। वही जब रविवार को भी उसकी बेटी की मौत सदर अस्पताल लाने के दौरान ही रास्ते में हो गई थी तो फिर उनसे विद्यालय की सिस्टर ने झूठ क्यों बोला यह अपने आप में एक बहुत बड़ा सवाल है। उधर सदर अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक के द्वारा मृतक किशोरी छात्रा के शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है जहां परिजन शव को अपने घर गोड्डा जिले के बड़ा केरलो थाना नम्बर 80 राजभीठा एंबुलेंस से लेकर चले गए हैं। वही मृतक किशोरी छात्रा के पिता ने विद्यालय प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनका घर जब गोड्डा जिले में पड़ता है तो फिर क्यों विद्यालय की सिस्टर ने पाकुड़ जिले के जियापानी गांव क्यों लिखवाया। वही मृतक किशोरी छात्रा की उम्र से भी छेड़छाड़ किया गया है जहां उसकी बेटी का उम्र आधार कार्ड के अनुसार 9 वर्ष होने वाली है जबकि सदर अस्पताल में 12 वर्ष लिखाया गया है जो कहीं न कहीं विद्यालय प्रबंधन के बड़ी गलती की ओर इशारा कर रहा है। जहां परिजनों ने स्थानीय थाना क्षेत्र की पुलिस से अपने बेटी की संदेहास्पद परिस्थितियों में हुई मौत की असली कारणों का पता लगाते हुए इसमें शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़े से कड़े कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। उधर मामले को लेकर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया कि मृतक किशोरी छात्रा के मौत मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कुछ कहा जा सकता है फिलहाल पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने का इंतजार है।

## संक्षिप्त खबरें

### कार्यकारणी समिति का चार दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन




**बरहरवा:** सोमवार को कोटालपोखर संकुल स्तरीय महिला प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड के पदाधिकारियों, कार्यकारणी सदस्य तथा सम्बंधित लेखापाल का कोटालपोखर संकुल संघ कार्यालय में सोमवार को कार्यकारिणी समिति का नेतृत्व और शासन का चार दिवसीय प्रशिक्षण का समापन बीपीएम मो फैज आलम की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान प्रशिक्षक चुनेस्वरी देवी एवं शाईनारा खातून के द्वारा संकुल संगठन का मूल संरचना, मजबूत समुदाय आधारित संगठन, शासन, सदस्यता और संचालन की भूमिका तथा संस्था को बेहतरढंग से चलाने के लिए आवश्यक तत्त्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। मौके पर पीआरपी सुशीला मुर्मू, सामुदायिक समन्वयक दुलर मरांडी, लेखापाल जितेंद्र कुमार साह तथा कोटालपोखर, बड़ासोनाकार, मयूरकोला, पलासबोना तथा पथरिया पंचायतो के ग्राम संगठन के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### मुहर्रम की ग्यारहवीं तिथि को तजिया सिपल का देर शाम किया गया पहलाम



**साहिबगंज:** मुहर्रम की ग्यारहवीं तिथि सोमवार को शहर के सभी मुहर्रम कमिटी के ताजिया सिपल का देर शाम किया गया पहलाम, शाम को निकाला गया सभी मुहर्रम कमिटी का अखाड़ा जुलूस। एलसी रोड में दूसरे दिन भी शाम से देर रात्री तक रहा मेला जैसा नजारा। बिहार, बंगाल, झारखंड के कई जिला के महिला पुरुष बच्चे पहुंचे शहर के मुहर्रम अखाड़ा जुलूस ताजिया सिपल देखने। सभी मुहर्रम कमिटी के खिलाड़ी दिखाए अपने अपने आकर्षक अखाड़ा खेल का प्रदर्शन। जहां एलसी रोड कमिटी अपने साथ अंजुमन नगर, रसूलपुर दहला, मजहर टोला मुहर्रम कमिटी के अखाड़ा को लेकर कुलीपाड़ा गया, वहां से बाकी सभी मुहर्रम कमिटी के ताजिया जुलूस को लेकर सभी कमिटी मुख्य मार्ग होते हुए पुनः एलसी रोड पहुंचकर अखाड़ा खेलते हुए पश्चिम फाटक होकर सदर ब्लॉक कार्यालय समीप कर्बला (ईदगाह) पहुंचकर पहलाम किया। पहलाम करने के बाद सभी मुहर्रम कमिटी अपना ताजिया सिपल को लेकर शांतिपूर्ण अपने मुहल्ले को लौटे गए। जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद हैं, सीसीटीवी, ड्रोन, गुप्त कैमरा, वीडियो ग्राफी से पैनी नजर मुहर्रम जुलूस पर बनाई रखी हुई है। उपद्रवी, हुडदंगी, दूसरे देश के झंडा बैनर पोस्टर लेकर चलने वालों पर पुलिस की पैनी नजर था।

### ज्ञानकोष क्लासेस ने मनाई प्रथम वर्षगांठ डिजिटल ज्ञानकोष लाइब्रेरी का हुआ उद्घाटन



**साहिबगंज:** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान बना चुकी ज्ञान कोष क्लासेस ने सोमवार, 7 जुलाई 2025 को अपनी प्रथम वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। इस विशेष अवसर पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें शैक्षणिक जगत के गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में साहिबगंज के उप विकास अयुक्त सतीश चन्द्रा ने शिरकत की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ. रणजीत कुमार सिंह उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर व फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर श्डिजिटल ज्ञान कोष लाइब्रेरीश् का विधिवत उद्घाटन किया गया। यह डिजिटल लाइब्रेरी विद्यार्थियों को ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, पाठ्यक्रम आधारित नोट्स और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु उत्कृष्ट संसाधन प्रदान करेगी। यह पहल क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक बड़ी पहल मानी जा रही है। समारोह के दौरान मैट्रिक परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी विद्यार्थियों- सत्यम यादव, केशव गुप्ता,तुषार कुमार ,अमन कुमार, सवेरा कुमारी, डोली कुमारी, रागिनी कुमारी ,खुशी कुमारी और पायल कुमारी को सम्मानित भी किया गया। विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया गया। ज्ञान कोष क्लासेस के निदेशक गौरव ने बताया कि संस्था के माध्यम से निम्नलिखित शैक्षणिक सेवाएं दी जा रही हैं। कार्यक्रम का संचालन शैक्षणिक एवं सामाजिक वातावरण में बेहद सकारात्मक रूप से संपन्न हुआ। अतिथियों ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए इसे जिले के शैक्षणिक विकास के लिए प्रेरणा स्रोत बताया।

### कांग्रेस के जिला अध्यक्ष ने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**साहिबगंज/बरहेट:** रविवार को कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष तैमूर अंसारी की अध्यक्षता में बरहेट पहुंचे पार्टी के जिला बरकतुल्लाह खान का कांग्रेसी कार्यकताओं ने जिंदाबाद का नारा लगाकर स्वागत किया। इसके साथ ही पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के लिए भी नारे लगाए। बैठक में बरकतुल्लाह खान ने कांग्रेस के बरहेट प्रखंड कमीटी में प्रखंड उपाध्यक्ष, महासचिव, मंडल अध्यक्ष की घोषणा कर दिया। कमेटी में दो उपाध्यक्ष जयदेव रजवार और रागीब आलम,9 महासचिव जिसमें हनिफ मोमिन, आलम अंसारी, नुनूवा हेम्ब्रम, हेमा मुर्मू, खगेन दास, सीताराम पंडित व अन्य शामिल हैं तथा दो मंडल अध्यक्षों में मो .अख्तर अंसारी और अफजल अंसारी की घोषणा की गई है।

# गोपाल खेमका को पटना सिटी के शूटर ने मारी गोली

## बाइक से कार तक पहुंचा और शूट किया, अपराधी विजय पर पहले से 3 मर्डर केस







पटना। बिहार के बड़े उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या करने वाले की पहचान हो गई है। पटना सिटी के रहने वाले विजय सहनी ने इस मर्डर को अंजाम दिया था। अपराधी विजय पर पहले से हत्या के 3 केस हैं। इन सभी मामलों में पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। बताया जा रहा है कि विजय पहले किसी और गैंग के लिए काम करता था। हाल ही में उसने नई गैंग जॉइन की थी। पुलिस सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए संदिग्ध की निशानदेही पर दो और अपराधियों को हिरासत में लिया गया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस टीम की जांच हत्यारे के और करीब पहुंच गई है। जल्द ही हत्याकांड का खुलासा किए जाने का दावा किया जा रहा है। विजय सहनी शुक्रवार की रात बाइक से आया और गोपाल खेमका के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी। मौका-ए-वारदात से जो गोली बरामद हुई वो 9 एमएम की की बताई गई। हाई प्रोफाइल मर्डर केस के बाद पुलिस ने अपने सारे नेटवर्क खोल दिए। बेऊर जेल में पुलिस के आला-अधिकारियों की मौजूदगी छापेमारी हुई। चर्चा रही कि मर्डर का कनेक्शन बेऊर से जुड़ा है। गोपाल खेमका के अंतिम संस्कार के दौरान कारोबारी के घर के बाहर से एक संदिग्ध को हिरासत में लिया गया है। बताया जाता है कि, संदिग्ध हर मूवमेंट पर नजर रख रहा था। पुलिस उसे गांधी मैदान थाना ले जाकर उससे पूछताछ कर रही है अगले 24 घंटे में पुलिस इस मामले का खुलासा कर सकती है। पटना जोनल क्ळ्जितेंद्र राणा ने भी इस हत्याकांड का बहुत जल्द खुलासा करने का दावा किया है। पटना SSP कार्तिकेय शर्मा खुद SIT को लीड कर रहे हैं। शनिवार देर रात छापेमारी में वो भी रहे। मुख्यालय की भी टीम लगी हुई है। हर एक गतिविधि पर पुलिस मुख्यालय की नजर है। उन्होंने कहा, 'पुलिस को अहम लीड्स मिले हैं। गुप्त जानकारी मिली है। 6 से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ हो रही है। पटना में गोपाल खेमका को उनके अपार्टमेंट के गेट के ठीक सामने अपराधी ने गोली मारी थी। खेमका गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक के पास कटारुका निवास में रहते थे। आनन-फानन में परिजन उन्हें पटना के मेडिवर्सल अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। गोपाल खेमका देर रात खुद गाड़ी ड्राइव करते हुए बांकीपुर क्लब से घर लौटे थे। वो जैसे ही अपार्टमेंट के पास पहुंचे, घात लगाए अपराधी ने सिर में गोली मार दी। अपराधी बाइक से आया था। हत्या का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें एक अपराधी उन्हें गोली मारकर भागते हुए दिखाई दे रहा है। गांधी मैदान थाने से 300 मीटर दूर वारदात को अंजाम दिया गया है। घटना के बाद लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि 2 घंटे तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची। परिजनों ने घटना की सूचना पटना पुलिस को देने की कोशिश की, लेकिन किसी ने फोन रिसीव नहीं किया। फिर अउक्ष्ट्र मुख्यालय कुंदन कृष्णन को फोन कर घटना की सूचना दी। इसके बाद पटना पुलिस हरकत में आई। सूत्रों की मानें, तो सबसे पहले उउळश के फुटेज को खंगाला गया। उसमें अपराधी अपनी गाड़ी से फ्रेजर रोड की तरफ जाते हुए दिखा। इसके बाद वो एसपी वर्मा रोड, आयकर गोलंबर, आर ब्लॉक होते हुए अटल पथ पहुंचा। फिर खढ सेतु के रास्ते सोनपुर की ओर फरार हो गया। इस हत्याकांड में 3 से 4 अपराधियों का नेटवर्क काम कर रहा था। किसे खेमका को शूट करना है। कौन शूटर को बचाकर निकालेगा। किस रूट से भागना है और कहां पहुंचना है, ये सब पहले से लॉक था। अपराधियों ने जो प्लानिंग की थी, मर्डर के बाद उसे ठीक वैसे ही अंजाम दिया। इसी प्लानिंग की वजह से ही वो अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर है। इधर राहुल गांधी ने कारोबारी की हत्या को लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट किया। उन्होंने बढ़ते अपराध को लेकर कहा कि 'भाजपा-नीतीश ने बिहार को क्राइम कैपिटल बनाया।' सम्राट चौधरी ने कहा- 'गोपाल खेमका जी की हत्या हमारे लिए चुनौती का विषय है। सीएम ने कड़े निर्देश दिए हैं। पटना पुलिस किसी को छोड़ेगी नहीं। अपराधी हो या अपराध को रचने वाले हो, किसी को बख्शा नहीं जाएगा।' गोपाल खेमका का रविवार को पटना के गुलबी घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। छोटे बेटे गौरव खेमका ने पिता के पार्थिव शरीर को मुखाग्नि दी थी। पिता की हत्या की खबर सुनकर स्कॉटलैंड से बेटी गरिमा खेमका घर पहुंचीं और पिता के शव से लिपटकर रो पड़ीं। सुबह से ही काटारुका निवास पर लोगों का आना जाना लगा रहा। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी गोपाल खेमका के घर पहुंचे, परिवार से मिले। उन्होंने कहा- 'कारोबारी की हत्या हमारे लिए चुनौती है। अपराधियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।' कारोबारी कमलनोपानी ने कहा कि, प्रशासन को मुस्तैद होना होगा। हत्यारे की जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो उसे फांसी मिले। बिहार के व्यवसायी समाज की मांग है कि उन्हें तुरंत हथियारों का लाइसेंस दिया जाए, ताकि प्रशासन सुरक्षा नहीं दे पा रही है तो हमलोग खुद से अपनी सुरक्षा कर पाएं। सोमवार को व्यापारियों की बैठक बुलाई गई है। इसमें आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। कारोबारी महेश जलान ने कहा कि, सरकार को जो करना है करे, लेकिन हमलोगों को सुरक्षा दे। इस जंगलराज में नहीं रह पाएंगे।मृतक कारोबारी के बेटे गौरव ने शनिवार को पटना पुलिस के सामने अपना बयान दर्ज कराया। गौरव ने कहा, 2018 में उनके भाई गुंजन खेमका की हत्या कर दी गई थी। परिवार के दो लोग मारे जा चुके हैं, जिसकी वजह से मेरा परिवार डरा हुआ है। मैं सरकार और पुलिस से आग्रह करता हूं कि मेरे परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाए।

## संक्षिप्त डायरी

### घर घुसकर पीआरएस को मार डाला, अपराधियों ने कई बार चाकू से गोदा, सीसीटीवी का डीवीआर भी तोड़ दिया



**मुजफ्फरपुर।** अपराधियों ने घर में घुसकर प्रखंड कार्यालय में कार्यरत एक पीआरएस (पंचायत रोजगार सेवक) की निर्मम तरीके से चाकू से गोदकर हत्या कर दी है। यह घटना काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के रामराजी रोड मुहल्ले में हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। अपराधियों ने मृतक के शरीर पर कई बार चाकू से हमले किए थे। पूरी घटना लूटपाट के दौरान होने की आशंका जताई जा रही है। वहीं, घर में लगे सीसीटीवी का डीवीआर भी तोड़ दिया गया। जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे सिटी एसपी कोटा किरण कुमार, डीएसपी टाउन सीमा देवी और ऋछ की टीम ने घटनास्थल का जायजा लिया। स्थानीय लोगों की भारी भीड़ घटना के स्थल पर उमड़ पड़ी। मृतक की पहचान मुमताज आलम (37 वर्ष) के रूप में हुई है। वह वैशाली जिले के भगवानपुर प्रखंड में बतौर पीआरएस कार्यरत थे। घटना के बाद परिजनों में चित्कार मची हुई है। मृतक अपने घर में पत्नी और तीन बच्चों के साथ रह रहे थे। घटना के समय मृतक अपने एक कमरे में अकेले सोए हुए थे, जबकि उनकी पत्नी और तीन बच्चे अलग कमरे में सोए थे। इस पूरे मामले को लेकर सिटी एसपी कोटा किरण कुमार ने बताया कि हत्या की एक घटना हुई है। घटना लगभग तीन बजे के आस-पास हुई। प्रारंभिक जांच में मामला घर में घुसकर लूटपाट का प्रतीत हो रहा है। मृतक वैशाली के भगवानपुर प्रखंड में कार्यरत थे। कुछ सामान भी गायब हैं। उनके साथ अलग कमरे में पत्नी और तीन बच्चे थे। ऋछ की टीम और तकनीकी टीम की मदद ली जा रही है, और सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। हत्या किस कारण से हुई, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

### अखौरीपुर गोला में जर्जर सड़क से लोग परेशान:कीचड़ और फिसलन से हर दिन हो रही दुर्घटनाएं



**बक्सर।** चौसा नगर के अखौरीपुर गोला स्थित बजरंग मोड़ पर मुख्य सड़क की स्थिति अत्यंत खराब हो गई है। सड़क पर जमा कीचड़ और फिसलन से आम लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। बारिश के मौसम में यह समस्या और बढ़ गई है। चौसा रेल ओवर ब्रिज के निर्माण के बाद नीचे की सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। धूल-मिट्टी की परत और पानी जमा होने से सड़क पर फिसलन बनी रहती है। यह मार्ग शहर के व्यस्त इलाकों को जोड़ता है। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और कामकाजी लोगों को इस रास्ते से गुजरना बेहद खतरनाक हो गया है। पिछले सप्ताह फिसलन के कारण एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। इसके अलावा कई साइकिल सवार भी गिरकर चोटिल हुए हैं। स्थानीय निवासियों ने कई बार जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि अगर जल्द ही सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से सड़क की मरम्मत की मांग की है। साथ ही फिसलन को रोकने के लिए तत्काल उपाय करने की अपील की है।

### नवादा में बस से ट्रक टकराई, एक व्यक्ति की मौत: एक घायल

**नवादा।** नेमदारगंज थाना क्षेत्र के बरेव अड्डा के पास सोमवार सुबह 7 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। गोविंदपुर से पटना जा रही बस और एक ट्रक की टक्कर हो गई। ट्रक चालक ने बरेव अड्डा के पास रॉन्ग साइड में जाने का प्रयास किया। इससे बचने की कोशिश में बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति बस के गेट नीचे फंस रहा । स्थानीय लोगों, पूर्व मुखिया संतोष कुमार सिंह, पूर्व सरपंच मक्कू पांडे और पुलिस प्रशासन की मदद से घायल को बाहर निकाला गया। उसे इलाज के लिए नवादा सदर अस्पताल भेजा गया। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह चौमुहाना रोड है जहां बक्सोती से आने वाली गाड़ियां सीधे रोड क्रॉस करती हैं। रजौली से नवादा जाने वाले वाहनों के लिए यह जगह खतरनाक है। यहां वाहन चालकों के संतुलन खोने की संभावना रहती है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क कट को दूसरी जगह शिफ्ट किया जाए। नेमदारगंज थाना अध्यक्ष विनय कुमार ने बताया कि पुलिस मृतक और घायल की पहचान करने में जुटी है। घटना के समय तक दोनों का नाम और पता ज्ञात नहीं हो सका है।

# मुझे बिहार आने से रोकने की साजिश जाएगी बेकार: चिराग

## चिराग ने 243 सीटों पर लड़ने का किया एलान



**छपरा।** बिहार के छपरा में आयोजित नव संकल्प महासभा के मंच से लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री ने विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा एलान किया। बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए हम लोगों ने तैयारी शुरू कर दी है। एक-एक सीट पर लोजपा (रामविलास) का प्रत्याशी चुनाव लड़ेगा। उक्त बातें केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने छपरा शहर के राजेंद्र स्टेडियम में पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कही।चिराग पासवान के द्वारा बिहार के सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले ही सियासत गरमा गई है, क्योंकि चिराग ने छपरा में एक जनसभा के दौरान खुद स्पष्ट कर दिया कि उनकी पार्टी बिहार के सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। प्रमंडलीय मुख्यालय स्थित छपरा शहर के राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित नव संकल्प महासभा के मंच पर चिराग पासवान ने बगैर किसी का नाम लिए सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि उन्हें बिहार आने से रोकने की साजिश की जा रही है, लेकिन उन्होंने स्पष्ट कहा कि चिराग पासवान किसी से डरने वाला नहीं है। चिराग पासवान के इस बयान के बाद बिहार की सियासत में जल्द ही भूचाल आने वाला है, क्योंकि चिराग ने बिहार के सभी सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारने के लिए शंखनाद कर दिया है। जिस कारण सारण प्रमंडल से लेकर राजधानी तक हलचल तेज हो गई है। चिराग पासवान के इस बयान से राजग गठबंधन के अंदर मतभेद के संकेत आसानी से देखे जा सकते हैं। चुनावी घोषणा के बाद नव संकल्प महासभा में शामिल होने आए पार्टी कार्यकताओं का जोश देखते ही बन रहा था। वहीं, चिराग पासवान आजकल बिहार में लगातार दौरे कर रहे हैं। वह अलग-अलग सामाजिक संगठनों के साथ सभाएं भी कर रहे हैं। फिलहाल केंद्र की राजनीति से इतर बिहार की राजनीति में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। कुछ दिनों पूर्व चिराग पासवान के द्वारा नालंदा में भव्य रैली का आयोजन किया गया था। जिसमें कार्यकताओं का जनसमूह उमड़ा था। उसके बाद से लगातार बिहार के विभिन्न जिलों में सियासी दौरे अनवरत जारी हैं। गौरतलब है कि चिराग पासवान ने इस दौरान बिहार में हो रहे लगातार हत्याओं को लेकर भी सरकार पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। चिराग पासवान ने बिहार सरकार पर सवाल खड़े करते हुए कहा है कि बिहार में हर तरफ हत्या, लूट और अपहरण जैसे अनेक गंभीर अपराध हो रहे हैं। जिसको लेकर हमें चिंता हो रही है।

# दवा दुकानदार का फंदे से लटका मिला शव



**मधेपुरा।** बिहार के मधेपुरा जिले के बिहारीगंज थाना क्षेत्र स्थित मंजौरा बाजार वार्ड संख्या नौ में रविवार एक निजी क्लिनिक में युवक का शव संदिग्ध हालत में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान चौसा थाना क्षेत्र के बसैठा काली स्थान वार्ड आठ निवासी दिलीप कुमार पासवान (20) के रूप में हुई है। वह अपने भाई के साथ मंजौरा में किराए के मकान में क्लिनिक चला रहा था। दिलीप पिछले छह वर्षों से अपने बड़े भाई अमित कुमार पासवान के साथ मंजौरा बाजार में आरोग्यम्‍ हेल्थ केयर नामक क्लिनिक संचालित कर रहा था। वह खुद उसी क्लिनिक परिसर में मेडिकल दुकान भी चलाता था। जानकारी के अनुसार उसका बड़ा भाई अमित पासवान एक सप्ताह से किसी निजी कार्य से बाहर गया हुआ था। इसी दौरान शनिवार देर रात यह घटना घटी। घटना की सूचना मिलते ही बिहारीगंज थानाध्यक्ष अमित कुमार रंजन व मंजौरा पुलिस कैंप प्रभारी जिया उल हक दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मधेपुरा भेजा गया। इस बीच मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। मृतक के बहनोई नुनु कुमार पासवान ने बताया कि दिलीप का शव देखने से प्रतीत होता है कि उसकी हत्या किसी अन्य स्थान पर कर दी गई और बाद में उसे फंदे से लटका दिया गया।उन्होंने बताया कि मृतक केवल गंजी और जांघिया में था और उसका पूरा शरीर कीचड़ से सना हुआ था। घटनास्थल से उसके कपड़े भी गायब मिले, जबकि मोबाइल वहीं बरामद हुआ। थानाध्यक्ष अमित कुमार रंजन ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। प्रथमदृष्टया मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# मोहर्रम जुलूस के दौरान हुआ महावीर मंदिर चौक पर पथराव



**कटिहार।** मोहर्रम के ताजिया जुलूस के दौरान रविवार को बड़ा बवाल खड़ा हो गया। नगर थाना क्षेत्र के नया टोला स्थित महावीर मंदिर चौक पर उस समय अफरातफरी मच गई जब जुलूस के दौरान कुछ उपद्रवियों ने धार्मिक स्थल के परिसर और वहां मौजूद स्थानीय लोगों पर अचानक पथराव शुरू कर दिया। इस अप्रत्याशित हिंसक घटना के बाद इलाके में तनाव का माहौल गहरा गया है। स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है और वे दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। घटना को लेकर धार्मिक भावनाएं भी आहत हुई हैं, जिससे स्थिति और संवेदनशील हो गई है।पथराव की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन और पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार मीणा ने स्वयं घटनास्थल पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया और पथराव में शामिल तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो भी इस घटना में शामिल होगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। कानून व्यवस्था को बिगाड़ने वालों को चिन्हित कर सख्त सजा दी जाएगी। घटना की गंभीरता को देखते हुए पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं नगर विधायक तारकेश्वर प्रसाद भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय लोगों से संयम और शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और जल्द ही उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। विधायक ने कहा कि कटिहार की गंगा-जमुनी तहजीब को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सकता। समाज में शांति और भाईचारे को बरकरार रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। घटना के बाद महावीर मंदिर चौक और आस-पास के इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रशासन ने स्थिति को काबू में रखने के लिए फ्लैग मार्च और गश्ती बढ़ा दी है। साथ ही, धार्मिक स्थल और चौक क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि पथराव में शामिल असामाजिक तत्वों की पहचान की जा सके। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, शांति समिति की बैठक भी बुलाई गई है, जिसमें दोनों समुदायों के प्रतिनिधियों को बुलाकर आपसी संवाद के माध्यम से विवाद को शांत करने की कोशिश की जा रही है। धार्मिक स्थल पर पथराव को लेकर स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है।

# प्रशांत किशोर का बिहार चुनाव से पहले लक्ष्य पर जोरदार निशाना, भाजपा अध्यक्ष के खिलाफ गवाह लाए



**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल समेत पूरा महागठबंधन जनसुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर को भारतीय जनता पार्टी का बी टीम कहते नहीं थक रहा है, दूसरी ओर पीके बिहार चुनाव से पहले नीतीश कुमार सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल को भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष की कुर्सी से हटाकर जेल भेजने की तैयारी में जुटे हुए हैं। वह लगातार उनपर भ्रष्टाचार का आरोप लगा रहे थे। अब तो पीके ने भ्रष्टाचार के अपने आरोप के गवाह को भी सामने ला खड़ा किया है। जनसुराज पार्टी और किशनगंज स्थित माता गुजरी मेडिकल कॉलेज (MGM) के संस्थापक मोलेश्वर सिंह के परिवार के सदस्यों ने रविवार को पटना में मीडिया के सामने आकर बताया कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने गैरकानूनी, अवैध तरीकों और हर स्तर पर अनियमितता का सहारा लेकर राज्य के अल्पसंख्यक सिख कॉलेज पर कब्जा कर रखा है। जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा कि यह किसी व्यक्ति या संस्था का मामला नहीं है। जब व्यक्तिगत लाभ की बात आती है तो भाजपा, जदयू, राजद सभी हाथ मिला लेते हैं। यह इस मामले से स्पष्ट है। पीके ने कहा- दिलीप जायसवाल ने पिछले 25 वर्षों से माता गुजरी कॉलेज पर तमाम हथकंडे अपनाकर कब्जा कर रखा है। वह वहां एक समय में क्लर्क हुआ करते थे। बाद में कॉलेज के संस्थापक सरदार मोलेश्वर सिंह के बेटे करतार सिंह के जरिए उन्होंने पहले परिवार के दूसरे ट्रस्टी गुरुदयाल सिंह को ट्रस्ट से बाहर करवाया। फिर खुद करतार सिंह पर दबाव बनाकर उन्हें किशनगंज छोड़ने पर मजबूर किया। प्रशांत किशोर ने कहा कि दिलीप जायसवाल पर कॉलेज से जुड़े राजेश शाह की हत्या की साजिश रचने का आरोप है। जिस पुलिस अधीक्षक ने जांच कर दिलीप जायसवाल को क्लीन चिट दी, उनकी पत्नी ने माता गुजरी कॉलेज से MBBS की डिग्री हासिल की है। प्रशांत किशोर ने मांग की कि कॉलेज के असली मालिक सरदार मोलेश्वर सिंह के परिवार को उनका हक मिले और राजेश शाह की हत्या की निष्पक्ष जांच की जाए। उन्होंने इस मामले को गंभीर बताते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेता पीएम मोदी को इस पूरे मामले पर जवाब देना चाहिए। प्रशांत किशोर ने इस मामले में राष्ट्रीय जनता दल को भी समेटा और कहा कि दिलीप जायसवाल को राबड़ी देवी ने मुंह बोला भाई कहा और 50 से अधिक नेताओं-अफसरों के परिवार के बच्चों को मैनेजमेंट कोटा से दिलीप जायसवाल ने मेडिकल में एडमिशन करवाया। इसलिए कोई इनके खिलाफ नहीं बोल रहा है। उन्होंने कहा कि दिलीप जायसवाल ने राजद के कार्यकाल में इस कॉलेज पर कब्जा किया है। राजद ने पिछले 25 साल में कभी इस मुद्दे को नहीं उठाया क्योंकि दिलीप जायसवाल राबड़ी देवी जी के मुंह बोले भाई हैं। लालू जी के परिवार के कई सदस्यों ने दिलीप जायसवाल के कब्जे वाले कॉलेज से MBBS की डिग्री हासिल की है। वरिष्ठ अधिकवक्ता वाई बी गिरी ने कहा कि दिलीप जायसवाल ट्रस्ट एक्ट का उल्लंघन कर बने MGM कॉलेज के डायरेक्टर, हमलोग उनके खिलाफ कोर्ट जाएंगे और कानूनी लड़ाई लड़ेंगे, सरदार मोलेश्वर सिंह के परिवार को न्याय दिलाएंगे। सरदार मोलेश्वर सिंह के पुत्र गुरुदयाल सिंह और पुत्री अमृत कौर ने कहा कि षड्यंत्र के तरह हमारे पिताजी को कॉलेज से निकाल कर दिलीप जायसवाल ने इस कॉलेज पर कब्जा किया, हमारी जान को खतरा है और हमें न्याय मिलना चाहिए।





# मूंगफली और बादाम से बनाएं स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन



सर्दियों का मौसम चल रहा है, ऐसे में मूंगफली और बादाम जैसी चीजें सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होती हैं। मूंगफली और बादाम से आप कई तरह के स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजन बना सकते हैं। आइए जानते हैं इनके कुछ खास रेसिपीज, जिन्हें आप आसानी से घर पर बना सकते हैं।

### 1. मूंगफली-बादाम हलवा

सामग्री
मूंगफली: 100 ग्राम
बादाम: 50 ग्राम
घी: 2 चम्मच
दूध: 1 कप
चीनी: स्वादानुसार
इलायची पाउडर: 1 चुटकी
विधि
मूंगफली और बादाम को हल्का भूनकर पीस लें। एक पैन में घी गर्म करें और इसमें मूंगफली-बादाम का पाउडर डालकर भूनें। इसमें दूध और चीनी डालें और धीमी आंच पर पकाएं। जब हलवा गाढ़ा हो जाए, तो इसमें इलायची पाउडर डालें।

**गरमागरम हलवा तैयार है, इसे परोसें।**

सामग्री
मूंगफली: 100 ग्राम
काजू: 50 ग्राम
आलू: 2 उबले हुए
हरी मिर्च: 1 बारीक कटी हुई
अदरक पेस्ट: 1 चम्मच
नमक: स्वादानुसार
तेल: टिक्का तलने के लिए
विधि मूंगफली और काजू को पीसकर पेस्ट बना लें। इसमें आलू, हरी मिर्च, अदरक पेस्ट और नमक मिलाकर टिक्की का मिश्रण तैयार करें। टिक्की का आकार देकर तेल में सुनहरा होने तक तलें। गरमागरम टिक्का हरी चटनी के साथ परोसें।

### 3. शकरकंद-मूंगफली चाट

सामग्री
शकरकंद: 2 उबले हुए
मूंगफली: 50 ग्राम भुनी हुई
हरा धनिया: 1 चम्मच
नींबू का रस: 1 चम्मच
नमक और चाट मसाला: स्वादानुसार
विधि
शकरकंद को छोटे टुकड़ों में काट लें। इसमें भुनी मूंगफली, हरा धनिया, नींबू का रस, नमक और चाट मसाला डालकर अच्छे से मिलाएं। तैयार चाट को तुरंत परोसें।

### 4. पीनट बटर

सामग्री
मूंगफली: 1 कप
शहद: 1 चम्मच
तेल: 1 चम्मच (ऑप्शनल)
विधि
मूंगफली को हल्का भूनकर छिलका उतार लें। मूंगफली को मिक्सर में पीस लें। इसमें शहद और तेल डालें और फिर से ब्लेंड करें। क्रीमी टेक्सचर आने तक पीसते रहें। आपका घर का बना पीनट बटर तैयार है। इसे ब्रेड या रोटी के साथ खाएं। मूंगफली या पीनट बटर खरीदते समय मिलावट का ध्यान रखें। हमेशा ब्रांडेड और भरोसेमंद स्रोत से ही खरीदारी करें।

## आम की गुठली से बनाएं टेस्टी और क्रिस्पी मुखवास, स्वाद में होंगे बेहतरीन

आप आम की गुठली की सहायता से टेस्टी डिश बनाई जा सकती है। आज हम आपके साथ आम की गुठली के अंदर के बीज से चटपटे लच्छे बनाने की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। यह काफी टेस्टी और क्रिस्पी होते हैं।

गर्मियों में फलों का राजा आम हर किसी को खाना पसंद होता है। इसमें कई विटामिन्स और मिनरल्स पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य को तंदुरुस्त रखते हैं। हालांकि लोग आम खाने के बाद लोग गुठली को फेंक देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि आम की गुठली भी कम फायदेमंद नहीं होती है। बल्कि आप आम की गुठली की सहायता से टेस्टी डिश बनाई जा सकती है। आज हम आपके साथ आम की गुठली के अंदर के बीज से चटपटे लच्छे बनाने की रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं। यह काफी टेस्टी और क्रिस्पी होते हैं। इसको मुखवास के नाम से भी जाना जाता है।

सामग्री
4 से 5 आम की गुठली
लाल मिर्च पाउडर
भुना जीरा पाउडर
चाट मसाला
काला और सफेद नमक
करें ये काम

सबसे पहले 4-5 आम की गुठली को अच्छे से धोकर बेकिंग ट्रे पर रखें। अब इसको 180 सेल्सियस पर करीब 10 से 15 मिनट के लिए माइक्रोवेव में पकाएं। बेक करने से यह कड़क हो जाएगा और आराम से कट जाएगा। फिर इस गुठली के अंदर से आपको बीज निकालें। अब कुकर में बीज और पानी डालकर 2 सीटी आने तक पकाएं। फिर बीज की स्किन निकालकर इसको लंबे-लंबे स्लाइस में काटें।

ऐसे बनाएं गुठली के लच्छे

सबसे पहले एक पैन में तेल गर्म कर लें। अब इन बीज के स्लाइस्स को हल्का रोस्ट कर लें। अब इसके ऊपर से भुना जीरा पाउडर, चाट मसाला, लाल मिर्च पाउडर, काला नमक, नॉर्मल नमक डालें। इसको टॉस देने के बाद हल्का मिला दें। इस तरह से आम की गुठली से बना चटपटा लच्छा तैयार हो जाएगा।





## किचन में सिंक से आ रही है तेज बदबू, कॉफी का यह आसान नुस्खा आएगा काम

**अमूमन हम सभी को यह समझ ही नहीं आता कि इस बदबू से निजात पाने के लिए क्या किया जाए, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आप चाहें तो अपनी मॉर्निंग कॉफी की मदद से अपनी इस समस्या का हल कर सकती हैं।**

किचन में सिंक एक ऐसी जगह होती है, जिसमें गंदे बर्तन व झूठा बचा हुआ होता है। जिसकी वजह से अक्सर किचन सिंक से गंदी बदबू आती है। जब सिंक से बदबू आने लगती है तो पूरी किचन में ही वह बदबू फैलते देर नहीं लगती है। भले ही आप अपनी किचन को कितना भी आर्गेनाइज्ड व साफ-सुथरा रखती हों, लेकिन अगर सिंक से बदबू आ रही है तो ऐसे में आपकी सारी मेहनत बर्बाद होते देर नहीं लगती।

अमूमन हम सभी को यह समझ ही नहीं आता कि इस बदबू से निजात पाने के लिए क्या किया जाए, तो अब आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। अगर आप चाहें तो अपनी मॉर्निंग कॉफी की मदद से अपनी इस समस्या का हल कर सकती हैं। कॉफी आसपास की गंध को सोखने और उसे फ्रेश बनाने में मददगार है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप कॉफी की मदद से किचन सिंक की गंदी बदबू को किस तरह दूर करें-

### आपको किन-किन चीजों की जरूरत होगी-

इस्तेमाल की हुई कॉफी
उबला हुआ पानी
बेकिंग सोडा
नींबू रस या सिरका
कॉफी को किस तरह इस्तेमाल करें-

सबसे पहले सुबह कॉफी बनाने के बाद उसके ग्राउंड्स को फेंकने की जगह थोड़ा ठंडा होने दो। इसे पूरी तरह से सूखने मत दो।

अब इसमें एक चम्मच बेकिंग सोडा उस कॉफी में मिलाओ। इससे पाइप की भी हल्की सफाई हो जाएगी और बदबू भी अच्छे से हटेगी।

अब आप 2-3 चम्मच कॉफी का मिक्स सिंक के ड्रेन में डाल दो।

आप इसे ज्यादा ना डालें, नहीं तो पाइप जाम हो सकता है।

अब एक केतली पानी उबालें और फिर उस उबलते हुए पानी की डाल दो।

इससे कॉफी नीचे बहेगी और गंदगी भी साफ होगी। फ्रेशनेस की खुशबू तुरंत महसूस होगी।

अगर बदबू बहुत ज्यादा है तो कॉफी डालने के बाद थोड़ा नींबू रस या सिरका डाल दो, फिर गर्म पानी डालो।

### कितनी बार इस्तेमाल करें

किचन सिंक की बदबू को दूर करने और उसे फ्रेश बनाए रखने के लिए हफ्ते में एक बार करना काफी है। ध्यान रखें कि रोज या बहुत ज्यादा कॉफी डालना पाइप ब्लॉक कर सकता है, इसलिए लिमिट में करो।

### इस बात का रखें ध्यान

अगर तुम्हारे घर का पानी धीरे बहता है या पहले से ड्रेनेज धीमा है, तो ये ट्रिक ना आजमाएं। साथ ही, हर बार ढेर सारा गर्म पानी डालना जरूरी है ताकि कॉफी नीचे ठीक से जाए।

## परफेक्ट तरीके से बेसन लड्डू बनाने के लिए फॉलो करें ये टिप्स

बेसन के लड्डू बाते समय घी डालने की टाइमिंग भी काफी मैटर करती है। कई बार लोग घी में पहले ही सारा घी डाल देते हैं। लेकिन आप स्टार्टिंग में थोड़ा घी डालो ताकि बेसन अच्छे से भुने। इसके बाद आप बीच में ही थोड़ा-थोड़ा करके घी डालते रहो।

ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें मीठा खाना काफी पसंद होता है। अक्सर वे ना केवल बाजार से मिठाई लाकर खाते हैं, बल्कि



घर पर भी मीठा बनाते हैं। अगर आप भी मीठे के दीवाने हैं और बेसन के लड्डू आपके फेवरिट हैं तो मुंह में घुल जाने वाली इस मिठाई को खुद घर पर ही बना सकते हैं। बेसन के लड्डू बनाना काफी आसान है, लेकिन इस सिंपल सी दिखने वाली रेसिपी में भी कई बार लड्डू बनाते वक्त कुछ छोटी-छोटी गलतियां हो जाती हैं। कभी बेसन जल जाता है, तो कभी लड्डू अच्छी तरह से बंधते नहीं है।

हो सकता है कि आप भी घर पर बेसन के लड्डू बना रहे हों और आपके सामने यही दिक्कतें आ रही हों। ऐसे में आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप घर पर बेसन के लड्डू बनाते समय फॉलो कर सकते हैं-

### तेज आंच पर ना भूनें बेसन

अक्सर यह देखने में आता है कि जब लोग बेसन के लड्डू बनाते हैं तो बेसन को तेज आंच पर भूनने लग जाते हैं। हालांकि, ऐसा करने से बेसन भूनने की जगह जलने लगता है। इसलिए, आपको हमेशा धीमी आंच पर ही बेसन को भूनना चाहिए। जब हल्की सी खुशबू आए और बेसन का रंग सुनहरा होने लगे, तो समझे कि बेसन अच्छी तरह से भूनने लगा है।

### सही समय पर डालें घी

बेसन के लड्डू बाते समय घी डालने की टाइमिंग भी काफी मैटर करती है। कई बार लोग घी में पहले ही सारा घी डाल देते हैं। लेकिन आप स्टार्टिंग में थोड़ा घी डालो ताकि बेसन अच्छे से भुने। इसके बाद आप बीच में ही थोड़ा-थोड़ा करके घी डालते रहो।

### बैटर को ठंडा ना होने दें

बेसन के लड्डू में शक्कर अच्छी तरह घुल जाए, इसके लिए जरूरी है कि आपका भुना हुआ बेसन हल्का गरम ही हो। अगर आपका बेसन एकदम ठंडा हो जाएगा तो इससे उसमें शक्कर अच्छी तरह मिक्स नहीं होता है। वहीं, अगर आप गरम बेसन में शक्कर मिक्स करते हैं तो इससे लड्डू भी बाइंड अच्छी तरह होंगे। साथ ही, इस बात का भी ख्याल रखें कि आप दानेदार चीनी की जगह बूरा या फिर पिसी हुई शक्कर डालकर मिक्स करें। दानेदार शक्कर का इस्तेमाल करने से लड्डू खाते समय वह मुंह में किरकिरा महसूस होगा।

# भारत की इंग्लैंड पर दूसरे टेस्ट में शानदार जीत के दौरान बने 7 अविश्वसनीय रिकॉर्ड्स

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के दूसरे टेस्ट में भारत ने बड़ी जीत दर्ज करते हुए सीरीज 1-1 से बराबर की। भारत ने एजबेस्टन टेस्ट की पहली इनिंग में गिल के दोहरे शतक (269) की बदौलत 587 रन बनाए। इसके जवाब में भारत ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मोहम्मद सिराज के 6 विकेटों की बदौलत इंग्लैंड को 407 पर ढेर कर 180 रन की बढ़त बनाई।

दूसरी इनिंग में गिल (161) ने एक बार फिर बड़ी पारी जिससे टीम ने 427/6 का स्कोर बनाते हुए इंग्लैंड के सामने 608 रन का लक्ष्य रखा। एक बार फिर गेंदबाजों ने शुरू से ही दबाव की रणनीति अपनाई और इस बार आकाश दीप के 6 विकेटों की बदौलत इंग्लैंड को 271 रन पर ढेर कर 336 रन से बड़ी जीत दर्ज की। इस मैच में एक-दो नहीं, बल्कि 7 अविश्वसनीय रिकॉर्ड्स बने हैं। आइए जानते हैं इनके बारे में -

1. युवा भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल महज 23 साल और 188 दिन की उम्र में 2000 टेस्ट रन पूरे कर लिए हैं। सचिन तेंदुलकर (20 साल, 330 दिन) के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे सबसे युवा भारतीय बन गए हैं। अब वह भारत के लिए 2000 रन बनाने वाले सबसे युवा ओपनर हैं और विश्व में ऐसा करने वाले दक्षिण अफ्रीका के ग्रीम स्मिथ (23 साल, 58 दिन) के बाद दूसरे सबसे युवा ओपनर हैं।

2. ऋषभ पंत घर से बाहर सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने इंग्लैंड में अब तक 24 छक्के लगाए हैं।

3. इंग्लैंड ने दो 150+ स्कोर के साथ सबसे कम स्कोर का रिकॉर्ड बनाया है। एजबेस्टन में तीसरे दिन इंग्लैंड ने 407 रन बनाए जिसमें जेमी स्मिथ के 184* और हैरी ब्रूक के 158 रन थे। हालांकि इस दौरान इंग्लैंड ने पहली पारी में 6 डक भी हुए जो 407 के सबसे कम ऑल-आउट स्कोर का प्रमाण बना।

4. इंग्लैंड के कप्तान ने बेन स्टोक्स बल्ले से अब तक दमदार श्रृंखला खेली है और पहली पारी में गोल्डन डक पर आउट हुए। यह क्रीज पर अपने 201 टेस्ट मैचों में पहली बार हुआ। केवल राहुल द्रविड़ (286) और डेविड गॉवर (204) ही अपने पहले गोल्डन डक से पहले लंबे समय तक रन बना पाए थे। स्टोक्स पहली पारी में मोहम्मद सिराज की पहली गेंद पर पंत के हाथों कैच आउट हुए थे।

5. भारत के 1849 रन किसी भी टीम द्वारा सीरीज के पहले दो टेस्ट में बनाए गए सबसे ज्यादा रन हैं। शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत की तिकड़ी शानदार फॉर्म में है और इसी का परिणाम यह रिकॉर्ड है।

6. भारत ने बर्मिंघम में 1014 रन के साथ एक टेस्ट मैच में अपना सर्वोच्च टीम स्कोर बनाया है। आश्चर्यजनक रूप से भारतीय कप्तान गिल ने रिकॉर्ड तोड़ पारी खेली जिसमें उन्होंने अपने देश के लिए 1014 रनों में से 430 रन बनाए, जिससे एजबेस्टन की




भीड़ प्रशंसा में ताली बजाने पर मजबूर हो गई।

7. शोएब बशीर ने टेस्ट में किसी अंग्रेज गेंदबाज द्वारा दूसरा सबसे अधिक 286 रन दिए हैं। बशीर के लिए यह एक और कठिन टेस्ट रहा जिसमें ऑफ स्पिनर ने 5/286 के मैच के आंकड़ों के साथ भारत की स्टार पावर को रोकने के लिए संघर्ष किया। उनके महंगे आंकड़े टेस्ट मैच में किसी अंग्रेज गेंदबाज द्वारा दिए गए सबसे अधिक रनों से केवल चार रन कम थे।

## पृथ्वी शॉ महाराष्ट्र के साथ नई शुरूआत करेंगे, 2025-26 सत्र से पहले टीम से जुड़े




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय बल्लेबाज और मुंबई के पूर्व खिलाड़ी पृथ्वी शॉ आगामी घरेलू सत्र के लिए सोमवार को महाराष्ट्र की टीम के साथ जुड़ गए। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने इसकी घोषणा की। शॉ ने किसी और राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए पिछले महीने मुंबई क्रिकेट संघ से अनापत्ति प्रमाण पत्र (ह्लह्र्र) की मांग की थी, जिस पर उसकी संचालन समिति ने मुहर लगा दी थी।

शॉ को खराब फिटनेस और अनुशासन संबंधी मुद्दों के कारण मुंबई की लाल गेंद टीम से बाहर कर दिया गया था। उन्होंने मुंबई के लिए अपना पिछला मैच मध्य प्रदेश के खिलाफ सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के फाइनल में खेला था। महाराष्ट्र क्रिकेट संघ ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर और भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के आक्रामक बल्लेबाज पृथ्वी शॉ आधिकारिक तौर पर मुंबई क्रिकेट संघ से अलग हो गए हैं और वह आगामी घरेलू सत्र में महाराष्ट्र क्रिकेट संघ का प्रतिनिधित्व करेंगे।'

उन्होंने कहा, 'इस रणनीतिक बदलाव को भारतीय घरेलू क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण विकास के रूप में देखा जा रहा है, जिससे महाराष्ट्र की टीम और मजबूत होगी। शॉ ने टेस्ट, वनडे और टी20 तीनों प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और मैच जीतने की क्षमता से इंडियन प्रीमियर लीग और घरेलू क्रिकेट में लगातार प्रभावित किया है।'

शॉ ने कहा कि यह कदम उन्हें क्रिकेटर के तौर पर आगे बढ़ने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि करियर के इस पड़ाव पर महाराष्ट्र की टीम से जुड़ने से मुझे क्रिकेटर के तौर पर आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। मैं पिछले कुछ वर्षों में मुंबई क्रिकेट संघ की तरफ से मिले मौके और समर्थन के लिए आभारी रहूंगा।'

महाराष्ट्र क्रिकेट संघ के अध्यक्ष रोहित पवार ने कहा, 'उनके शामिल होने से रुतुराज गायकवाड़, अंकित बावने, राहुल त्रिपाठी, मुकेश चौधरी और रजनीश गुरबानी जैसे अनुभवी खिलाड़ियों वाली पहले से ही प्रतिभाशाली टीम की मजबूती और बढ़ेगी। शॉ का अंतरराष्ट्रीय और आईपीएल अनुभव खासकर टीम में युवा खिलाड़ियों को सलाह देने के लिए अमूल्य होगा।'

## सचिन ने नये कप्तान शुभमन को पहली जीत पर बधाई दी

**-आकाशदीप की विशेष रुप से सराहना की**

**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने भारतीय टेस्ट टीम के नये कप्तान शुभमन गिल को उनकी पहली जीत के लिए बधाई दी है। शुभमन की कप्तानी में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ 336 रनों की रिकार्ड जीत दर्ज की है। सचिन ने इस मैच में 10 विकेट लेकर भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले युवा तेज गेंदबाज आकाशदीप सिंह की भी जमकर प्रशंसा की है। वहीं शुभमन ने पहली पारी में दोहरा शतक और दूसरी पारी में शतक लगाया था। सचिन ने इस मैच में अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभमन के अलावा अक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत, केएल राहुल और ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा को भी सराहा। इसके अलावा मोहम्मद सिराज को शानदार कैच के लिए विशेष बधाई दी। सिराज ने मेजबान बल्लेबाज जोश टंग का बेहद कठिन कैच लिया था। उन्होंने लिखा,÷ शुभमन भारतीय टीम को शानदार टेस्ट जीत दिलाने के लिए बधाई हो। उन्होंने इसके साथ ही ऋषभ पंत, राहुल, और जडेजा की भी तारीफ की। ÷तेंदुलकर ने साथ ही कहा,÷ गेंदबाजों ने जिस तरीके से सटीक गेंदबाजी की, वह मुझे सबसे अच्छी लगी। आकाश दीप ने अपने प्रदर्शन से जीत जीत लिया। मेरे अनुसार उन्होंने जो रूट को सीरीज की अब तक की सबसे अच्छी गेंद की थी। इस मैच में सिराज ने वह कमाल सिराज ने पहली पारी में छह विकेट लिए जबकि आकाश दीप ने पहली पारी में चार जबकि दूसरी पारी में छह विकेट लिए।

## डीपीएल नीलामी में दिग्वेश राठी पर लगी भारी भरकम बोली, आईपीएल 2025 से ज्यादा मिलेंगे पैसे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** स्पोर्ट्स डेस्क ¬मिस्ट्री स्पिनर दिग्वेश राठी को दिल्ली प्रीमियर लीग में भारी भरकम कीमत पर खरीदा गया है। हैरानी की बात यह है कि उन्हें DPL में इंडियन प्रीमिर लीग 2025 से ज्यादा पैसे मिलेंगे। दिग्वेश को IPL में 30 लाख रुपए में खरीदा गया था जबकि DPL में उन पर 38 लाख रुपए की बोली लगी जिससे जोकि दूसरी सबसे ऊंची बोली थी।

दिग्वेश ने साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 38 लाख रुपए में खरीदा है। उन्हें खरीदने का मुख्य कारण IPL में उनकी सफलता है। IPL 2025 में लखनऊ सुपर जाइंट्स (LSG) के लिए खेलते हुए दिग्वेश ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 14 विकेट अपने नाम किए



और यही नीलामी में उनकी भारी भरकम बोली की एक बड़ी वजह रही। दिग्वेश ने IPL 2025 में 13 मैचों में 52 ओवर डाले। इस दौरान उन्होंने 429 रन लुटाते हुए 30/2 के साथ 8.25 की इकोनॉमी से 14 विकेट चटकाए।

राठी DPL 2024 में भी खेल चुके हैं। उन्होंने साउथ दिल्ली सुपरस्टार्स के लिए खेलते 10 मैचों में 7.82 की इकॉनमी रेट और 21.71 की गेंदबाजी औसत के साथ 14 विकेट लिए जो टूर्नामेंट में पांचवें सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले और स्पिनरों में दूसरे स्थान पर रहे। विशेष रूप से उन्होंने एक उच्च स्कोरिंग मैच के दौरान भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को नियंत्रण में रखा, जिसमें अतिरिक्त उछाल निकालने और रन फ्लो को नियंत्रित करने की उनकी क्षमता का पता चलता है।

इस बीच तेज गेंदबाज सिमरजीत सिंह DPL 2025 की नीलामी में सबसे महंगे खिलाड़ी बने। सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने तेज गेंदबाज को 39 लाख रुपए में साइन किया। ऋषभ पंत को पुरानी दिल्ली 6 ने आधिकारिक तौर पर नीलामी से पहले उन्हें अपने मार्की खिलाड़ी के रूप में बनाए रखा था। इसके अलावा भारत के धमाकेदार ओपनर बल्लेबाज और पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग के बेटे आर्यवीर को सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने 8 लाख रुपए की मोटी रकम में खरीदा।

## अगले माह खेला जाएगा सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट

नई दिल्ली । सुपर60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट अगले माह 5 से 16 अगस्त तक अमेरिका में खेला जाएगा। इसमें दुनिया भर के दिग्गज क्रिकेटरों के साथ ही भारत के हरभजन सिंह और कुछ अन्य क्रिकेटर भी शामिल होंगे। इस टूर्नामेंट में हरभजन के अलावा शिखर धवन व रॉबिन उथप्पा भी खेलेंगे। इन सभी पूर्व क्रिकेटरों ने कहा कि इस टूर्नामेंट में खेलने का अवसर मिलने से वह उत्साहित हैं। हरभजन ने कहा, मैं सुपर 60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट का हिस्सा बनकर बेहद खुश हूं। यह एक अनूठा और विशिष्ट प्रारूप है जो खेल में नयापन लाने का वादा करता है। अंतरराष्ट्रीय दिग्गजों की भागीदारी के साथ, यह टूर्नामेंट अमेरिका में क्रिकेट की लोकप्रियता बढ़ाएगा। लोकप्रिय बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वहींधवन ने कहा, सुपर 60 यूएसए लीजेंड्स टूर्नामेंट में शामिल होना बढ़ते क्रिकेट समुदाय में प्रशंसकों से जुड़ने का एक अच्छा अवसर है। अंतरराष्ट्रीय सितारों और एक नए आकर्षक प्रारूप के साथ इस आयोजन से अमेरिका में क्रिकेट को मुख्यधारा में लाने की राह बनेगी।

## अब केरल क्रिकेट लीग में खेलते नजर आयेंगे सैमसन

तिरुवनंतपुरम । भारतीय टीम से बाहर चल रहे अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन अब केरल क्रिकेट लीग (केसीएल) के दूसरे सत्र में खेलते हुए नजर आयेंगे। सैमसन को कोच्चि ब्लू टाइगर्स ने उन्हें 26.60 लाख रुपये में शामिल




किया है। इससे सैमसन अब इस लीग के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। तीन लाख आधार मूल्य वाले सैमसन को कोच्चि ने सबसे अधिक रकम देकर जोड़ा है। कोच्चि ब्लू टाइगर्स के पास कुल 50 लाख की राशि थी जिसमें उसे उसने आधी सैमसन पर ही लगा दी। पिछले साल सैमसन को केरल क्रिकेट लीग का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया था पर अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में व्यस्त रहने के कारण ही वह इस सत्र में कोई मैच नहीं खेल पाये थे। वहीं विष्णु विनोद को एरीज कोल्लम ने विष्णु विनोद को 13.8 लाख रुपये में खरीदा था। वहीं अनुभवी ऑलराउंडर जलज सक्सेना को एलेप्पी रिपल्स ने 12.4 लाख रुपये में खरीदा। सैमसन ने अंतिम बार आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेला था। 18वें सत्र में फिटनेस कारणों से वह कई मुकाबले में नहीं खेल पाये थे। ऐसे में रियान पराग को राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी दी गयी थी।

## भारतीय टीम हर क्षेत्र में बेहतर रही, आकाशदीप ने अंतर पैदा किया : स्टोक्स

**बर्मिंघम (एजेंसी)।** इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने माना है कि भारतीय टीम हर क्षेत्र में उनसे बेहतर रही और इसी कारण उसे बड़ी जीत मिली है। स्टोक्स ने कहा कि तेज गेंदबाज आकाशदीप ने अपने आसाधारण प्रदर्शन से मैच में अंतर पैदा किया। आकाशदीप ने इस मैच में कुल 10 विकेट लेकर मेजबान टीम की कमर तोड़ दी। पांच मैच की सीरीज अब 1-1 से बराबर है और तीसरा टेस्ट 10 जुलाई से लॉर्ड्स में खेला जाएगा।

स्टोक्स ने कहा, ''मुझे लगता है कि आकाशदीप ने पिच पर पड़ी दरार का अच्छा इस्तेमाल किया। लगातार कोण बदलने और उसका उपयोग करने की




उसकी क्षमता अद्भुत है और इसके बाद भी वह सटीक है। वह उस दरार पर ध्यान केंद्रित कर रहा था। आज सुबह हैरी ब्रूक जिस गेंद पर आउट हुआ उस पर कोई भी बल्लेबाज कुछ नहीं कर सकता था।'' उन्होंने कहा, ''जब जेमी स्मिथ ने शुरुआत में कुछ रन बनाए, तब मैं दूसरे छोर पर खड़ा था। गेंद एक फुट की दूरी पर थी। आकाश ने जिस तरह से क्रीज पर कोण बदलते हुए गेंदबाजी की। उससे पता चलता है कि वह विश्व स्तरीय कौशल वाला गेंदबाज है।''

साथ ही कहा कि उनी टीम ड्रॉ में विश्वास नहीं करती पर माना कि इस मैच में लक्ष्य असंभव था। उन्होंने कहा, ''300 या इससे अधिक रन से हारना वास्तव में बहुत बड़ा अंतर है। जब हम बल्लेबाजी करने उतरे तो हमें पता था कि हमारे सामने क्या चुनौती है। वहीं पहले तीन विकेट और आज सुबह दो क्रिकेट जल्दी खोने से सब कुछ बदल गया।''

## अब फिल्मों में नजर आयेंगे रैना

मुंबई। पूर्व क्रिकेटर और चेन्नई सुपर किंग्स के अनुभवी खिलाड़ी सुरेश रैना अब फिल्मों में डेब्यू करने जा रहे हैं। खेल के मैदान पर अपनी चमक बिखेरने के बाद अब रैना अब तमिल फिल्म में नजर आयेंगे। रैना तमिल फिल्म इंडस्ट्री में ड्रीम नाइट स्टोरीज के बैनर तले बनने वाली एक फिल्म से सिल्वर स्क्रीन पर दिखेंगे। अनुमान है कि ये फिल्म क्रिकेट को लेकर है। इसको लेकर आये एक वीडियो में रैना को क्रिकेट स्टेडियम में प्रवेश करते हुए देखा जा सकता है, जहां प्रशंसक उनका जोश के साथ स्वागत कर रहे हैं। टीजर को शेयर करते हुए प्रोडक्शन टीम ने लिखा, चिन्ना थाला सुरेश रैना का स्वागत है।卐 गौरतलब है कि रैना को उनके प्रशंसक प्यार से 'चिन्ना थाला' कहते हैं, और चेन्नई सुपर किंग्स के लिए



उनके योगदान की वजह से तमिलनाडु में उनकी जबरदस्त मांग है। इस फिल्क का टाइटल अभी तक सामने नहीं आया है पर टीजर को देखकर अंदाजा लगाया जा रहा है कि ये फिल्म क्रिकेट पर आधारित हो सकती है। फिल्म का निर्देशन लोगन कर रहे हैं और इसे श्रवण कुमार डीकेएस बैनर के तहत प्रोड्यूस कर रहे हैं ।रैना के फिल्म में आने की जानकारी से प्रशंसक बेहद खुश हैं। सोशल मीडिया पर लोग रैना को कॉलीवुड में वेलकम कर रहे हैं।

## विराट ने भारतीय टीम की जीत का श्रेय शुभमन, सिराज और आकाशदीप को दिया

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने इंग्लैंड के खिलाफ मिली 336 रनों की रिकार्ड जीत पर खुशी जताते हुए इसका श्रेय शुभमन गिल के अलावा मोहम्मद सिराज और आकाशदीप सिंह को दिया है। कोहली ने सोशल मीडिया में लिखा, 卐एजबेस्टन में भारत की शानदार जीत। निडरता से खेले और इंग्लैंड पर लगातार दबाव बनाये रखा। शुभमन ने बल्ले और फील्डिंग में शानदार प्रदर्शन किया और सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। सिराज और आकाश ने इस पिच पर जिस तरह की गेंदबाजी की, उसके लिए वह प्रशंसा के पात्र हैं।卐 वहीं शुभमन ने पहली पारी में दोहरा शतक लगाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बनाकर इंग्लैंड को कोई अवसर नहीं दिया। शुभमन इसी के साथ ही एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने हैं। वहीं सिराज ने पहली पारी में 6 विकेट लिए। आकाशदीप पहली पारी में 5 विकेट हॉल से एक कदम विकेट से ही दूर थे पर उन्होंने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर कमी पूरी कर दी। आकाशदीप को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाई। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने शुभमन के दोहरे से 587 रन बोर्ड पर लगाए थे, जिसके बाद मेजबान टीम इंग्लैंड 407 रन ही बना पायी जिससे भारतीय टीम को अच्छी खासी बढ़त मिल गयी थी। जिसका लाभ उठाकर उसने दूसरी पारी में 427 रन बनाकर मेजबान टीम को 608 रनों को बेहद कठिन लक्ष्य दिया था।



## खेल नीति में बदलाव से भारतीय फुटबॉल को मिलेंगी नई प्रतिभाएं : एआईएफएफ प्रमुख



कोलकाता । भारतीय फुटबॉल संध (एआईएफएफ) अध्यक्ष कल्याण चौबे ने विदेशों मे रहने वाले भारतीय मूल के खिलाड़ियों को देश की ओर से खेलने की अनुमति दिये जाने को एक सही कदम बताया है। चौबे ने कहा कि इससे भारतीय फुटबॉल टीम को लाभ होगा और उसे अच्छी प्रतिभाएं मिलेंगी। उन्होंने इसकी राह में आने वाली बाधाओं को भी दूर किये जाने की जरुरत बतायी है। गौरतलब है कि नई राष्ट्रीय खेल नीति को एक जुलाई को कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी थी। इसके अब विदेशों में रहने वाले भारतीय मूल के खिलाड़ियों के पास देश से खेलने का अवसर हैं। वहीं अब तक केवल भारतीय पासपोर्ट रखने वाले खिलाड़ी ही देश का प्रतिनिधित्व कर सकते थे। चौबे ने कहा, ''जब राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन की बात आती है तो खेल नीति में प्रवासी प्रतिभाओं तक अब हमारी पहुंच बनेगी। मुझे खुशी है कि नीति में इसका संदर्भ शामिल है।'' उन्होंने कहा, ''यह सकारात्मक बयान है। एआईएफएफ फीफा और सरकार के साथ मिलकर राष्ट्रीय टीम को मजबूत करने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखेगा।'' उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय से विदेशों में रह रहे भारतीय मूल के लोगों को टीम से जोड़ने की मांग उठी है। साथ ही कहा कि मलेशिया, हांगकांग, सहित कई देशों ने अपनी टीमों में दोहरी नागरिकता वाले खिलाड़ियों को शामिल किया है। '' वहीं साल 2008 में प्रवासियों को देश का प्रतिनिधित्व करने से रोक दिया गया था जिससे देश का मिलने वाली कई प्रतिभाएं उससे जुड़ नहीं पायीं। खेलो भारत नीति में कहा गया है कि खेल भारतीय प्रवासियों और देश के बीच संबंध बेहतर बनाने का जरिया बन सकता है।

## 44 साल के हुए धोनी : 'थाला' के शानदार करियर, उपलब्धियों और रिकॉर्ड्स पर डालें नजर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 'थाला', कैप्टन कूल नाम से जाने जाते महान विश्व कप विजेता कप्तान एमएस धोनी सोमवार को 44 साल के हो गए है। हाल ही में आईसीसी हॉल ऑफ फेमर में शामिल होने धोनी अपने शांत स्वभाव और अपनी सामरिक उत्कृष्टता के लिए जाने जाते हैं, ने 2004 में अपने अंतरराष्ट्रीय पदार्पण से लेकर अब तक इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में चेन्नई सुपर किंग्स के साथ अपने करियर के इन आखिरी कुछ वर्षों के दौरान अपनी अलग छाप छोड़ी है।

भारत के लिए 17,266 अंतरराष्ट्रीय रन, 829 आउट और विभिन्न प्रारूपों में 538 मैचों के साथ धोनी न केवल दुनिया के महानतम खिलाड़ियों में से एक हैं, बल्कि एक क्रांतिकारी भी हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम गिलक्रिस्ट के अलावा, वे पहले विकेटकीपर-बल्लेबाजों में से एक थे जिन्होंने दुनिया को दिखाया कि विकेटकीपर वास्तव में अच्छी बल्लेबाजी कर सकते हैं। ऐसे समय में जब विकेटकीपर से कैचिंग और स्टंपिंग की न्यूनतम आवश्यकता होती थी, धोनी ने शीर्ष क्रम के बल्लेबाजी दिग्गज की निरंतरता और भूख के साथ रन बनाते हुए सीमा को और आगे बढ़ाया। उन्होंने युवराज सिंह और सुरेश रैना के साथ एक मजबूत मध्य-क्रम बनाया।

### वनडे क्रिकेट

धोनी का सबसे मजबूत प्रारूप वनडे है। उन्होंने 350 वनडे में 50.57 की औसत से 10,773 रन बनाए। उन्होंने भारत के लिए 10 शतक और 73 अर्द्धशतक बनाए, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 183* रहा। वे वनडे में भारत के छठे सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं (सचिन तेंदुलकर 18,426 रन के साथ शीर्ष पर हैं)। तथ्य यह है कि वे निचले क्रम में आते हुए 50 से ज़्यादा की औसत से 10,000 से ज़्यादा रन बनाने में सफल रहे जिससे उनके आंकड़े और भी आश्चर्यजनक हो जाते हैं। उन्होंने 200 वनडे मैचों में भारत का नेतृत्व किया जिसमें 110 जीते और 74 हारे, पांच मैच बराबर रहे, जबकि 11 का कोई नतीजा नहीं निकला। उनकी जीत का प्रतिशत 55 है। धोनी ने कप्तान के तौर पर भारत के लिए ICC क्रिकेट विश्व कप 2011 और ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2013 जीती है।

### टी20 क्रिकेट

चेन्नई सुपर किंग्स के 'थाला' (नेता) के रूप में मशहूर धोनी ने भारत के लिए 98 टी20आई खेले जिसमें उन्होंने 37.60 की औसत और 126.13 के स्ट्राइक रेट से 1,617 रन बनाए। उन्होंने इस प्रारूप में दो अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 56 रहा है। वे भारत की आईसीसी टी20 विश्व विजेता 2007 विजेता टीम के विजयी कप्तान थे। 'माही' ने 72 टी20आई में भारत का नेतृत्व किया, जिसमें 41 जीते, 28 हारे, एक टाई रहा और दो असफल रहे। उनकी जीत का प्रतिशत 56.94 है।

### टेस्ट क्रिकेट

क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप टेस्ट के करियर की बात करें तो धोनी ने 90 मैच खेले, जिसमें उन्होंने 38.09 की औसत से 4,876 रन बनाए। उन्होंने छह शतक और 33 अर्धशतक बनाए, जिसमें 224 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर रहा। वह टेस्ट में भारत के लिए 14वें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। एक कप्तान के रूप में उन्होंने 60 टेस्ट मैचों में भारत का नेतृत्व किया, जिसमें से उन्होंने 27 मैच जीते, 18 हारे और 15 ड्रॉ रहे। 45.00 के जीत प्रतिशत के साथ वह सभी युगों में भारत के सबसे सफल कप्तानों में से एक हैं।

### टेस्ट रैंकिंग में भारत को बनाया नंबर 1

धोनी ने टीम इंडिया को ICC टेस्ट रैंकिंग में नंबर एक रैंकिंग पर पहुंचाया। वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में ऑस्ट्रेलिया को वाइटवॉश करने वाले एकमात्र भारतीय कप्तान भी हैं, उन्होंने ऐसा 2010-11 और 2012-13 सीरीज में किया था। धोनी फ्रैंचाइजी क्रिकेट में भी उतने ही प्रतिष्ठित हैं, जो आईपीएल इतिहास में छठे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जिन्होंने 278 मैचों में 38.30 की औसत से 5,439 रन बनाए हैं जिसमें 24 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका स्ट्राइक रेट 137 से अधिक है।

### 5 आईपीएल और दो चैंपियंस लीग टी20 खिताब

उन्होंने ष्टस्य के साथ 5 आईपीएल खिताब



और दो चैंपियंस लीग टी20 खिताब हासिल किए हैं जिससे यह फ्रैंचाइज़ी खेल की दुनिया में सबसे लोकप्रिय संस्थाओं में से एक बन गई है, जो काफी हद तक उनके अपने ब्रांड और नाम के आधार पर है। जब बल्लेबाजी के दिग्गज बल्लेबाजी के संभावित मौके के लिए तैयार होकर अपने ड्रेसिंग रूम के अंदर भी दिखाई देते हैं, तो भीड़ उनका अनुसरण करती है और विभिन्न फैन क्लब एक साथ 'धोनी' 'धोनी' का नारा लगाते हैं। जब धोनी 2004 में राष्ट्रीय टीम में शामिल हुए तो किसी ने भी कल्पना नहीं की थी कि 23 वर्षीय यह खिलाड़ी विकेटकीपर-बल्लेबाज के रूप में किन ऊंचाइयों को हासिल करेगा।

## रियाद से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट हुई डायवर्ट, वजह स्पष्ट नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। रियाद (सऊदी अरब) से दिल्ली आ रही एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-926 को अचानक जयपुर एयरपोर्ट पर डायवर्ट कर दिया गया। यह विमान रविवार शाम 5 बजे के बाद रियाद से रवाना हुआ था और इसका निर्धारित आगमन समय रात 1 बजे दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर था। हालांकि, दिल्ली पहुंचने से पहले ही विमान को जयपुर में उतार दिया गया। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, डायवर्जन की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। एअर इंडिया ने इस संबंध में अभी तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

**यात्रियों में असमंजस, एयरलाइन की चुप्पी**

फ्लाइट के डायवर्ट होने की सूचना मिलने के बाद यात्रियों और उनके परिजनों में चिंता फैल गई। दिल्ली एयरपोर्ट पर फ्लाइट का इंतजार कर रहे परिजन अचानक स्टेटस में बदलाव देखकर परेशान हो गए। सोशल मीडिया पर भी यात्रियों ने जानकारी न दिए जाने को लेकर नाराजगी जताई है। राहत की बात यह रही कि जयपुर में विमान की सुरक्षित लैंडिंग हो गई और सभी यात्री सुरक्षित बताए गए हैं।

## हरियाणा में महिला से चलती ट्रेन में गैंगरेप, फिर रेलवे ट्रैक पर फेंका, पैर कटा

पानीपत (एजेंसी)। हरियाणा के पानीपत रेलवे स्टेशन पर दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां दो युवकों ने एक 35 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया और फिर उसे जबरन ट्रेन में बैठाकर सोनीपत ले गए। वहां उन्होंने महिला को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया, जहां से गुजरती ट्रेन ने महिला का एक पैर काट दिया। घायल अवस्था में महिला को ट्रैक के पास पड़े देख स्थानीय लोगों ने जीआरपी को सूचना दी, जिसके बाद उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की जानकारी मिलने पर सोनीपत जीआरपी मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल महिला को पहले जिला नागरिक अस्पताल और फिर पीजीआई रोहतक रेफर किया गया। जहां उसका आपरेशन किया गया। पीड़िता ने डॉक्टरों को आपबीती सुनाई और मेडिकल जांच में दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। महिला पानीपत की रहने वाली है और 23 जून को संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई थी। उसके पति ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

## नवी मुंबई के एक गोदाम में लगी भीषण आग, कई वाहन जलकर हुए खाक

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नवी मुंबई के टुर्भे सेक्टर-20 स्थित एपीएमसी मार्केट के पास स्थित एक ट्रक पार्किंग क्षेत्र के गोदाम में देर रात भीषण आग लग गई। हादसे में कई वाहन जलकर खाक हो गए, जिससे भारी नुकसान की आशंका जताई जा रही है। आग लगने की घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। देर रात को ही आग बुझाने का ऑपरेशन शुरु कर दिया गया। धुआं और गर्मी की तीव्रता के कारण आग पर काबू पाने में खासी दिक्कतें आईं हैं।

**किसी के हताहत होने की सूचना नहीं**

प्रशासन के मुताबिक, अब तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, गोदाम में रखे इंधन, प्लास्टिक सामग्री और अन्य ज्वलनशील सामान के कारण आग तेजी से फैली। प्रशासन ने इलाके को घेरकर लोगों को दूर रहने की अपील की है।

## अचानक रुकी ट्रेन, यात्री पहुंचे गार्ड के डिब्ब में देखा तो सभी बेसुध मिले

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली से सहारनपुर के बीच में चलने वाली पैसेंजर ट्रेन अपने गंतव्य को जा रही थी। दिल्ली से ठीकठाक चली। सभी निर्धारित स्टेशनों पर रुकते हुए चल रही थी। ट्रेन में ज्यादातर डेली पैसेंजर सवार थे। इन पैसेंजरों का पता होता कि ट्रेन किस समय कौन से स्टेशन पर पहुंचेगी और कहां पर कितनी देर ठहराव होगा?

इस दौरान बागपत के अलावलपुर हॉल्ट में ट्रेन रुक गयी। यात्री को लगा कि कोई दूसरी ट्रेन का पास (पहले गुजारना) होगा, इसलिए रुकी होगी, लेकिन काफी देर तक कोई ट्रेन दोनों ओर से नहीं आयी। कुछ यात्री उतरकर नीचे आ गए। इस कुछेक यात्रियों की नजर गार्ड के डिब्बे में पड़ी। उसमें किसी तरह की हलचल नहीं हो रही थी। क्योंकि जब ट्रेन बीच में या किसी हॉल्ट में खड़ी हो जाती है, गार्ड ट्रेन डिब्बे से लटककर आगे की ओर नजर दौड़ता है। लेकिन गार्ड नहीं दिख रहा था। यात्रियों को पहले लगा कि हो सकता है कि गार्ड कोई काम कर रहा होगा, लेकिन ज्यादा देर तक दिखा तो यात्रियों को शक हुआ। कुछ यात्री भागकर गार्ड डिब्बे की ओर गए। पहले नीचे से आवाज दी लेकिन कोई जवाब नहीं आया तो ऊपर चढ़ अंदर चले गए। अंदर का सीन देखकर यात्री हैरान हो गए। ट्रेन के गार्ड नशे में धुत पड़े हुए थे। उनको होश नहीं था। लोगों ने झट से इसका वीडियो बनाया। वीडियो में एक बोतल भी दिखाई गयी है, जो शराब की बताई जा रही है। इस वजह से ट्रेन करीब 40 मिनट तक खड़ी रही। इसके बाद ट्रेन आगे की ओर रवाना हुई।

## मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन के 3 उग्रवादी गिरफ्तार, दो किशोर भी हिरासत में

इंफाल (एजेंसी)। मणिपुर के इंफाल पूर्व जिले में सुरक्षा बलों ने तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है जबकि दो किशोरों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिबंधित 'पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक' (पीआरईपीएके) के तीन सक्रिय कार्यकर्ताओं को रविवार को केइराओ खुनोऊ क्षेत्र से पकड़ा गया, जिनमें से दो किशोर हैं जिनके खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की गई है।

# 26 को मालदीव जा सकते हैं पीएम मोदी, स्वतंत्रता दिवस समारोह के बनेंगे मुख्य अतिथि

### –मुइज्जू ने पिछले साल प्रधानमंत्री को इस अवसर के लिए किया था आमंत्रित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी 26 जुलाई को मालदीव जा सकते हैं। यह नवंबर 2023 में राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के पदभार संभालने के बाद से मालदीव की उनकी पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी के मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना है। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने पिछले साल 2024 में पीएम मोदी को इस अवसर के लिए आमंत्रित किया था, जिसे हाल ही में मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला खलील ने अपनी भारत यात्रा के दौरान दोहराया।

यह संभावित यात्रा भारत और मालदीव के बीच संबंधों को मजबूत करने की दिशा में एक अहम कदम साबित होगी। बता दें मुइज्जू की इंडिया आउट नीति और भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी की मांग के कारण मालदीव और भारत के बीच कुछ समय तक तनाव रहा था। हालांकि हाल के महीनों में मालदीव ने भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर करने की दिशा में कई कदम उठाए हैं। मुइज्जू ने पिछले साल अक्टूबर में भारत की यात्रा की थी, जहां दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी में बदलने पर सहमति जताई थी।

भारत ने मालदीव की वित्तीय चुनौतियों से निपटने के लिए 30 बिलियन रुपए और 400 मिलियन डॉलर की द्विपक्षीय मुद्रा स्वैप समझौते के तहत सहायता प्रदान करने का भी फैसला लिया था। मालदीव हर साल 26 जुलाई को अपना स्वतंत्रता दिवस मनाता है, जो 1965 में ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता प्राप्त करने की याद दिलाता है। इस दिन रंगारंग परेड, राष्ट्रीय कैडेट कोर और राष्ट्रीय सुरक्षा सेवा की प्रस्तुतियां, स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रदर्शन और झंडा फहराया जाता है। यह आयोजन मालदीव की राजधानी माले में होता है।

2025 में यह मालदीव का 60वां स्वतंत्रता दिवस होगा, जिसे और भी खास बनाने के लिए भारत के पीएम मोदी की उपस्थिति को अहम माना जा रहा है। बता दें कि 2025 में भारत और मालदीव के राजनयिक संबंधों की भी 60वीं वर्षगांठ है। मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का एक अहम रणनीतिक साझेदार है। इस संभावित यात्रा के दौरान पीएम मोदी भारत द्वारा समर्थित परियोजनाओं का उद्घाटन कर सकते हैं, जिसमें ग्रेटर माले कनेक्टिविटी परियोजना शामिल है। यह परियोजना माले को विलिंगिली, गुल्हीफाल्हु और थिलाफुशी से जोड़ने वाली भारत द्वारा वित्त पोषित एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना है। भारत ने इस परियोजना के लिए 400 मिलियन डॉलर की लाइन ऑफ क्रेडिट और 100 मिलियन डॉलर का अनुदान प्रदान किया है।

बता दें मालदीव के विदेश मंत्री खलील इस साल तीन बार भारत आए, जो दोनों देशों के



बीच संबंधों को मजबूत करने की मालदीव की मंशा को दर्शाता है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भी खलील के साथ मुलाकात के दौरान भारत की मालदीव के विकास और प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई थी। यह यात्रा यदि होती है, तो मुइज्जू के कार्यकाल में पीएम मोदी की मालदीव की पहली यात्रा होगी।

## ब्रिटिश के फाइटर प्लेन को ठीक करने 24 इंजीनियरों की टीम पहुंची तिरुवनंतपुरम

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर तकनीकी खराबी के कारण लगभग एक महीने से फंसा ब्रिटिश रॉयल नेवी का एफ-35 लड़ाकू विमान आखिरकार मरम्मत के लिए 24 इंजीनियरों की एक टीम तिरुवनंतपुरम पहुंची है। बता दें कि तकनीकी खराबी के कारण 14 जून को तिरुवनंतपुरम के एयरपोर्ट पर इसे उतारा गया था।

यह टीम विमान में आई खराबी का पता लगाएगी। इसके बाद मरम्मत का काम शुरू होगा। विमान की कीमत लगभग 11 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। ब्रिटिश उच्चायोग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इंजीनियरों की टीम तिरुवनंतपुरम हवाई अड्डे पर पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि रिटेन की एक इंजीनियरिंग टीम को एफ-35बी विमान का आकलन और मरम्मत करने के लिए तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भेजा गया है। प्रवक्ता ने यह भी बताया कि ब्रिटेन ने हवाई अड्डे के रखरखाव मरम्मत और ओवरहाल (एमआरओ) केंद्र में विमान को ले जाने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। इस बारे में भारतीय अधिकारियों के साथ बातचीत चल रही है। रविवार को ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स एयरबस ए400एम एटलस एफ-35 लड़ाकू विमान का आकलन करने के लिए तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर तकनीकी विशेषज्ञों की एक टीम को लेकर पहुंचा। कुछ समय पहले उसने तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट से उड़ान भरीद्ध जबकि टीम को यहीं छोड़ दिया। हवाई अड्डा सूत्रों ने बताया कि लड़ाकू विमान को एमआरओ में ले जाया गया है। ब्रिटिश उच्चायोग ने भारतीय अधिकारियों और हवाई अड्डा टीम को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन भारतीय अधिकारियों और हवाईअड्डा टीम के निरंतर समर्थन और सहयोग के लिए बहुत आभारी है।

## पुणे स्टेशन पर महात्मा गांधी की प्रतिमा पर कुल्हाड़ी से हमला, आरोपी गिरफ्तार

### –कांग्रेस ने जताया विरोध, शहर में आक्रोश का माहौल

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे शहर के मुख्य रेलवे स्टेशन के सामने स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर रविवार मध्य रात्रि एक व्यक्ति द्वारा कुल्हाड़ी जैसे धारदार हथियार से हमला किए जाने की घटना से हड़कंप मच गया। आरोपी की पहचान सूरज शुक्ला, निवासी वाराणसी, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है, जो पिछले डेढ़ महीने से पुणे में रह रहा था और रुद्राक्ष की माला बेचकर जीविकोपार्जन कर रहा था।

पुलिस के अनुसार, घटना के समय आरोपी के हाथ में एक कुल्हाड़ी जैसी कोई चीज थी, जिससे उसने प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सूरज शुक्ला अचानक प्रतिमा वाले चबूतरे पर चढ़ गया और उसे क्षतिग्रस्त करने लगा। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस मामले पर पुणे पुलिस उपायुक्त (जोन-2) मिलिंद मोहिते का कहना था कि शुरुआती जांच में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि आरोपी की मानसिक स्थिति सामान्य नहीं है। हालांकि, उसने जानबूझकर प्रतिमा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की है।



पुलिस अब आरोपी की मानसिक स्थिति की जांच के लिए मेडिकल परीक्षण कराने की प्रक्रिया में है।

पुलिस ने सूरज शुक्ला के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कुल्हाड़ी जब्त कर ली गई है और उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं, शहर में सामाजिक संगठनों और गांधीवादी विचारधारा से जुड़े लोगों में रोष है और उन्होंने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। महात्मा गांधी की प्रतिमा पर किए गए हमले की कांग्रेस पार्टी ने कड़ी निंदा की है। पुणे कांग्रेस के अध्यक्ष अरविंद शिंदे ने कहा कि यह हमला राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सम्मान और मूल्यों पर सीधा हमला है।

# भारी बारिश के अलर्ट के चलते कई राज्यों में स्कूल-कॉलेज की छुट्टी घोषित

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सोमवार को भारी बारिश से मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और महाराष्ट्र के कई जिलों में स्कूल बंद कर दिए गए हैं। पहले कंफ्यूजन था कि मोहर्रम की छुट्टी 7 जुलाई को मिलेगी या नहीं। भारतीय मौसम विभाग ने 6 से 12 जुलाई तक कई राज्यों में बहुत भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है, जिसके चलते स्थानीय प्रशासन ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर दी है।

दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, यूपी, झारखंड, छत्तीसगढ़, हिमाचल प्रदेश, केरल, कर्नाटक और महाराष्ट्र समेत कई राज्यों में सुबह से ही तेज बारिश हो रही है। तापमान में गिरावट के साथ ही कुछ घंटों की बारिश ने जलभराव की समस्या बढ़ा दी है। ऐसे में बच्चों के लिए स्कूल पहुंच पाना एक बड़ी समस्या है। दिल्ली-एनसीआर में भारी बारिश के चलते स्कूल खुले। कुछ इलाकों में मुहर्रम के चलते आज भी छुट्टी घोषित कर दी गई थी।

कर्नाटक के कोडागु (कूर्ग) जिले में तेज बारिश के कारण सोमवार को सभी स्कूलों और कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। कर्नाटक के अन्य क्षेत्रों में विशेष रूप



से दक्षिण कर्नाटक में 6 और 9-12 जुलाई के बीच भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जिसके चलते स्थानीय प्रशासन ने स्कूल बंद करने का फैसला लिया है। वहीं छत्तीसगढ़ के जगदलपुर में भारी बारिश के चलते सोमवार को स्कूल बंद किए गए हैं। आईएमडी ने 6-7 जुलाई को छत्तीसगढ़ में बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है, जिसके कारण अन्य जिलों में भी स्कूल बंद हो सकते हैं। पूर्वी राजस्थान के जयपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर, उदयपुर 7-9 जुलाई को अत्यधिक भारी बारिश की संभावना जताई है। सवाई माधोपुर, करौली, भरतपुर और दौसा जैसे कुछ जिलों में पहले भी बारिश के कारण स्कूल बंद किए गए हैं। पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, बीकानेर में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा में 6-12 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। हिमाचल प्रदेश में पिछले कई दिनों से बाढ़, लैंडस्लाइड और बादल फटने की स्थिति बनी हुई है। कई जिलों में पिछले कुछ दिनों से स्कूल बंद हैं।

सोमवार को महाराष्ट्र में बारिश के कारण स्कूल बंद करने का आदेश दिया गया है। आईएमडी ने महाराष्ट्र के कई हिस्सों, विशेष रूप से मध्य महाराष्ट्र, कोंकण और विदर्भ क्षेत्रों में 6-12 जुलाई तक बहुत भारी बारिश की चेतावनी दी है। महाराष्ट्र के पालघर में भारी बारिश के चलते स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। पालघर की जिला कलेक्टर ने आपदा प्रबंधन के तहत सोमवार को जिले के सभी स्कूलों, कॉलेजों, कोचिंग सेंटर्स और अन्य शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी घोषित की है।

बता दें स्कूलों को बंद करने का फैसला स्टूडेंट्स की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। भारी बारिश के कारण पानी भरने, लैंडस्लाइड और ट्रैफिक्र बाधित होने की आशंका रहती है। शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों को स्कूलों में उपस्थित रहने के लिए कहा है। इससे आपदा प्रबंधन में सहायता प्रदान की जा सके। रहवासियों को सतर्क रहने, बहते पानी से दूर रहने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। मौसम की स्थिति के आधार पर 8 जुलाई को भी स्कूल बंद किए जा सकते हैं।

# संदेशखाली हिंसा: शाहजहां शेख ही निकला मास्टरमाइंड, सीबीआई ने दर्ज किया केस

**कोलकाता (एजेंसी)।** लगभग 6 साल पहले पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में हुई हिंसा के मामले की जांच सीबीआई कर रही है। जांच एजेंसी ने टीएमसी के बाहुबली नेता शाहजहां शेख समेत 25 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। कोलकाता हाईकोर्ट के निर्देश पर यह मामला सीबीआई को सौंपा गया था। कोर्ट ने राज्य पुलिस पर गंभीर लापरवाही के आरोप लगाया था। जांच ऐजेंसी के दर्ज एफआईआर में हत्या, अपहरण, दंगा फैलाने और सबूत मिटाने जैसी धाराएं शामिल की गई हैं।

कोलकाता हाईकोर्ट के जस्टिस जॉय सेनगुप्ता ने केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को जांच सौंपी। उन्होंने मामले की अत्यंत गंभीरता से जांच करने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने का आदेश दिया। अदालत ने कहा कि जांच की निगरानी एक संयुक्त निदेशक द्वारा की जानी चाहिए। जस्टिस सेनगुप्ता ने जांच सीबीआई को सौंपते हुए कहा, मौजूदा मामले में भी, जिसमें और भी गंभीर आरोप हैं। मुझे लगता है कि पुलिस अलग-अलग चरणों में मुख्य आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने में विफल रही, जिससे



न्याय की घोर विफलता हुई। इसलिए, जांच की बागडोर फिर से उन्हें सौंपना न्याय के हित में नहीं होगा।

देवदास मंडल समेत भाजपा 3 कार्यकर्ताओं प्रदीप मंडल और सुकांत मंडल का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पश्चिम बंगाल पुलिस ने शाहजहां शेख का नाम पहले आरोपियों की सूची से हटा दिया था, जिस पर अदालत ने सख्त नाराजगी जताई थी। हाईकोर्ट ने इसे न्याय के साथ खिलवाड़ बताते हुए सीबीआई को जांच सौंपने का आदेश दिया। अब सीबीआई ने शाहजहां शेख को मुख्य आरोपी मानते हुए मामले की तह तक जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रदीप मंडल, देवदास मंडल और सुकांत मंडल संदेशखली में अपने गांव पर कथित हमले के बाद मृत पाए गए थे। कथित तौर पर इस भीड़ का नेतृत्व शेख ने किया था। शुरुआत में पश्चिम बंगाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही थी, लेकिन बाद में पीड़ितों के परिवार ने सीबीआई जांच की मांग करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया।

# बंधन लाइफ ने लॉन्च किया 'आईइन्कम वेल्थ' महिलाओं को मिलेगा 1.5% अतिरिक्त लाभ

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** जब परिवार की जिम्मेदारी कंधों पर हो, तब आमदनी का भरोसेमंद जरिया और भविष्य की सुरक्षा, दोनों साथ चाहिए। लेकिन, अक्सर बीमा प्लान सिर्फ दूर की योजनाओं तक ही सीमित लगते हैं। ऐसे में, बंधन लाइफ इंश्योरेंस का नया प्लान 'आईइन्कम वेल्थ' राहत की साँस जैसा है, जो पॉलिसी लेने के महज 7 दिन के भीतर आमदनी देना शुरू कर देता है, वह भी 100 साल तक के लाइफ कवर के साथ। बंधन लाइफ के एमडी और सीईओ सतीश्वर बी. ने कहा, हम चाहते हैं कि लोग सिर्फ भविष्य की चिंता न करें, बल्कि आज भी आत्मनिर्भर महसूस करें। यह प्लान उन्हीं लोगों के लिए है, जो सुरक्षा और आमदनी, दोनों एक साथ चाहते हैं। यह प्लान उन परिवारों



के लिए खास है, जो मासिक खर्चों में राहत चाहते हैं और साथ ही जीवन भर की सुरक्षा भी। इसमें हर साल गारंटीड इनकम मिलती है और साथ में संभावित कैश बोनस भी। यदि पॉलिसीधारक को कुछ हो जाए, तो 'सिक्योर पॉलिसी बेनिफिट' के तहत परिवार को एकमुश्त रकम मिलती है और आगे प्रीमियम दिए बिना सभी फायदे जारी रहते हैं। खास बात यह है कि परिवार को कम से कम 105% प्रीमियम वापस मिलते हैं। महिलाओं को इसमें 1.5% अतिरिक्त आय मिलती है, जिससे वे खुद को और अपने परिवार को आर्थिक रूप से और मजबूत बना सकें। और तो और, सिर्फ 3 महीने की उम्र से ये पॉलिसी ली जा सकती है, यानि बच्चों के भविष्य के लिए बचत की शुरूआत भी जल्द की जा सकती है।

# भारत का पाकिस्तान नहीं असली दुश्मन चीन, 10 अलग-अलग मोर्चों पर दे रहा चुनौती

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव जगजाहिर है, लेकिन भारत का असली दुश्मन चीन है, जो लगातार 10 अलग-अलग मोर्चों पर भारत को चुनौती दे रहा है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के दौरान डिप्टी आर्मी चीफ लेफ्टिनेंट जनरल राहुल आर सिंह ने खुलासा किया कि पाकिस्तान सिर्फ एक मोहरा है, जबकि असली खेल चीन खेल रहा है। जनरल सिंह ने स्पष्ट किया कि यदि चीन ने सहायता नहीं की होती तब पाकिस्तान भारत के सामने एक दिन भी नहीं टिक पाता। लेकिन चीन पाकिस्तान को मदद कर रहा हैं,जबकि भारत को लगातार परेशान कर रहा है।

अब भारतीय सेना ने चीनी मूल के कलपुर्जों के इस्तेमाल पर कड़ा रुख अपनाया है। आर्मी डिज़ाइन ब्यूरो के एडीजी मेजर जनरल सीएस मान ने साफ किया कि भविष्य में किसी भी सैन्य प्रणाली, खासकर ड्रोन सिस्टम में चीनी पुर्जों का इस्तेमाल नहीं होगा। यह कदम भारत की आंतरिक सुरक्षा में चीन की दखलअंदाजी को खत्म करने की दिशा में उठाया गया है।

वहीं चीन केवल सीमाओं पर ही नहीं, बल्कि कूटनीतिक मोर्चों पर भी भारत को घेरने में लगा हुआ है। बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस के सत्ता में आने के बाद चीन ने ढाका में अपना प्रभाव बढ़ाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, यूनुस ने सिलीगुड़ी कॉरिडोर के पास एक पुराने एयरबेस को चीन को सौंपने की मंशा जाहिर की है, इससे भारत की पूर्वी सुरक्षा को खतरा हो सकता है। इस लेकर सरकार को सेना पूरी तरह से सतर्क हो गए है। 3,488 किलोमीटर लंबी भारत-चीन सीमा पर, खासकर लद्दाख, उत्तराखंड, सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में, अक्सर चीन के साथ तनाव देखा जाता है। चीन न केवल सैन्य तनाव पैदा करता है, बल्कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध निर्माण कर भारत की सुरक्षा को चुनौती दे रहा है। नेपाल और भूटान जैसे भारत के मित्र देशों की सीमाओं पर भी ड्रैगन की बुरी नजर है। चीन हमेशा भारत के पड़ोसी मुल्कों को धमकाता रहता है।

हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी में भी चीन अपनी उपस्थिति बढ़ा रहा है। चीन का जहाज शियांग यांग होंग 03 भारत के समुद्री परीक्षण क्षेत्रों के आसपास मंडरा रहा था। इसके अलावा, दक्षिण चीन सागर में सैन्य निर्माण कर चीन क्षेत्रीय वर्चस्व स्थापित करना चाहता है, जिससे भारत के रणनीतिक हित प्रभावित हो सकते हैं।

इतना ही नहीं भारत और चीन के बीच बढ़ता व्यापार घाटा भी चिंता का विषय है। वित्त वर्ष 2024-25 में यह घाटा 99 अरब डॉलर तक पहुंच गया। भारत में चीनी उत्पादों की घटिया गुणवत्ता और उससे एमएसएमई को हो रहे नुकसान पर भी गंभीर चिंता जाहिर की गई है। सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार, सस्ते चीनी सामान से देश की साइबर और डेटा सुरक्षा को भी खतरा हो सकता है।



नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**